स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत


लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, शुक्रवार
11 जुलाई, 2025
श्रावण मास कृष्ण पक्ष 1
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक - 319 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

लॉर्ड्स में सचिन तेंदुलकर का सम्मान, बेल रिंग सेरेमनी में शामिल हुए दिग्गज



## यूपी : परिसीमन पूरा, 512 ग्राम पंचायतें समाप्त

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश में आगामी ग्रामीण स्थानीय निकाय चुनावों के लिए पंचायतों का परिसीमन पूरा हो गया है और 512 ग्राम पंचायतें समाप्त कर दी गई हैं जबकि 11 नई ग्राम पंचायतें बनाई गई हैं। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि समाप्त की

■ 11 नई ग्राम पंचायतें बनाई गईं


गई ग्राम पंचायतों में सबसे अधिक संख्या देवरिया, आजमगढ़ और प्रतापगढ़ जिलों की है।

2021 के पंचायत चुनावों में 58,195 ग्राम प्रधान चुने गए थे, लेकिन राज्य में अगले पंचायत चुनावों में यह संख्या घटकर 57,694 ग्राम प्रधान रह गई है। उन्होंने बताया कि राज्य में अगले साल अप्रैल-मई में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की तैयारियाँ ग्राम पंचायतों के परिसीमन के साथ शुरू हो गई हैं। लेकिन पंचायती राज विभाग सीटों का आरक्षण तय नहीं करेगा।

प्रदेश सरकार ने अगले साल मई में होने वाले ग्राम पंचायत चुनावों के लिए एक शासनादेश (जीओ) जारी कर ग्राम पंचायतों के



परिसीमन को अनिवार्य बना दिया है। नगरीय क्षेत्र के विस्तार के कारण देवरिया में 64, आजमगढ़ में 49 और प्रतापगढ़ में 46 ग्राम पंचायतें समाप्त कर दी गई हैं। इसके अलावा, अलीगढ़ में 16, अंबेडकरनगर में 3, अमरोहा में 21 और अयोध्या ज़िलों में 22 ग्राम पंचायतें समाप्त हो गई हैं। बहराइच में कुल चार ग्राम पंचायतें समाप्त हो गई हैं, जबकि ज़िले में दो नए राजस्व गाँव बनाए गए हैं। बलरामपुर और बाराबंकी में 7-7, बरेली और बुलंदशहर में 5-5, चित्रकूट में 3, एटा में 6, इटावा में 2, फर्रुखाबाद में 14, फतेहपुर में 19, गौतमबुद्धनगर में 6, गाजियाबाद में 19, गोंडा और गोरखपुर में 22-22, हरदोई में 14, हाथरस में एक, जौनपुर में 6, खीरी में एक, कुशीनगर में 23, लखनऊ में 3, मथुरा में 9, मऊ में 26, मुजफ्फरनगर में 11, रायबरेली में 8, संतकबीरनगर में 24, शाहजहांपुर में एक, सीतापुर में 11, सोनभद्र में 8-8 और उन्नाव जिले में 4 नई ग्राम पंचायतें समाप्त कर दी गईं। हालांकि, बस्ती में अदालत के आदेश से दो नई ग्राम पंचायतें बनाई गई हैं। ये क्षेत्र 2021 के चुनाव में शहर में शामिल किए गए थे। इसके साथ ही, आजमगढ़, बाराबंकी, फतेहपुर, गोरखपुर, हरदोई, प्रतापगढ़ और उन्नाव में एक-एक नई ग्राम पंचायत का गठन किया गया है। 2021 में हुए पिछले पंचायत चुनावों के बाद से सैकड़ों गाँवों के नगर पंचायतों, नगर पालिका परिषदों और नगर निगमों जैसे शहरी स्थानीय निकायों में विलय के कारण यह प्रक्रिया आवश्यक हो गई है।




### ओली पोप अर्धशतक से चूके

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जा रहा है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी है। पहले दिन का आखिरी सेशन जारी है। ओली पोप (44 रन) को रवींद्र जडेजा ने तीसरे सेशन की पहली बॉल पर आउट किया। दिन का दूसरा सेशन विकेट रहित रहा। लंच से पहले जैक क्रॉली 18 और बेन डकेट 23 रन बनाकर आउट हुए। दोनों को नीतीश कुमार रेड्?डी ने ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया। मैच का स्कोरबोर्ड लॉर्ड्स टेस्ट के पहले दिन ड्यूक की बॉल 43 ओवर में खराब हो गई। गेज टेस्ट में फेल होने के बाद फील्ड अंपायर्स ने इसे बदल दिया। इस मैच से पहले भारतीय टीम के उप कप्तान ऋषभ पंत, इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स और भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने गेंद की क्वालिटी पर सवाल उठाया था। खबर लिखे जाने तक इंग्लैंड ने पहली पारी में तीन विकेट पर 156 रन बना लिए हैं। जो रूट और हैरी ब्रूक क्रीज पर हैं। रूट फिफ्टी बना चुके हैं।

## कनाडा में कपिल शर्मा के कैफे पर गोलीबारी

**नई दिल्ली।** कॉमेडी किंग के नाम से मशहूर कपिल शर्मा ने तीन दिन पहले ही कनाडा में अपना नया कैफे 'कैप्स कैफे' खोला था। लेकिन अब खबर आ रही है कि कपिल के इस कैफे पर बुधवार रात को गोलीबारी हुई है।




मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कैफे

■ हमलावर ने कई राउंड फायर किए, तीन दिन पहले ही खुला था

पर कई राउंड गोलीबारी की गई। हालांकि अभी तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। कपिल के कैफे पर गोलीबारी करते वक्त हमलावर ने इसका एक वीडियो भी बनाया, जो सोशल मीडिया पर वायरल है। इसमें हमलावर कैफे के बाहर एक कार में बैठा लगातार फायरिंग करता नजर आ रहा है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि इस हमले की जिम्मेदारी एनआईए की सूची में शामिल भारत के सबसे वांछित आतंकवादियों में से एक हरजीत सिंह लाडी ने ली है। हरजीत, बब्बर खालसा इंटरनेशनल से भी जुड़ा हुआ है। ये हमला कथित तौर पर कपिल की टिप्पणियों पर नाराजगी के चलते किया गया है। हाल ही में कपिल शर्मा ने यह कैफे खोला था। कनाडा में रह रहे भारतीयों के बीच यह काफी पसंद भी किया गया।

## राम के विरोधी की दुर्गति तो होनी ही है : योगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान परिणामोन्मुखी और जन-केंद्रित शिकायत निवारण के महत्व को रेखांकित किया। इसके साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी को अपने निशाने पर लिया। योगी ने कहा कि

■ कहा भारत का एक ही धर्म है सनातन धर्म

राममनोहर लोहिया ने रामायण मेला शुरू किया था पर आज की समाजवादी पार्टी राम भक्तों पर गोली चलवाती है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि लोहिया के चेले राम को नहीं मानते। जो प्रभु श्री राम का विरोधी है, उसकी तो दुर्गति हमेशा होनी ही होनी है...। भारत का एक ही धर्म है सनातन धर्म। वहीं, मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन कार्यक्रम की, जहां उन्होंने लगभग 200 लोगों से मुलाकात की और उनकी शिकायतें सुनीं। महिलाओं सहित कई लोगों ने भूमि विवाद और अवैध अतिक्रमण से संबंधित मुद्दे उठाए।

मुख्यमंत्री ने इसे गंभीरता से लिया और अधिकारियों को त्वरित व सख्त कार्रवाई करने



के निर्देश दिए। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि समाधान शीघ्र और प्रभावी होने चाहिए। गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए वित्तीय सहायता चाहने वालों को, आदित्यनाथ ने आश्वासन दिया कि धन की कमी किसी की भी चिकित्सा सेवा में बाधा नहीं बनेगी। उन्होंने प्रशासन को संबंधित रोगियों के लिए लागत अनुमान तैयार करने और उसे तुरंत सरकार को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए ताकि बिना किसी देरी के धनराशि जारी की जा सके। मुख्यमंत्री ने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने करने की आवश्यकता नहीं है और सभी की समस्या का समाधान हर हाल में किया जाएगा। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थीं और उनकी शिकायत थी कि उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है।

## 'सत्ता में कोई साझेदारी नहीं, मैं ही सीएम रहूंगा'

■ नेतृत्व विवाद के बीच फिर सिद्धारमैया का दावा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक नेतृत्व को लेकर ऊहापोह की स्थिति के बीच मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा है कि वह पूरे पांच साल का कार्यकाल पूरा करेंगे और उन्होंने दावा किया कि उनके और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच सत्ता में साझेदारी का कोई समझौता नहीं हुआ है। गौरतलब है कि सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार, दोनों ही नेता दिल्ली में हैं, जहां वे राहुल गांधी समेत कई नेताओं से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के दिल्ली में होने के बाद कर्नाटक में फिर से नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा शुरू हो गई। गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए सीएम सिद्धारमैया ने स्वीकार किया कि शिवकुमार भी मुख्यमंत्री पद चाहते हैं और इसमें कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन शिवकुमार ने खुद स्पष्ट किया है कि सीएम का पद फिलहाल खाली नहीं है। सिद्धारमैया ने कहा, शिवकुमार ने कभी यह नहीं कहा कि मुख्यमंत्री को बदला जाना चाहिए। मैं पूरे कार्यकाल के लिए सीएम हूं। मैं 2028 के विधानसभा चुनावों में भी पार्टी का नेतृत्व करूंगा।



## बिहार मतदाता सूची संशोधन पर 'सुप्रीम' आदेश

**नई दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। लंबी बहस के बाद सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिए कि वह पुनरीक्षण के लिए जरूरी दस्तावेजों में आधार कार्ड,

■ आधार, राशन और वोटर कार्ड शामिल करने पर विचार करे चुनाव आयोग

राशन कार्ड और वोटर कार्ड को शामिल करने पर विचार करे। साथ ही तीन मुद्दों पर जवाब दाखिल करे। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को नोटिस जारी करते हुए सुनवाई की अगली तारीख 28 जुलाई तय की है। सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर रोक नहीं लगाई है, क्योंकि याचिकाकर्ताओं ने अंतरिम रोक की मांग नहीं की है। जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाला बागची की पीठ ने कहा कि हम सांविधानिक संस्था को वह करने से नहीं रोक सकते जो उसे करना



चाहिए। कोर्ट ने चुनाव आयोग को अपना हलफनामा दायर करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। वहीं याचिकाकर्ताओं को उसके एक सप्ताह बाद जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग से तीन मुद्दों पर जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के वकील से कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि अदालत के समक्ष जो मुद्दा है वह लोकतंत्र की जड़ और मतदान के अधिकार से जुड़ा है। याचिकाकर्ता न केवल चुनाव आयोग के मतदान कराने के अधिकार को चुनौती दे रहे हैं, बल्कि इसकी प्रक्रिया और समय को भी चुनौती दे रहे हैं। इन तीन मुद्दों पर जवाब देने की जरूरत है। इससे पहले सुनवाई के दौरान जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने चुनाव आयोग के वकील से कहा कि आप इस प्रक्रिया को नवंबर में होने वाले चुनाव से क्यों जोड़ रहे हैं? यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो पूरे देश के चुनाव से स्वतंत्र हो सकती है। इस पर चुनाव आयोग के वकील ने कहा कि प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि सुनवाई का अवसर दिए बिना किसी को भी मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा। चुनाव आयोग के वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि चुनाव आयोग एक सांविधानिक संस्था है जिसका मतदाताओं से सीधा संबंध है और अगर मतदाता ही नहीं होंगे तो हमारा अस्तित्व ही नहीं है। आयोग किसी को भी मतदाता सूची से बाहर करने का न तो इरादा रखता है और न ही कर सकता है, जब तक कि आयोग को क़ानून के प्रावधानों द्वारा ऐसा करने के लिए बाध्य न किया जाए। हम धर्म, जाति आदि के आधार पर भेदभाव नहीं कर सकते।

## ऐक्शन : ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में ईडी सख्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कुछ ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्मों के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत बड़ी कार्रवाई की है। तेलंगाना में विजय देवरकोंडा, राणा दग्गुबाती और प्रकाश राज जैसे अभिनेताओं के अलावा कुछ सोशल मीडिया इनफ्लूएंसर्स व यूट्यूबर्स

■ विजय देवरकोंडा व प्रकाश राज समेत 29 अभिनेताओं-यूट्यूबर्स पर केस

सहित दो दर्जन से अधिक लोगों भूमिका की पड़ताल के लिए धन शोधन का मामला दर्ज किया गया है। सूत्रों ने बताया कि इन दुकानों पर अवैध सट्टेबाजी और जुए के जरिए करोड़ों रुपये की अवैध धनराशि अर्जित करने का आरोप है। उन्होंने बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज करने के लिए पांच राज्य पुलिस प्राथमिकियों का संज्ञान लिया है।

ईडी मामले में देवरकोंडा, दग्गुबाती, मांचू लक्ष्मी, राज, निधि अग्रवाल, प्रणिता सुभाष, अनन्या नागल्ला, टीवी होस्ट श्रीमुखी के अलावा स्थानीय सोशल मीडिया प्रभावितों और यूट्यूबर्स सहित लगभग 29 हस्तियों पर मामला दर्ज किया गया है। सूत्रों ने बताया कि इन हस्तियों पर सेलिब्रिटी या विज्ञापन शुल्क प्राप्त करने के बदले जंगली रम्मी, जीतविन, लोटस 365 आदि जैसे ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स का समर्थन करने का संदेह है। सूत्रों ने बताया कि इनमें से कुछ जाने-माने व्यक्तियों ने पहले कहा था कि उन्हें उनके द्वारा पेश किए गए ऐप्स और उत्पादों की सटीक कार्यप्रणाली की जानकारी नहीं थी और उन्होंने दावा किया कि उन्होंने सट्टेबाजी जैसी किसी भी गलत गतिविधि या अवैध गतिविधि के लिए इन प्लेटफार्मों के साथ खुद को नहीं जोड़ा। ईडी द्वारा आने वाले दिनों में उनके बयान दर्ज किए जाने की उम्मीद है, साथ ही वह और अधिक एफआईआर एकत्र कर रहा है और उन अधिक शिकायतकर्ताओं की तलाश कर रहा है, जिन्हें इन सट्टेबाजी प्लेटफार्मों द्वारा ठगा गया था।

## शशि थरूर ने अब आपातकाल पर कांग्रेस को घेरा

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक बार फिर अपनी ही पार्टी के खिलाफ खड़े हुए हैं। इस बार उन्होंने कांग्रेस को आपातकाल को लेकर घेरा है। उन्होंने कहा कि आपातकाल में अनुशासन और

■ कहा- अनुशासन और व्यवस्था के नाम पर की गई क्रूरता

व्यवस्था के नाम पर क्रूरता की गई। आपातकाल को भारत के इतिहास का महज काला अध्याय नहीं मानना चाहिए, बल्कि इसके सबक को पूरी तरह से समझना जरूरी है। उन्होंने आपातकाल में इंदिरा गांधी और संजय गांधी के कामों को लेकर सवाल उठाए।

एक मलयालम अखबार में प्रकाशित लेख में कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने 25 जून 1975 और 21 मार्च 1977 के बीच प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा घोषित आपातकाल के काले युग को याद किया। उन्होंने कहा कि अनुशासन और व्यवस्था के लिए किए गए प्रयास क्रूरता में बदल दिए गए। जिन्हें उचित नहीं ठहराया जा सकता।



कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य शशि थरूर ने कहा कि इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी ने जबरन नसबंदी अभियान चलाया। यह आपातकाल का गलत उदाहरण बना। ग्रामीण इलाकों में मनमाने लक्ष्यों को पूरा करने के लिए हिंसा और जबरदस्ती की गई। नई दिल्ली जैसे शहरों में झुग्गियों को बेरहमी से ध्वस्त कर दिया गया और उन्हें साफ कर दिया गया। हजारों लोग बेघर हो गए। उनके कल्याण पर ध्यान नहीं दिया गया।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। यह एक बहुमूल्य विरासत है जिसे निरंतर पोषित और संरक्षित किया जाना चाहिए। इसे दुनिया भर के लोगों के लिए एक स्थायी अनुस्मारक के रूप में काम करने दें। आज का भारत 1975 का भारत नहीं है। उन्होंने कहा कि हम अधिक आत्मविश्वासी, अधिक विकसित और कई मायनों में अधिक मजबूत लोकतंत्र हैं। फिर भी आपातकाल के सबक अभी भी चिंताजनक रूप से प्रासंगिक हैं।

थरूर ने कहा कि सत्ता को केंद्रीकृत करने, असहमति को दबाने और सांविधानिक सुरक्षा उपायों को दरकिनार करने का प्रलोभन विभिन्न रूपों में फिर से प्रकट हो सकता है। अक्सर ऐसी प्रवृत्तियों को राष्ट्रीय हित या स्थिरता के नाम पर उचित ठहराया जा सकता है। इस लिहाज से आपातकाल एक कड़ी चेतावनी है। लोकतंत्र के रक्षकों को हमेशा सतर्क रहने की जरूरत है।

## महाराष्ट्र : एक जिले में 14 हजार महिलाओं में कैंसर के लक्षण

**मुंबई।** महाराष्ट्र के हिंगोली जिले में 14,500 महिलाओं में कैंसर जैसे लक्षण पाए गए हैं। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबितकर ने गुरुवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की संजीवनी स्कीम के तहत स्क्रीनिंग के दौरान इन महिलाओं के बारे में यह जानकारी मिली। प्रकाश आबितकर ने अपने एक लिखित जवाब में विधानसभा में बताया कि 8 मार्च को महिला दिवस से सर्वे की शुरुआत की गई थी। इसके तहत कुल 2,92,996 महिलाओं के बीच जाकर सर्वे किया गया। इस सर्वे के दौरान महिलाओं से कुछ सवाल पूछे गए, जिनके उन्होंने जवाब दिया।



इन जवाबों के आधार पर ही यह पता चला है कि करीब 14,500 महिलाओं में कैंसर जैसे लक्षण हैं। उन्होंने कहा, कुल 14,542 महिलाओं में से तीन को गर्भाशय का कैंसर पाया गया है। इसके अलावा एक महिला को स्तन कैंसर है और 8 को माउथ कैंसर है। यह जानकारी जिला कलेक्टर की ओर से कैंसर को लेकर चलाए गए जागरूकता अभियान में सामने आई है। यह अभियान इसलिए चलाया गया है ताकि कैंसर की जानकारी शुरुआती स्टेज में ही पता चल सके और फिर उन लोगों का इलाज कराया जा सके।

## शोध : 2008 के बाद जन्मे भारतीय बच्चों में पेट के कैंसर का खतरा

**नई दिल्ली।** कैंसर वैश्विक स्तर पर बढ़ती गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, ये दुनियाभर में मौत का प्रमुख कारण भी है। कुछ दशकों पहले तक माना जा रहा था कि कैंसर सिर्फ उम्र बढ़ने के साथ होने वाली बीमारी है, हालांकि हाल के

■ दुनिया के सामने नई स्वास्थ्य समस्या

आंकड़ों पर गौर करें तो पता चलता है कि अब कम उम्र के लोग, यहां तक कि 20 से कम उम्र वाले बच्चे भी कैंसर का शिकार हो रहे हैं। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को इस गंभीर रोग से बचाव के लिए उपाय करते रहने की सलाह देते हैं। कम उम्र के लोगों में कैंसर के बढ़ते खतरे को लेकर एक हालिया अध्ययन में कई डराने वाली जानकारियां सामने आई हैं। नेचर जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार भारत सहित कई एशियाई देशों में कम उम्र के लोगों में



पेट के कैंसर का खतरा तेजी से बढ़ता जा रहा है। एक नए वैश्विक अनुमान में चेतावनी दी गई है कि 2008 से 2017 के बीच पैदा हुए 15.6 मिलियन (1.56 करोड़) से अधिक बच्चों को उनके जीवनकाल में पेट का कैंसर हो सकता है। इनमें से अधिकांश एशिया में और कई भारत में हैं। 185 देशों में अपेक्षित और रोके जाने योग्य गैस्ट्रिक कैंसर के अनुमान के आधार पर ये निष्कर्ष निकाले गए हैं। शोधकर्ताओं ने बताया कि अकेले भारत में 1.6 मिलियन (16 लाख) से अधिक लोगों में गैस्ट्रिक कैंसर या पेट के कैंसर का खतरा हो सकता है। अध्ययन के दौरान विशेषज्ञों ने पाया कि भविष्य में पैट के कैंसर के इन मामलों में से 76 प्रतिशत हेलिकोबैक्टर पाइलोरी (एच. पाइलोरी) से संबंधित हो सकते हैं, ये एक प्रकार का खतरनाक बैक्टीरियल संक्रमण है जिससे कैंसर का खतरा बढ़ जाता है, हालांकि अच्छी बात ये है कि ये संक्रमण उपचार योग्य होता है। शोधकर्ताओं ने एक बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट को रोकने के लिए तत्काल निवेश, जांच और एच. पाइलोरी के उपचार को बढ़ाने का सलाह दी है। गैस्ट्रिक कैंसर या पेट के कैंसर को लेकर वैसे तो कम चर्चा की जाती है, हालांकि इसका खतरा पिछले कुछ वर्षों में काफी तेजी से बढ़ता हुआ देखा गया है। यह वैश्विक स्तर पर कैंसर से मृत्यु चार्ट में पांचवें स्थान पर है। चूंकि इसके लक्षण आमतौर पर पेट की अन्य कई समस्याओं से मिलते जुलते होते हैं यही कारण है समय पर इसका निदान हो पाना कठिन हो जाता है। पेट के कैंसर के शुरुआती लक्षणों में पेट फूलने, अपच-भूख न लगने, अस्पष्टीकृत रूप से वजन घटने या भोजन के बाद पेट दर्द की दिक्कत हो सकती है, यही कारण है कि इसपर अक्सर लोगों का ध्यान कम जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की इकाई, अंतर्राष्ट्रीय कैंसर अनुसंधान एजेंसी (आईएआरसी) के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए इस अध्ययन में, ग्लोबल कैंसर ऑब्जर्वेटरी के डेटाबेस का उपयोग किया गया। संयुक्त राष्ट्र के जनसांख्यिकीय अनुमानों का उपयोग करते हुए, शोधकर्ताओं ने अनुमान लगाया कि 2008 और 2017 के बीच पैदा हुए बच्चों को उनके जीवनकाल में गैस्ट्रिक कैंसर हो सकता है।


शोधकर्ताओं ने कहा, उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में कई बच्चे बचपन में ही एच. पाइलोरी से संक्रमित हो सकते हैं। इसका कारण खराब स्वच्छता, भीड़-भाड़ वाली रहने की स्थिति और शुरुआती जांच या इलाज की सीमित पहुंच हो सकती है।

### यूपी के तीन विधायक विधानसभा से असंबद्ध घोषित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी से निष्कासित किए गए विधायकों को यूपी विधानसभा से असंबद्ध घोषित कर दिया गया है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। सपा ने मनोज कुमार पांडेय, राकेश प्रताप सिंह और अभय सिंह को पार्टी से निष्कासित कर दिया था। इस फैसले के बाद तीनों विधायक को सदन में अलग बैठने की व्यवस्था की जाएगी। अब वे सपा विधायकों के साथ नहीं बैठ सकेंगे। इन सभी विधायकों ने बीते साल हुए राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग की थी और भाजपा उम्मीदवारों का समर्थन किया था जिसके बाद उन पर पार्टी विरोधी गतिविधियों का हवाला देते हुए कार्रवाई की गई थी। मनोज पांडेय रायबरेली की ऊंचाहार सीट से विधायक हैं। हालांकि, उन्होंने लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी छोड़ दी थी।







# महाविद्यालयों के प्रबंधकों और प्राचार्यों संग कुलपति ने की बैठक

### शिक्षा की गुणवत्ता व जवाबदेही के लिए विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों के बीच संवाद की पहल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन की अध्यक्षता में गोरखपुर जनपद के स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के प्रबंधकों एवं प्राचार्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक विश्वविद्यालय के गुरु गोरखनाथ शोधपीठ स्थित कमेटी हॉल में सम्पन्न हुई। यह बैठक आगामी शैक्षणिक सत्र 2025-26 की तैयारियों के संदर्भ में आयोजित की गई थी। अपने उद्बोधन में कुलपति प्रो. टंडन ने कहा कि स्ववित्तपोषित महाविद्यालय पूर्वांचल में उच्च शिक्षा की उपलब्धता और विस्तार में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह बैठक संवाद के माध्यम से साझा चिंताओं, सुझावों और भविष्य की दिशा तय करने हेतु आयोजित की गई है। कुलपति ने हीरक जयंती वर्ष के अवसर पर महाविद्यालयों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक एवं स्पोर्ट्स गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर भागीदारी की सराहना की। उन्होंने परीक्षाओं के सफल आयोजन एवं समयबद्ध मूल्यांकन कार्य में दिए गए सहयोग के लिए सभी प्राचार्यों एवं प्रबंधकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालयों को अधिक उत्तरदायी बनना होगा, ताकि उन्हें अधिक अधिकार भी सौंपे जा सकें। विद्यार्थियों की विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के प्रति धारणा का निर्माण प्रवेश, कक्षाओं, परीक्षा एवं परिणाम जैसे अनुभवों के आधार पर होता है, अतः इन सभी कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। कुलपति ने यह भी कहा कि सभी महाविद्यालय अपनी शैक्षिक, सांस्कृतिक, खेलकूद एवं सामाजिक गतिविधियों को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म–विशेषकर एक्स (पूर्ववर्ती ट्विटर) एवं लिंक्डइन–पर साझा करें, ताकि उनकी प्रभावी उपस्थिति और विश्वविद्यालय की छवि को सुदृढ़ किया जा सके। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि विश्वविद्यालय द्वारा सभी प्रमुख सूचनाएं इन माध्यमों पर साझा की जाती हैं। कुलपति ने सभी महाविद्यालयों से आग्रह किया कि वे शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में दीक्षारंभ अथवा ओरिएंटेशन प्रोग्राम अवश्य आयोजित करें, जिससे नवप्रवेशित छात्रों को संस्थान एवं विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली, मूल्यों एवं वातावरण की समुचित जानकारी मिल सके। बैठक में उपस्थित प्राचार्यों एवं प्रबंधकों ने बेहतर शैक्षिक वातावरण निर्माण हेतु कुलपति एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया तथा अपनी समस्याएं एवं सुझाव भी साझा किए। देवरिया व कुशीनगर के महाविद्यालयों के साथ विमर्श किया जाएगा।



## बीएसए ने बच्चों संग किया मध्यान्ह भोजन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**झूलनीपुर।** निचलौल ब्लॉक क्षेत्र के पी एम श्री कंपोजिट विद्यालय गिरहिया बंजारीपट्टी में स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम में बीएसए महोदया की अगुआई में स्कूल चलो अभियान में हिस्सा लिया। इस दौरान विद्यालय में लगभग 500 बच्चे एवं अभिभावकगण भी उपस्थित रहे। स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत विद्यालय के समस्त अध्यापकों के साथ साथ बीएसए महोदया सुश्री रिद्धि पाण्डेय, खंड शिक्षा अधिकारी महोदय आनंद कुमार मिश्र, ग्राम प्रधान श्रीमती पूनम चौधरी एवं प्रधान प्रतिनिधि राकेश चौधरी प्रधानाध्यापक डॉ हरेराम गौतम, एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के मंत्री धन्नू चौहान एवं समस्त स्टाफ स्कूल चलो अभियान प्रभात फेरी कार्यक्रम में मौजूद रहे। साथ ही बीएसए मैम और खंड शिक्षा अधिकारी महोदय ने विद्यालय प्रांगण में बृक्षारोपण भी किया और बच्चों के साथ चटाई पर बैठ कर मध्यान्ह भोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापक बृजेश यादव जी द्वारा किया गया। इस दौरान विद्यालय के अध्यापक मौजूद रहे।

## सीडीओ ने की फसल बीमा योजना की समीक्षा



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**महराजगंज।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ 2025 की प्रगति की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन ने की।

सीडीओ ने बैंकवार लक्ष्य की समीक्षा करते हुए उन बैंक शाखाओं को फटकार लगाई, जिनकी प्रगति धीमी है। उन्होंने निर्देश दिया कि अगली बैठक तक सभी बैंक शाखाएं अपने लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति में सुधार करें और अधिक से अधिक किसानों को जागरूक कर फसल बीमा योजना से जोड़ा जाए। उन्होंने बताया कि योजना के तहत किसानों को 31 जुलाई 2025 तक फसल बीमा कराने का अवसर है। इस दौरान कृषि विभाग और बैंक आपसी समन्वय से किसानों का बीमा सुनिश्चित करें। लीड बैंक मैनेजर और जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया गया कि वे फसल बीमा में रुचि न लेने वाले बैंक शाखाओं को चिन्हित करें ताकि लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्यवाही हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसान हित की इस योजना में किसी भी स्तर की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। बैठक के दौरान जिले के 11 किसानों को रागी, कोदो, ज्वार, मडुआ और अरहर के बीज का मिनी किट भी वितरित किया गया। श्रीअन्न को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह वितरण किया गया। इस अवसर पर लीड बैंक मैनेजर भूपेंद्र नाथ मिश्र, जिला कृषि अधिकारी शैलेंद्र प्रताप सिंह, बीमा कंपनी के जिला प्रबंधक, तहसील स्तरीय समन्वयक, विभिन्न बैंक शाखाओं के प्रबंधक और किसान उपस्थित रहे।

## कालोनी के गड्ढे में डूबने से युवक की मौत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**परसामलिक।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेखुआनी चौराहे से करीब दो सौ मीटर पश्चिम नौतनवा-ठूठीबारी मुख्य मार्ग के उत्तर स्थित न्यू कालोनी के पास गुरुवार की सुबह गड्ढे में एक युवक डूब गया। पास के खेत में काम कर रहे लोग दौड़कर उसे पानी से बाहर निकाला लेकिन तब तक डूबने से उसकी मौत हो जुटी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करने लगी। वहीं पुलिस व सोशल मीडिया के जरिए पता चलने पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों की सिफारिश पर पुलिस ने पंचनामा के कार्यवाही के बाद शव को सुपुर्द कर दिया।

परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिसहनिया उर्फ शीशमहल टोला कल्याणपुर निवासी मनोज प्रजापति पुत्र सर्वजीत प्रजापति उम्र (25) का मानसिक संतुलन सही नहीं था। रोजाना सुबह साईकिल लेकर इधर-उधर अनायास घूमता रहता था। गुरुवार की सुबह साईकिल लेकर सेखुआनी चौराहे पर गया हुआ था। वापस घर लौटते समय सेखुआनी चौराहे से दो सौ मीटर पश्चिम बघेला नाला के पहले स्थित न्यू कालोनी के पास एक गड्ढे में नहाते समय डूब गया। खेत में काम कर रहे लोग पानी में डूबता देख युवक को बचाने के लिए दौड़े और पानी से बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस उपनिरीक्षक अभिषेक जायसवाल व आदर्श सिंह ने शव को कब्जे में लेकर थाने लाई जहां पंचनामा की कार्यवाही के बाद शव को परिजनों की मांग पर सुपुर्द कर दिया। बताया जाता है कि मृतक मनोज प्रजापति अपने माता पिता का इकलौता बेटा था। आठ वर्ष पूर्व उसकी शादी हुई थी लेकिन मानसिक संतुलन सही नहीं रहने के कारण उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई। इकलौते पुत्र की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है। पिता सर्वजीत व माता शीला का रो-रोकर बुरा हाल है। बेटे की मौत को मां सहन नही कर पा रही और रह-रह कर बेहोश हो जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय ने बताया कि पानी में डूबने से युवक की मौत हो गई है। परिजन पोस्टमार्टम नहीं करवाना चाह रहे थे इसलिए शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

## विधिक सेवा प्राधिकरण की हुई बैठक



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 1 जुलाई से 30 सितम्बर के क्रम में शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी, अपर जिला जज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एडीआर भवन में नियुक्त समस्त पैरा लिगल वालेन्टियर के साथ मध्यस्थता अभियान को सफल बनाने हेतु आवश्यक बैठक की गयी और सभी पैरा लिगल वालेन्टियर को निर्देश दिया गया कि वह अपने-अपने कार्य स्थल पर इस मध्यस्थता अभियान को सफल बनाये जाने हेतु पम्लेट चस्पा कर प्रचार-प्रसार करें। इस अवसर पर संजय शाही, मुस्तफा अंसारी, दिनेश यादव, सुधीर यादव, जयप्रकाश प्रजापति, रिंकू शाही आदि उपस्थित रहे।

## अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान, बढ़ रहा आक्रोश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**हाटा, कुशीनगर।** गौरी बाजार के चम्पापुर सिरसिया उपकेंद्र से जुड़े गांवों में अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान है। बिजली कटौती आधा-एक घंटा नहीं, बल्कि 10-12 घंटे से भी ज्यादा हो रही है। दिन में कटौती तो हो ही रही है, रात में भी आने जाने का सिलसिला लगा रह रहा है। ग्रामीण बिजली कटौती से परेशान है। क्षेत्र में रोस्टर के अतिरिक्त कई बार विद्युत के आने एवं जाने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। चम्पापुर सिरसिया उपकेंद्र से बेतहाशा बिजली कटौती से लोग परेशान हो गए है। अघोषित कटौती से गुस्साए लोग बिजली विभाग के हेल्पलाइन नंबर पर फोन कर शिकायत कर रहे है। जबकि क्षेत्र के गांव विक्रम विशुनपुर, चैनपुर, रामपुर गौनरिया, मुंडेरा उपाध्याय, करज, बेलवा, नारायनपुर, भेड़िया, देवकली सहित आदि गांवों में महज आठ से 10 घण्टे ही बिजली सप्लाई मिल रही है। ग्रामीण विट्टू गुप्ता, आनंद प्रकाश शुक्ला, संजय सिंह, राम अग्रेश सिंह सहित अन्य लोगों का कहना है कि सुबह से लेकर शाम तक कटौती तो होती ही है, रात को भी बार-बार विद्युत के कट जाने से लोगों की नींद हराम हो गई है। लोगों ने कहा कि जल्द से जल्द अघोषित कटौती बंद नहीं हुई तो हम सभी प्रदर्शन को बाध्य होंगे।

## 25 क्षयरोगियों को दिया पोषण पोटली



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**पड़रौना, कुशीनगर।** राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत क्षयरोगियों को गोद लेकर पोषण पोटली वितरण का कार्यक्रम गुरुवार को सीएचसी विशुनपुरा पर आयोजित किया गया।कार्यक्रम में 25 क्षय रोगियों को केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन पड़रौना कुशीनगर द्वारा प्रोटीनयुक्त पोषण पोटली दिया गया। जिलक्षयरोग अधिकारी डॉ एसएन त्रिपाठी ने कहा कि क्षयरोग के खिलाफ जंग में पौष्टिक एवं संतुलित आहार का महत्वपूर्ण योगदान है। डॉ त्रिपाठी ने कहा कि क्षय रोगी दवा के साथ पौष्टिक आहार खाकर शीघ्र स्वस्थ हो रहे है।डीटीओ ने गोद लेने वाले मेडिकल एसोसिएशन की प्रसंशा करते हुये उन्हें साधुवाद दिया। केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोशिएशन के महामंत्री अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि आज जिन 25 क्षयरोगियो को गोद लिया गया। उन्हें हमारा एशोसिएशन उपचार चलने तक प्रतिमाह प्रोटीनयुक्त पोषणयुक्त आहार जैसे-गुड़,भुना चना, सत्तू, सोयाबीन,मुंगफली का दाना एवं प्रोटीन पाउडर दिया जायेगा। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ जीशान अली ने कहा कि जनपद में निक्षय मित्रों के सहयोग से क्षयरोगियो को पोषण पोटली दिया जा रहा है। कार्यक्रम का शानदार संचालन निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र ने किया। आंगतुकों का स्वागत एसटीएलएस विशाल जयसवाल ने किया। आभार एसटीएस अमित वर्मा ने ज्ञापित किया। इस दौरान केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय टिबड़ेवाल, अजय बंका,अशोक मणि त्रिपाठी, नवीन कोहली,दिनेश तुलस्यान, राजेन्द्र टिबड़ेवाल,धर्मेंद्र मिश्रा, सुनील कुमार,डॉ देशदीपक पांडेय, डॉ आयुष श्रीवास्तव,डॉ राजकुमारी साहू, एलटी सन्तोष गौतम, पूनम सत्यार्थी, इम्तियाज अंसारी आदि उपस्थित रहे।

## गुरू पूर्णिमा के अवसर पर महर्षि महेश योगी को किया नमन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** महर्षि विद्या मंदिर के प्रांगण मे गुरू पूर्णिमा को बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। इस क्रम में सबसे पहले सभी के द्वारा परम पूज्य गुरूदेव का पूजन किया गया। प्रधानाचार्य बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने महर्षि विद्या मन्दिर समूह के अध्यक्ष डा गिरीश चन्द्र वर्मा का संदेश पढ़ा तथा परम पूज्य महर्षि महेश योगी के जीवन आदर्शो पर प्रकाश डाला। शिक्षिका सुनीता सिंह, रागिनी श्रीवास्तवा के द्वारा गुरू शिष्य परम्परा के बारे मे सभी बच्चों को बताया गया उसके बाद शिक्षक पंकज श्रीवास्तव, दीनानाथ सिंह, अमित कुमार, विजय साहनी, पवन कुमार के द्वारा गुरू के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर मधु पांडेय, सरिता श्रीवास्तव, फूल कुमारी, सरिता सिंह, रितु श्रीवास्तवा, प्रियंका, स्वाती, अमित पांडेय, राम सागर, अशोक श्रीवास्तव, रेवती रमण सिंह आदि मौजूद रहे।

## केंद्रीय विद्यालय का प्रथम शैक्षणिक सत्र शुरू



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**महराजगंज।** जनपद महराजगंज में लंबे समय से प्रतीक्षित केंद्रीय विद्यालय के प्रथम शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ आज राजकीय कन्या इंटर कॉलेज धनेवा-धनेई में किया गया। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन ने फीता काटकर विधिवत सत्र का उद्घाटन किया।

इस मौके पर सीडीओ ने विद्यालय परिसर और कक्षाओं का निरीक्षण किया तथा नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को अनुशासन और परिश्रम के साथ शिक्षा ग्रहण करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्यालय अपनी उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता के लिए देश ही नहीं, दुनिया भर में जाना जाता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्यालय में दक्ष एवं प्रशिक्षित शिक्षक बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हैं। फिलहाल विद्यालय का संचालन अस्थायी रूप से राजकीय कन्या इंटर कॉलेज परिसर में किया जा रहा है, लेकिन अगले एक-डेढ़ वर्ष में आधुनिक और पूर्ण रूप से सुसज्जित भवन जनपद को प्राप्त होगा। सीडीओ ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र जीवन में अनुशासन, निरंतरता और कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता। इन मूल मंत्रों को अपनाकर बच्चे अपने माता-पिता और जनपद का नाम रोशन करें। विद्यालय का शुभारंभ केंद्रीय विद्यालय संगठन वाराणसी संभाग के उपायुक्त डॉ. अजय कुमार मिश्रा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। 11 जुलाई से पठन-पाठन की नियमित कक्षाएं शुरू होंगी। इस अवसर पर डॉ. अजय कुमार मिश्रा (उपायुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन), जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा, बैरिस्टर पांडेय (प्रधानाचार्य, केंद्रीय विद्यालय एयरफोर्स गोरखपुर), नवप्रवेशी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## गोरक्ष प्रांत के मंत्री व प्रदेश निरीक्षक हुए सम्मानित




**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** श्री गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामबाग में एक महत्वपूर्ण परिचयात्मक बैठक संपन्न हुई, जिसमें शिशु शिक्षा समिति, गोरक्ष प्रांत के नव निर्वाचित मंत्री डा शैलेश कुमार सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर गोरखपुर विश्वविद्यालय को सम्मानित किया गया। वे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही शिशु शिक्षा समिति, गोरक्ष प्रांत के प्रदेश निरीक्षक राम सिंह को भी सम्मानित किया गया।

मंच पर सरस्वती शिशु मंदिर रामबाग के प्रधानाचार्य भानु प्रताप त्रिपाठी, सरस्वती बालिका विद्या मंदिर रामबाग की प्रधानाचार्या प्रियंका सिंह और सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामबाग के प्रधानाचार्य गोविन्द सिंह की भी उपस्थिति रही। मंत्री ने तीनों विद्यालयों के आचार्य व आचार्या बन्धु भगिनियों से व्यक्तिगत परिचय प्राप्त कर वर्तमान शैक्षिक सत्र के बारे में चर्चा की। नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्या भारती के विद्यालयों में प्रारम्भ किए गए शिक्षण कार्यों की सराहना की और नवाचार के माध्यम से शिक्षण करने पर जोर दिया। प्रदेश निरीक्षक ने सबसे पहले सभी को श्री गुरु पूर्णिमा की बधाई दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविंद सिंह ने भी व्यक्ति के जीवन में गुरु के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने श्री रामचरित मानस की चौपाई प्रातरू काल उठि कै रघुनाथा, मात पिता गुरु नावहिं माथा और गुरु गृह गए पढ़न रघुराई अल्पकाल विद्या सब पाई आदि के माध्यम से गुरु के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविंद सिंह ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## एशिया का सबसे बड़ा संगठन है एनसीसी : प्रो. राजेंद्र



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** किसान इंटर कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स को बी प्रमाण पत्र वितरण का समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि 47 यूपी बटालियन एनसीसी बस्ती के कमान अधिकारी कर्नल विशाल सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि कॉलेज के प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह रहे। अतिथियों का स्वागत मेजर प्रोफेसर राजेंद्र बौद्ध ने किया। अपने स्वागत में मेजर ने कहा कि एनसीसी एशिया का सबसे बड़ा संगठन है। इसमें नेतृत्व क्षमता, नागरिक जिम्मेदारियां, नागरिक जागरूकता और सैनिक प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। संचालन लेफ्टिनेंट जितेंद्र कुमार शाही ने किया। इसके पश्चात कैडेट्स को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कैडेट्स को उद्बोधित करते हुए कर्नल विशाल सिंह ने कहा कि एनसीसी जॉइंट करने के पश्चात आप लोगों की जिम्मेदारियां बढ़ जाती हैं। एनसीसी का उपयोग आपातकाल, युद्ध काल और अन्य किसी विपरीत परिस्थितियों में किया जाता है। इन सभी अवसर पर आपको अपनी योग्यताओं और क्षमताओं का प्रदर्शन करना होता है। अभी कोरोना काल में कोरोना वारियर्स के रूप में, सिंदूर विजय युद्ध के दौरान ब्लैकआउट और अन्य अन्य प्रकार से एनसीसी ने अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया है। प्रधानाचार्य मनोज सिंह ने आए हुए अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ ही को बधाइयां दी। इसलिए यह आपकी जिम्मेदारी है कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान आप अपनी योग्यता और क्षमताओं का उच्चतम विकास करें। इसके पश्चात आए हुए अतिथियों द्वारा एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण का भी कार्य किया गया। इस दौरान केयर टेकर गजेन्द्र सिंह बिष्ट, सूबेदार मेजर सुरेंद्र कुमार, प्रेम सिंह, सुमित सुब्बा उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### किसान दिवस 16 जुलाई को

**कुशीनगर।** उप कृषि निदेशक अतीन्द्र कुमार ने बताया कि प्रत्येक महीने के तृतीय बुधवार को डीएम की अध्यक्षता में माह जुलाई का किसान दिवस तृतीय बुधवार दिनांक 16 जुलाई को 12.00 बजे कलेक्ट्रेट में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने किसान बंधुओं सहित संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया है कि बैठक में उपस्थित होने का कष्ट करें।


### संस्थापक अध्यक्ष को दी श्रद्धांजलि

**महराजगंज।** जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब महराजगंज के तत्वावधान में बुधवार को क्लब के संस्थापक अध्यक्ष स्व. राजेंद्र लाल श्रीवास्तव की पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। संरक्षक सुनील कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि स्व. श्रीवास्तव न केवल एक निर्भीक और निष्पक्ष पत्रकार थे, बल्कि पत्रकारिता को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने वाले समर्पित कर्मवीर भी थे। इस दौरान विनय नायक, विश्वदीपक त्रिपाठी, नवीन सिंह, संजय पांडेय, जेपी सिंह, दीपक शरण श्रीवास्तव, शैलेश पांडेय, अनिल वर्मा, विपिन श्रीवास्तव, आरएन सिंह, सत्यप्रकाश मधेशिया, गिरधर सिंह, बीडी यादव, अभिषेक पांडेय मौजूद रहे।

### आमने-सामने के टक्कर में चार हुए घायल

**श्यामदेउरवा।** रुद्रपुर भलुही में देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ गोरखपुर जा रही स्कॉर्पियो की भटहट की ओर से आ रहे ट्रैक्टर-ट्राली से टक्कर हो गई। हादसे में चार लोग घायल हो गए। तीन घायलों को भटहट के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। विनोद शर्मा को गंभीर हालत में बीआरडी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। ट्रैक्टर-ट्राली में सवार इंद्रेश सिंह पुत्र हरिवंश सिंह और विनोद शर्मा पुत्र रामजआवंन शर्मा रुद्रपुर भलुहि, श्यामदेउरवा के रहने वाले हैं। स्कॉर्पियो में सवार असब और आजम चिलबिलवा थाना गुलहरिया के निवासी हैं। गुलहसन रामपुर चकिया थाना श्यामदेउरवा का रहने वाला है।

### गुरु पूर्णिमा पर गुरू को किया सम्मानित



**बस्ती।** गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गौर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि जटाशंकर शुक्ला के नेतृत्व में गुरु सम्मान कार्यक्रम का भव्य आयोजन ब्लाक सभागार गौर में किया गया। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि जटाशंकर शुक्ला विभिन्न मंदिरों, गुरुद्वारों एवं शिक्षण संस्थानों में जाकर गुरुजनों, संत महात्माओं, पुरोहितों और शिक्षकों का सम्मान किया। उन्होने अतिथि के रूप में विभिन्न गुरुजन सुभाष चंद्र शुक्ला, लक्ष्मी निवास शुक्ल, अब्दुल्लाह खान, दानबहादुर दुबे, उमापति मिश्र, लक्ष्मी गुप्ता, रामयज्ञ शुक्ल, सुखपाल सिंह, विश्वनाथ पांडेय, राजेश नारायण, प्रदीप दुबे, कृष्ण कुमार तिवारी आदि लोग का सम्मान किया तथा लोगों से आर्शीवाद प्राप्त किया।

## पर्यावरण की रक्षा के लिए पौधरोपण जरूरी : डॉ. डीके गुप्ता



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** भारत विकास परिषद वशिष्ठ शाखा की ओर से स्थापना दिवस तथा गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में संविलियन विद्यालय, गांधीनगर में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष डा डीके गुप्ता ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। पर्यावरण की रक्षा के लिए पौधरोपण आवश्यक है।

संस्था द्वारा यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रवर्तक शुभमित्र आनंद ने भी पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पौधरोपण को जरूरी बताया। वशिष्ठ शाखा के अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव ने आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल सामाजिक सेवा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य देना भी है। संचालन सचिव डा कृष्ण कुमार ने किया। कोषाध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। सचिव डा कृष्ण कुमार ने कहा कि आज के दिन का विशेष महत्व है। कोषाध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने वृक्षारोपण के पीछे की संकल्पना को स्पष्ट किया। शुभमित्र आनंद ने संस्था के प्रारंभिक उद्देश्य को याद करते हुए कहा कि भारत विकास परिषद एक सामाजिक चेतना है। प्रधानाध्यापिका नजराना जमाल ने बताया बच्चे विभाग द्वारा चलाए जा रहे मिशन फॉर लाइफ के अंतर्गत पर्यावरण की गतिविधियों से काफी जुड़े हुए हैं और आज का यह कार्यक्रम बच्चों में पर्यावरण के प्रति चेतना लाएगा। इस अवसर पर डा एसके त्रिपाठी, विनय श्रीवास्तव, नजराना जमाल, अफसाना मंसूरी, अपर्णा, मंजू यादव आदि मौजूद रहे।

## 4 पर मारपीट का केस

**पटहेरवा।** क्षेत्र के नौगावा गांव निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही 4 लोगों पर चक मार्ग का रास्ता रोकने और पूछताछ करने के दौरान गाली गलौज करते हुए मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। तहरीर पर पुलिस चार पर केस दर्ज कर लिया है।

थाना क्षेत्र के नौगावा गांव निवासी महेंद्र कुशवाहा ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया था कि गांव के ही इनके खेत के बगल में चल मार्ग है।20 जून की रात गांव के ही मुकेश कुशवाहा , रमावती देवी, ग्यासी देवी और मालती रास्ता रोकने के लिए बांस बल्ली लगा रहे थे।पीड़ित का आरोप है इनकी पुत्री जब पूछने गई कि रास्ता क्यों रोक रहे हैं। पीड़ित की तहरीर पर आरोपी मुकेश कुशवाहा, रमावती देवी, ग्यासी देवी व मालती देवी निवासी नौगावा पर मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया है।

## जिला जज के नेतृत्व में रोपे गए पौधे



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जनपद न्यायाधीश महेंद्र प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में समस्त न्यायिक अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। जिला जज ने बताया कि विश्व जलवायु परिवर्तन एवं ग्लोबल वार्मिंग की चुनौती का सामना कर रहा है। इस संदर्भ में पौध रोपण की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्लोबल वार्मिंग की चुनौती से निपटने हेतु अधिक से अधिक पौधे लगाना एक कारगर उपाय हैं। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय नासिर अहमद, अपर जिला जज प्रथम रमेश दूबे, अपर जिला जज एससीएसटी भूपेंद्र राय, अपर जिला पोस्को कृष्ण कुमार पंचम, अपर जिला जज सचिव देवेंद्र नाथ गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

# आज के समाजवादी रामभक्तों पर चलाते हैं गोली : सीएम

### गोरखनाथ मंदिर में आयोजित श्रीरामकथा के विश्राम और गुरु पूर्णिमा महोत्सव में बोले मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि भगवान श्रीराम, प्रभु श्रीकृष्ण और देवाधिदेव महादेव शंकर के बिना भारत का पत्ता भी नहीं हिल सकता है। प्रखर समाजवादी डॉ. राम मनोहर लोहिया भी कहते थे कि भारत में जब तक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, लीला पुरुषोत्तम मुरलीधर भगवान श्रीकृष्ण और देवों के देव भगवान शंकर की पूजा होती रहेगी तब तक दुनिया में कोई माई का लाल भारत का बाल भी बांका नहीं कर पाएगा। डॉ. लोहिया के वर्तमान चेले भले ही उनकी बात न मानते हों लेकिन यह बात तय है कि जो राम विरोधी है, उसकी दुर्गति होनी ही है।

सीएम योगी गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में विगत 4 जुलाई से चल रही श्रीरामकथा के विश्राम सत्र और गुरु पूर्णिमा महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। गोरक्षपीठ के ब्रह्मलीन महंतद्वय दिग्विजयनाथ जी महाराज एवं महंत अवेद्यनाथ जी महाराज के चित्र पर पुष्पार्चन करने तथा व्यासपीठ का पूजन करने के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीराम कथा और देवी-देवताओं से जुड़ीं अन्य कथाएं भारतीय संस्कार का हिस्सा हैं। उन्होंने रामायण मेलों की शुरुआत करने वाले डॉ. राम मनोहर लोहिया का उल्लेख कर सनातन धर्म पर सवाल उठाने वालों को आईना दिखाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. लोहिया, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रखर समाजवादी और कांग्रेस के प्रखर विरोधी थे। आजादी के बाद जब भारतीयों की एकजुटता को लेकर कुछ लोगों ने शंका जताई थी तब उन्होंने जवाब दिया था कि राम, कृष्ण और शंकर की पूजा होने तक भारत की एकजुटता का प्रश्न ही खड़ा नहीं होता। प्रखर समाजवादी लोहिया के विचार से इतर आज के समाजवादी रामभक्तों पर गोली चलाते हैं। सीएम ने कहा कि उच्चकुल में पैदा होने के बावजूद मारीच की दुर्गति सबको पता है। उसका जन्म मनुष्य रूप में होता है जबकि पशु रूप में मारा जाता है। मुख्यमंत्री ने दुर्गति से बचने के लिए आचार और विचार में समन्वय की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि राम को भजते-भजते हनुमान जी भी पूज्य हो गए। अनपढ़ व्यक्ति भी हनुमान चालीसा जानता है,उसका पाठ करता है। उन्होंने कहा कि श्रीराम, श्रीकृष्ण, भगवान शंकर और उनसे जुड़ी कथाएं हमारी आस्था की प्रतीक हैं, हमारी विरासत हैं। सुसभ्य संस्कृति की उत्कृष्टता के प्रतीक हैं। इनके संरक्षण और उन्नयन में योगदान देना हर भारतीय का कर्तव्य होना चाहिए।



#### कृतज्ञता प्रकट करना सनातन धर्म का गुण

सीएम ने गुरु पूर्णिमा पर्व को गौरवशाली अवसर बताते हुए कहा कि यह पर्व गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर होता है। भारत ही ऐसा देश है जिसने दुनिया को कृतज्ञता ज्ञापन सिखाया। हनुमान जी और मैनाक पर्वत के संवाद में भी यह उद्धरण आता है कि कर्ता के प्रति कृतज्ञता प्रकट करना सनातन धर्म का गुण है। किसी ने कुछ किया तो उसके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने में भारतीय सबसे अधिक जागरूक रहे हैं।

#### नकारात्मकता समस्या का समाधान नहीं

सीएम ने महाकुंभ के आयोजन के दौरान कुछ युट्यूबर्स की नकारात्मक पहल का उल्लेख करते हुए कहा कि दुनिया भर से सनातनी महाकुंभ आए थे। कुछ युट्यूबर्स पैदल चलने पर उन्हें भड़काने और चिढ़ाने जाते थे। व्यवस्था पर सवाल करते थे तो श्रद्धालुओं से उन्हें जवाब मिलता था जिस सड़क पर हम पैदल चल रहे हैं वह भी व्यवस्था का हिस्सा है। उन्हें यह मुहतोड़ जवाब भी मिलता, चल हम रहे हैं और परेशानी तुम्हे हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नकारात्मकता समस्या का समाधान नहीं है। कुछ लोग माहौल खराब करना चाहते हैं लेकिन गौरव की बात है कि भारत विरासत और विकास के साथ आगे बढ़ते हुए नई ऊंचाइयों को छूने को तत्पर है। उन्होंने आह्वान किया हम सभी कुछ विशिष्ट और नया करने के आदी बनें तो इसका लाभ स्वयं, समाज, देश को अवश्य मिलेगा।

**सनातन धर्म भारत की आत्मा** : मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन धर्म भारत की आत्मा है। एक मुस्लिम महिला अधिवक्ता के कथन, हम भी सनातनी हैं, भारत का एक ही धर्म है सनातन धर्म, मेरी उपासना विधि इस्लाम है लेकिन धर्म सनातन है- का उल्लेख करते हुए सीएम ने कहा कि धर्म, मत, मजहब के अंतर को समझना होगा।

**आरती के साथ हुआ श्रीरामकथा का विश्राम** : गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में 4 जुलाई से चल रही श्रीरामकथा का विश्राम व्यासपीठ पर विराजमान श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की आरती के साथ हुई। सबसे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आरती उतारी। इस अवसर पर उन्होंने कथाव्यास बाबा आचार्य शांतनु जी महाराज के प्रति आभार भी व्यक्त किया और कहा कि हर व्यक्ति को कुछ समय ऐसी कथाओं के श्रवण के लिए जरूर निकालना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के संबोधन से पूर्व लोक गायक राकेश श्रीवास्तव ने गुरु की महिमा पर एक कर्णप्रिय भजन सुनाया।

#### ज्ञान परंपरा को संहिताबद्ध किया वेद व्यास ने

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भगवान वेद व्यास जी की जन्मतिथि को गुरु पूर्णिमा पर्व के रूप में मनाया जाता है। वेद व्यास जी ने भारतीय मनीषा की ज्ञान परंपरा को संहिताबद्ध कर पीढ़ियों के लिए उपकार किया। भारतीयों पर यह आरोप लगता है कि उन्होंने धरोहरों को संरक्षित नहीं किया, उन्हें विज्ञान और आधुनिक ज्ञान की जानकारी नहीं है। वितंडावाद से भारतीयों को बदनाम करने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि यह सच नहीं है। सबको याद रखना चाहिए कि दुनिया का सबसे प्राचीन ग्रंथ वेद हैं। दुनिया जब अंधकार में जी रही थी तब भारत में वेदों की ऋचाएं रची जा रही थीं। हमारी मनीषा चेतना के विस्तार से ब्रह्मांड के रहस्यों का उद्घाटन कर रही थी। आज दुनिया भौतिक विज्ञान पर ही काम कर रही है, दुनिया जब अवचेतन मन की तरफ बढ़ेगी तब हमारे वैदिक सूत्र ही मार्गदर्शन करेंगे। दुनिया को यह जानना चाहिए कि 3500 वर्ष पूर्व हजारों ऋषियों की कार्यशाला नैमिषारण्य में भारतीय ज्ञान परंपरा की रचना को लेकर हुई थी।

#### इंसेफेलाइटिस से बचे बच्चे देंगे देश हित में योगदान

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इंसेफेलाइटिस की पूर्व की भयावहता और अब नियंत्रण का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि छह साल पूर्व यह समय इंसेफेलाइटिस के कारण भय और आशंका का होता था। चालीस साल में गोरखपुर, कुशीनगर, बस्ती, देवरिया, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, सन्तकबीरनगर आदि जिलों के पचास हजार से अधिक बच्चों की मौत इस बीमारी के चलते हो गई थी। इस बीमारी का कारण मानव निर्मित गंदगी और अशुद्ध पेयजल थी। 2017 में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद जैसे ही हर घर शौचालय की व्यवस्था की गई, शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया गया तो इसका परिणाम रहा कि अगले तीन साल में ही बीमारी नियंत्रित और अब समाप्त हो गई। इंसेफेलाइटिस से बचे बच्चे अब समाज और देश हित में अपनी प्रतिभा, क्षमता और ऊर्जा का योगदान देंगे। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद, सांसद रविकिशन शुक्ल, गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, देवीपाटन शक्तिपीठ के महंत मिथिलेशनाथ, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास, समेत कई साधु-संत, जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद, प्रबुद्धजन व बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही।

# गुरु पूर्णिमा पर सीएम ने की गोरखनाथ का विशिष्ट पूजन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गुरुवार प्रातः काल गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित?यनाथ ने शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का नाथपंथ की परंपरा के अनुसार विशिष्ट पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ, दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ, योगिराज बाबा गंभीरनाथ समेत नाथपंथ के सभी गुरुजनों का भी विधि विधान से पूजन-अर्चन कर श्रद्धा निवेदित की और लोक कल्याण के पथ पर मार्गदर्शन के लिए उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की।

गोरखनाथ मंदिर में गुरु पूर्णिमा का विशेष अनुष्ठान प्रातः काल 5 बजे से ही प्रारंभ हो गया और सामूहिक आरती के साथ अनुष्ठान की पूर्णता हुई। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी देशवासियों को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं। वैसे तो गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जब भी गोरखनाथ मंदिर में होते हैं, गुरु गोरखनाथ जी तथा नाथपंथ के गुरुजन का दर्शन-पूजन उनकी दिनचर्या का हिस्सा होता है। पर, गुरु पूर्णिमा का अवसर गोरखनाथ मंदिर में विशिष्ट पूजा का होता है। गुरुवार को गोरक्षपीठाधीश्वर ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महायोगी गुरु गोरखनाथ सहित मंदिर परिसर में मौजूद सभी देव विग्रहों और नाथपंथ के गुरुओं की प्रतिमाओं के समक्ष विधि विधान के साथ पूजन किया। आनुष्ठानिक कार्यक्रमों के क्रम में उन्होंने सबसे पहले नाथपंथ के आदिगुरु भगवान गोरखनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उनकी पूजा की। गोरखनाथ मंदिर में नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार गुरु गोरखनाथ को रोट का महाप्रसाद भी अर्पित किया गया। पूजा-अर्चना की आनुष्ठानिक प्रक्रिया संपन्न होने के बाद गुरु पूर्णिमा पर होने वाली परंपरागत महाआरती हुई तथा सभी गुरुओं के प्रति आस्था निवेदित की गई।




# हर व्यक्ति की समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार को गुरु पूर्णिमा पर्व पर आनुष्ठानिक कार्यक्रम की व्यस्तता के बावजूद जनता दर्शन का आयोजन किया। उन्होंने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर व्यक्ति की समस्या का निस्तारण उनकी सरकार की विशेष प्राथमिकता है, इसलिए पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता से लेते हुए उनका समाधान त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से कराना सुनिश्चित कराएं।

गुरुवार सुबह गुरु पूर्णिमा पूजन के बाद गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद गए और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। सबको आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने करने की आवश्यकता नहीं है, सबकी समस्या का समाधान हरहाल में किया जाएगा। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थीं। कुछ की शिकायत थी कि उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। शिकायतों पर सीएम ने अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कहा कि जमीनी विवादों का समाधान तत्परतापूर्वक इस तरह होना चाहिए जिससे पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को सीएम योगी ने आश्वस्त किया कि पैसे की तंगी से किसी का भी इलाज नहीं रुकने दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि संबंधित मरीज के इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया को पूर्ण कर इसे जल्द से जल्द शासन को उपलब्ध कराया जाए। जनता दर्शन के दौरान कुछ महिलाओं संग पहुंचे उनके बच्चों को मुख्यमंत्री ने प्यार-दुलार और आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया।

# भाजपा सरकार में दिख रहा है विकास : एके शर्मा

### नगर विकास एके शर्मा ने गोला में 11 करोड़ की विकास कार्यों का किया लोकार्पण व शिलान्यास

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोला।** पहले शासकीय दौरे पर नगर पंचायत गोला पंहुचे नगर विकास व उर्जा मंत्री का बुलडोजर से फूल वर्षा कर के स्वागत किया गया। उन्होंने 11 करोड़ के विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में आम आदमी विकास के नारे केवल सुनता था लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में विकास होते देख रहा है। गुरुवार को देर शाम गोला नगर पंचायत पंहुचे मंत्री एके शर्मा ने कहा कि आज हमारे लिए एक गर्व का क्षण है कि हम गोला जैसे पौराणिक स्थल पर आये हैं। पूरे पूर्वांचल के लिए यह एक स्वर्णिम समय है कि हमारे मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री दोनो पूर्वांचल के हैं। इसलिए पूर्वांचल में होने वाले विकास कार्य के लिए बेहतरीन समय है। इन 11 करोड़ की परियोजनाओं से नगर पंचायत को निखारने का कार्य होगा। यह विकास कि पहिया अनवरत आगे बढता रहेगा। इस क्षेत्र से हमारा आत्मिक संबंध है। क्षेत्र के विकास के लिए आपने एकदम ठीक नेतृत्व का चयन किया है आगे भी इसी समझदारी से चुनाव किजिएगा। विधायक राजेश त्रिपाठी ने विकास कार्यों के लिए दिए जा रहे धन को लेकर मंत्री का धन्यवाद दिया। कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन, चेयरमैन लालती देवी, ईओ वैभव चौधरी नगर विकास व उर्जा मंत्री को भगवान राम की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुराली शोखा, योगेन्द्र सिंह, महेश उमर, मंडल अध्यक्ष संदीप सोनकर, वेद प्रकाश पाण्डेय, सभासद श्रवण कुमार वर्मा, सच्चितानंद राय, देवेंद्र सिंह, डॉ राजेश जयसवाल, अमर मणि त्रिपाठी, विनोद तिवारी उपस्थित रहें।



# विद्युत की चपेट में आने से ट्रैक्टर ड्राइवर की मौत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**



**गोला।** थाना क्षेत्र के छितौना मे सिंचाई के लिए लगे मोटर में विद्युत सप्लाई के लिए लगे केबल में प्रवाहित विद्युत की चपेट मे आने से बुजुर्ग ट्रैक्टर ड्राइवर की मौत हो गयी। सूचना पर पंहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना क्षेत्र के भर्रोह निवासी लाल बिहारी(60) पुत्र स्व श्याम सुंदर अपने ही गाँव के रामनेवास यादव का ट्रैक्टर लेकर गुरूवार की सुबह तकरीबन 9 बजे छितौना गाँव निवासी श्याम नरायण के खेत की जुताई करने के लिए गये थे। खेत में पानी चलाने के लिए मोटर तक केबल खेत में बिछाया गया था। ट्रैक्टर ड्राइवर खेत में पंहुचने के बाद खेत में बीछे केबल को हटाने के लिए खेत में उतरा तो कटे हुए केबल से पानी में प्रवाहित विद्युत की चपेट में आकर बेसुध हो गया। खेत में मौजूद अन्य लोगों ने जब उसे गिरा देखा तो विद्युत कनेक्शन को काट कर परिजन को सूचित कर आनन-फानन में ड्राइवर को इलाज के लिए सीएचसी गोला लेकर चले गयें जहां चिकित्सकों ने ड्राइवर को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पंहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक परिवार का भरण-पोषण ड्राइविंग कर के करता था। मृतक के पांच पुत्री व एक पुत्र हैं। सबसे छोटा पुत्र 20 वर्ष का है अभी पढाई कर रहा है तथा चार पुत्री विवाहित व एक अविवाहित है।

## विवाहिता के तहरीर पर पति सहित चार पर केस

**पिपराइच।** क्षेत्र के ग्राम ककरहिया निवासी प्रमिला के तहरीर पर पुलिस ने पति संदीप निषाद सहित चार पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

ग्राम ककरहिया में अपने मायका में रह रही प्रमिला की शादी 6-12-20को ग्राम महुअवां थाना पनियरा (महराजगंज) निवासी संदीप निषाद से हुई है।शादी के बाद से ही एक लाख रुपए व बाईक की मांग को लेकर पति संदीप निषाद मांग करने लगा। पति संदीप निषाद ने प्राइवेट पार्ट का फोटो इंस्ट्राग्राम पर अपलोड कर दिया। धमकी दे रहे हैं कि फोटो तुम्हारे भाई को भी दिखायेगें। इनके अलावा सास पुष्पा ,ननद रेखा व कंचन द्वारा प्रताड़ित दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जाता रहा। पुलिस द्वारा तहरीर के आधार पर 85, 127 (2), 115 (2), 151 (3) आदि गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

# बड़हलगंज में 50 करोड़ की योजनाओं का हुआ लोकार्पण और शिलान्यास



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बड़हलगंज।** विद्युत क्षेत्र में उत्तर प्रदेश अब आत्मनिर्भर बना है। अब हम दुसरे प्रदेश को बिजली दे सकते है। सपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनके शासन में कभी कभी बिजली आ जाती थी तब समाचार बनता था और योगी शासन में कभी कभी 10/20 मिनट के लिए बिजली कटती है तब समाचार बनता है।

श्री शर्मा मुक्तिपथ परिसर मे आयोजित कार्यक्रम में 3.27 करोड़ की लागत से बनने वाले विद्युत शवदाह गृह सहित 50 करोड़ की लागत से विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए विद्युत शवदाह गृह जरुरी है। इसी का जमाना आने वाला है क्यो कि अब लकड़ी काटना, जलाना मुश्किल है। विधायक राजेश त्रिपाठी को इंगित करते हुए कहा कि समाजसेवा से जो लोग राजनीति मे आते है, वह जनता की समस्याओ को बखूबी जानते है। विशिष्ट अतिथि एमएलसी देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि व्यक्ति मे अगर संकल्प शक्ति हो तो कोई कार्य असंभव नही है। विधायक राजेश त्रिपाठी कहा कि नगर पंचायत के प्रतिनिधियों में सभी पार्टियों के लोग है किन्तु नगर पंचायत को शानदार बनाने के लिए विकास के लिए सभी एकजुट है। अध्यक्षता करते हुए चेयरमैन प्रीति उमर ने कहा कि योगी जी की कृपा से नगर पंचायत में चहुंओर विकास हो रहा है। चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान ब्लाक प्रमुख रामआशीष राय, स्वतंत्र सिंह, दोहरीघाट चेयरमैन विनय जायसवाल, मंडल अध्यक्षगण दुर्गेश मिश्र व बृजेश वर्मा, पूर्व प्रमुख रामबेलास यादव, प्रशांत शाही, रमेश शाही, सुरेश उमर, ईओ रामसुख, लिपिक सुनील कुमार मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यकर्ता को पुलिस ने किया नजरबंद

**बड़हलगंज।** कैबिनेट मंत्री एके शर्मा के कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकर्ता व सराफा व्यापार मण्डल के महामंत्री प्रभुनाथ सोनी द्वारा विरोध जताने के अंदेशे को लेकर पुलिस ने उन्हें उनकी पिढ़हनी स्थित दुकान पर चार घंटे तक नजरबंद रखा। व्यवसायी श्री सोनी ने बताया कि वार्ड नंबर सात मुक्तिपथ नगर मे उनके मकान के पास से कई लोगों का बिजली का तार गया है। जो नीचे लटक रहा है। जिससे कभी भी कोई बड़ी दुघर्टना हो सकती है। इसके लिए उन्होंने कई बार विभाग मे शिकायत करते हुए पोल लगाकर तार व्यवस्थित करने की बात कही। किन्तु अबतक तार को पोल लगाकर व्यवस्थित नही किया गया। आज मंत्री जी को उसके लिए शिकायती ज्ञापन देना चाहता था। किन्तु प्रशासन ने उन्हें उनकी दुकान पर मंत्री के आने से लेकर उनके जाने तक नजरबंद रखा।

## ग्रामीणों ने एनएचआई प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

**सहजनवा।** तहसील क्षेत्र के रहीमाबाद में एनएचआई के ठेकेदार द्वारा बिना नोटिस और मुआवजा दिए जबरन मकान को तोड़ रहा है। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएचआई प्रबंधक ललित पाल को ज्ञापन सौंप कर मुआवजा दिलाने की मांग किया है। दर्जन भर ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि 40 वर्ष पूर्व मकान का निर्माण कराया है। सड़क से मकान की दूरी तय सीमा से दूर है।जब सड़क का चौड़ीकरण करा गया। तो 16 मीटर दूर पर पीलर लगाया था। वर्तमान समय में रेलवे द्वारा नाली का निर्माण कराया जा रहा है। जो 2 मीटर अधिक लेकर बनाया जा रहा है। ठेकेदार बिना नोटिस और मुआवजा दिए मकान को तोड़ रहा है। जिससे ग्रामीण बहुत आहत है। ग्रामीणों ने मांग किया है कि मुआवजा देकर ग्रामीणों का मकान तोड़ा जाय। ज्ञापन सौंपने वालो में अशोक कुमार, छोटेलाल, पारसनाथ, महेंद्र, रामकेश,राजेंद्र प्रसाद,राम उजागिर,श्रीकांत,सुरेश कुमार,कन्हैया लाल,अभिषेक मौजूद थे।

## नकली पाईप बेचने पर दुकानदार पर केस

**पिपराइच।** जिन्दल कम्पनी के नाम पर नकली पाईप बेचने वाले पिपराइच के व्यवसायी महेन्द्र गुप्ता के विरुद्ध पुलिस ने कम्पनी के एजीएम शैलेन्द्र सिंह के तहरीर पर बीएनएस की धारा 318(4),63,65,103,104के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। स्टेनलेस लिमिटेड हिसार (हरियाणा) के एजीएम ने बताया कि सूचना मिली थी कि पिपराइच कस्बे में हमारे जिन्दल के नाम के डूप्लीकेट स्टील पाइप को बजरंगी स्टील पर महेन्द्र गुप्ता द्वारा बेचा जा रहा है। मंगलवार की शाम उसके दुकान जिन्दल के नाम पर नकली स्टील पाईप पकड़ा गया है। दुकानदार के कर्मचारी के सहयोग से वहां पर पौन इंच का 106 स्टील पाईप 254किलो तथा गोल स्टील पाईप 120अदद 810किलो बरामद किया गया। इस दौरान स्थानीय पुलिस भी मौजूद रही।

# ग्राम पंचायत की खुली बैठक बुलाकर नायब तहसीलदार नदारद

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** डीएम के आदेश से कौड़ीराम क्षेत्र पंचायत के ग्रामसभा हरिखोरा में बृहस्पतिवार को कोटेदार के चयन के लिए खुली बैठक बुलाई गई थी जिसमें तय सीमा के तीन घंटे बाद नायब तहसीलदार बांसगांव उपस्थित नहीं हुए। जिस कारण से बैठक को स्थगित कर, पुनः 12 जुलाई दिन शनिवार को खुली बैठक बुलाई गई है।

ग्राम सभा हरिखोरा के सरकारी राशन की दुकान के पूर्व स्वामी ने अपरिहार्य कारणों से तीन महीने पहले राशन की दुकान को छोड़ दिया था जिसके बाद से शासन वैकल्पिक व्यवस्था कर राशन की दुकान चलाई जा रही थी इस दुकान के आवंटन के लिए 15 दिन पूर्व भी गांव में प्रचार कर खुली बैठक का आवाहन किया गया था किंतु तेज बारिश के कारण उस दिन खुली बैठक को रद्द कर दिया गया था जिसका बाद 10 जुलाई दिन बृहस्पतिवर को पुनः खुली बैठक बुलाई गई जिसमें बड़ी संख्या में गांव के लोग उपस्थित हुए, लेकिन बैठक अपनी तय समय सीमा के 3 घंटे बाद भी नहीं हो पाई, जिसके बाद हरिखोरा गांव के सचिव अभिषेक गुप्ता ने ग्राम वासियों को सुचित किया और नायब तहसीलदार साहब इस बैठक में उपस्थित नहीं हो पाएंगे, जिस करण से आज की खुली बैठक को स्थगित किया जाता है। 12 जुलाई दिन शनिवार को पुनः ग्राम सभा की खुली बैठक बुलाई है। बृहस्पतिवार को ग्राम सभा में सरकारी राशन की दुकान के आवंटन के लिए जिलाधिकारी के आदेश से खुली बैठक बुलाई गई थी जिसमें ग्राम सभा के लोगों ने भारी सांख्य में भागीदारी की, लेकिन बैठक के तय समय सीमा के 3 घंटे बाद भी नोडल अधिकारी के रूप में नामित नायब तहसीलदार बांसगांव विशिष्ट मुनि वर्मा के न आने के कारण बैठक को स्थगित करना पड़ा। जिसके बाद सचिव अभिषेक गुप्त ने ग्राम सभा वासियों को 12 जुलाई दिन शनिवार को पुनः खुली बैठक में उपस्थित होने को कहा।



#### ग्रामवासियों में नाराजगी

इस समय गांवों में खरीफ की फसल की बुवाई चल रही है जिसका बाद भी खुली बैठक के आह्वान पर बड़ी मात्रा में ग्राम सभा के लोग एकट्ठा हुए थे।नायब तहसीलदार के न आने के कारण गांव के काई लोगों ने नाराजगी जताई है और उन्हें कहा कि हम लोग अपने धान की बुआई को छोड़ कर ,आज इस बैठक में आए थे । लेकिन नायब तहसीलदार के न आने से हमारा पुरा दिन खराब हो गया।

## लंगड़ा बाबा मंदिर पहुंचे विधायक



**सहजनवां।** गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम पाली स्थित लंगड़ा बाबा मंदिर में देखने को मिला। क्षेत्रीय विधायक प्रदीप शुक्ला ने इस पावन दिन पर मंदिर पहुंचकर पूज्य शरणानंद जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर श्री शुक्ला ने कहा, गुरु परंपरा भारतीय संस्कृति की आत्मा है। गुरुओं का मार्गदर्शन जीवन को सार्थकता और दिशा देता है। मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही और पूरे वातावरण में भक्ति और श्रद्धा का दिव्य भाव व्याप्त रहा। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख दिलीप यादव, अखिलेश उर्फ मल्लू सिंह, मनोज सिंह, अभिमन्यु मौर्य, शिवचरण प्रसाद, रामबुझारत पासवान, ब्रह्म दत्त गिरी, धर्मेंद्र कुमार दुबे, सुनील निगम, अभिषेक मिश्रा अविनाश, अभिषेक समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## छात्राओं ने मां के नाम पर लगाए पौधे



**स्वतंत्र भरत संवाददाता**

**बड़हलगंज ।** राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज में वृहस्पतिवार को एक अनूठा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने विद्यालय परिसर में छायादार और फलदार पौधे लगाए।

प्रत्येक पौधा किसी एक मां के नाम समर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्या विभा यादव ने कहा कि मां संस्कार देती हैं और वृक्ष जीवन। उन्होंने सुझाव दिया कि हर व्यक्ति साल में एक पौधा अपनी माँ के नाम पर लगाए और उसका पालन-पोषण करे। वन क्षेत्राधिकारी शिवजीत सिंह ने कहा कि यह अभियान एक सांस्कृतिक क्रांति है। कार्यक्रम में वाद-विवाद व चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। विजेता छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुमन कुमारी, प्रणिता सिंह, किरण यादव, शिवांगी गुप्ता, ममता ओझा उपस्थित रहे।

## मोबाइल लूट के दो लूटेरे गिरफ्तार

**गोरखपुर।** दिनदहाड़े बेखौफ होकर मोबाइल लूटने वाले दो शातिर लूटेरों को गोरखनाथ पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा सलाखों के पीछे। 7 जुलाई के दिन दोनों लूटेरो के द्वारा पहले शाहपुर थाना क्षेत्र के पादरीबज़ार में छात्रा का मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिया फिर थोड़ी देर बाद गोरखनाथ थाना क्षेत्र के हड़हवा फाटक स्थित एक महिला अपने बच्चों के साथ स्कूल से घर आ रही थी। थाना प्रभारी गोरखनाथ शशिभूषण राय ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर तेज़ तर्रार टीम का गठन किया ताकि लूटेरो को जल्द पकड़ा जा सके। लूटेरो को पकड़ने की जिम्मेदारी उपनिरीक्षक अवधेश कुमार पांडेय, उप निरीक्षक अनुराग सिंह उप निरीक्षक अनूप कुमार सिंह,उप निरीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह और उप निरीक्षक अजय राय को सौंपी गई।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ पौधे लगाए : जीएम



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**पिपराइच।** शासन के निर्देश पर एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत वृहस्पतिवार को चीनी मिल पिपराइच, नगर पंचायत पिपराइच आदि में पौधारोपण अभियान चलाया गया।

चीनी मिल में प्रधान प्रवन्धक नवदीप शुक्ला ने पौधा रोपण करने के बाद कहा कि देश में मौसम की मार से सब परेशान हैं। कहीं सूखा तो कहीं बाढ़ का प्रलय। साथ में महाप्रबंधक गन्ना श्रीधर दूबे, गन्ना प्रवंन्धक मनोज तिवारी, सीए दुर्गेश नन्दन श्रीवास्तव, पीआई अजय कुमार श्रीवास्तव ने भी पौधारोपण किया। इसी तरह नगर पंचायत के चेयरमैन संजय मद्धेशिया,ईओ संजय सरोज, सहित सभासदों ने भी भारी संख्या में पौधा लगाया।

## पिस्टल दिखाकर युवक को पीटा

**गोरखपुर।** बड़हलगंज कोतवाली क्षेत्र में एक युवक पर जानलेवा हमला हुआ है। नौ आरोपियों ने युवक को पिस्टल दिखाकर बेरहमी से पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने नौ नामजद और 3-4 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों पर केस दर्ज कर ली है। बरईपार बडगो के रहने वाले मुकेश सिंह ने बताया कि घटना 1 जुलाई की दोपहर की है। वह हाटा बाजार से घर लौट रहे थे। मामखोर मोड़ पर उनके गांव के आदित्य सिंह, अजय, मनोज सिंह और प्रमोद गौड़ ने कुछ लोगों को सुपारी दी थी। इन लोगों में भरौली के शिवा यादव, मदरिया के विकास पासवान, दीन दयाल गुप्ता और रामलाल पासवान शामिल थे। आरोपियों ने पिस्टल दिखाकर मुकेश की बाइक रोकी।

# एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



**स्वतंत्र भारत रूपईडीहा बहराइच।** वन विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष जन अभियान ÷एक पेड़ माँ के नाम 2.0÷ के अंतर्गत आज रूपईडीहा रेंज के बक्शीगांव बीट, रूपईडीहा बाईपास से आईसीपी तक दायीं पटरी (प्लाट-2 %मित्र वन%) पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत 5 हेक्टेयर क्षेत्रफल में सघन वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ब्लाक प्रमुख नवाबगंज ने गूलर का पौधा रोपित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय वन अधिकारी अतुल श्रीवास्तव, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी विनय कुमार, वन दरोगा मो. अरशद, वन दरोगा अनंतराम, वन दरोगा हरिओम गौतम, वन दरोगा विमल कुमार, वन रक्षक ब्रह्मदेव, वन रक्षक रविकांत सहित अन्य वनकर्मी एवं स्थानीय ग्रामीणजन भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान वन रेंड्डज अधिकारी रूपईडीहा अतुल श्रीवास्तव द्वारा सभी उपस्थित जनों को पर्यावरण संरक्षण, वृक्षों की उपयोगिता तथा उनके संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं ड्ड ये न केवल शुद्ध वायु प्रदान करते हैं बल्कि जलवायु नियंत्रण, मृदा संरक्षण और जैव विविधता को बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाते हैं।÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान न केवल वृक्षारोपण का एक प्रयास है, बल्कि यह मातृत्व, संवेदना और प्रकृति से जुड़ाव का प्रतीक भी है। यह अभियान लोगों को भावनात्मक रूप से वृक्षों से जोड़ने का एक अनूठा प्रयास है, जिससे आम जनमानस पर्यावरणीय दायित्वों को समझे और उनमें भागीदारी निभाए।

# अवैध सड़क निर्माण करवा कर भू माफिया करना चाहते हैं कब्जा

**स्वतंत्र भारत नानपारा बहराइच।** तहसील नानपारा क्षेत्र अंतर्गत भू माफिया हो रहे सक्रिय, बताते चलें कि जनपद बहराइच की तहसील नानपारा गल्ला मंडी नानपारा निवासी रूपनारायण शुक्ला ने जिला अधिकारी बहराइच को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई है, कि सरकारी जमीन पर कब्जा व निजी स्वार्थ लाभ हेतु अवैध सड़क निर्माण कार्यों में कुछ भूमाफिया सक्रिय हो रहे हैं। प्रार्थना पत्र में पीड़ित ने मौलाना लईक, हनुमंत शरण, मुस्ताक अहमद व कुछ अन्य लोगों की दबंगई पर ध्यान आकर्षण कराया है, कि गाटा संख्या 1391 जिसमें पहले से सरकारी ट्यूबवेल व नाली बनी हुई है, उसे तुड़वाकर अवैध सड़क निर्माण करवा कर गाटा संख्या 1391के खातेदार की जमीन हड़पना चाहते हैं। जबकि इसी नंबर में पहले से सरकारी नाली व ट्यूबवेल है। पीड़ित ने जिन लोगों को प्रार्थना पत्र में नामित किया है, वह अपने निजी फायदे के लिए अवैध निर्माण करा कर प्लाटिंग का काम करते हैं। अब देखना यह है कि, पीड़ित को न्याय मिलेगा या यह भू माफिया अपनी मनमानी करने में कामयाब होंगे।

# ससुराल से लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन ने मारी ठोकर, मौत

**स्वतंत्र भारत नानपारा बहराइच।** गायघाट के निकट मोहनदास गिरी महाराज मंदिर रात्रि 10ः00 बजे ससुराल से लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। बताते चने की युवक अपनी ससुराल से वापस लौट कर अपने घर समझावन गौढी जा रहा था। बुधवार की शाम को वह अपने बहनोई की बाइक से वापस घर लौट रहा था अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक को गंभीर अवस्था में सीएचसी मोतीपुर लाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया।

# ट्रांसफार्मर के बार-बार जलने से त्रस्त उपभोक्ताओं ने किया प्रदर्शन



**स्वतंत्र भारत बहराइच।** इस उमस भरी भीषण गर्मी में आम जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित है। किंतु विद्युत आपूर्ति का स्थाई समाधान नहीं हो पा रहा है। ओवरलोड लो वोल्टेज बार-बार ट्रिपिंग तार टूटना 33000 11000 की लाइन में बार-बार फाल्ट आना ट्रांसफार्मर जल जाना एक आम बात हो गई। जिस कारण नगर पंचायत मिहींपुरवा में विद्युत आपूर्ति को लेकर लोगों में काफी नाराजगी है। रोस्टर से अधिक विद्युत कटौती के कारण विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। जिसके कारण आम लोगों का जनजीवन बहुत ही प्रभावित है। दिन और रात्रि विद्युत कटौती से लोग परेशान हैं किंतु समस्या का समाधान होता नजर नहीं आ रहा है। वही बात करें विवेकानंद स्कूल और गुरुद्वारा में लगे ट्रांसफार्मर की तो लोगों की शिकायत है कि ट्रांसफार्मर से आपूर्ति आने के 15-20 मिनट बाद ही सप्लाई कट जाती है और पूरी रात इस भीषण गर्मी में जीना मुहाल हो जाता है। गुरुद्वारा में लगे ट्रांसफार्मर में बार-बार आ रही खराबी और जलने के कारण वहां के उपभोक्ता भी काफी परेशान है। किंतु इनका स्थाई रूप से कोई समाधान नहीं हो पा रहा है। विद्युत उपभोक्ताओं ने बिजली संबंधित शिकायत 1912 एवं आईजीआरएस पर भी की है पर समस्या का समाधान नहीं हुआ। जिससे नाराज होकर सैकड़ो की संख्या में विद्युत उपभोक्ता विद्युत केंद्र मोतीपुर पहुंचे और प्रदर्शन शुरू कर दिया, विद्युत उपकेंद्र पर विद्युत संबंधित कोई भी अधिकारी ना मौजूद होने के कारण उन्होंने शिकायती पत्र विद्युत उपकेंद्र अधिशासी अभियंता के नाम कार्यालय में मौजूद बाबू को सौपा है, उपभोक्ताओं ने यह भी जानकारी दी की एसडीओ और जेई को फोन मिलाया जाता है तो उनका फोन उठाता भी नहीं है।

## खबर एक नजर

### विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**श्रावस्ती,** । सू0वि0। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति की कलेक्ट्रेट सभागार बहराइच में जनपद श्रावस्ती, बहराइच व बलरामपुर के अधिकारियों के साथ आयोजित की गई। बैठक में सभापति डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि सरकार, शासन, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों का यही उद्देश्य है कि सरकार द्वारा संचालित सभी जनकल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े जरूरतमन्दों तक पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आमजन की समस्याओं का समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाय ताकि उन्हें अनावश्यक रूप से भागदौड़ न करनी पड़े।

सभापति डॉ. त्रिपाठी ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा की कि जनप्रतिनिधियों को मानक प्रोटोकाल के अनुसार सम्मान दिया जाय। यदि किसी जनप्रतिनिधि या आमजन का फोन आता है तो उसको अवश्य रिसीव किया जाय। उन्होंने कहा कि यदि किसी अपरिहार्य कारणों से आप द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया है तो समय मिलते ही कालबैक कर सम्बन्धित की बात अवश्य सुने। बैठक के दौरान पशुपालन, समाज कल्याण, संस्थागत वित्त, पंचायती राज, गन्ना विकास, सहकारिता, सूक्ष्म व लघु उद्योग, पर्यावरण, धर्मार्थ कार्य, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, गृह, नगर विकास, अल्पसंख्यक कल्याण, राजस्व, न्याय, उच्च, माध्यमिक व बेसिक शिक्षा इत्यादि विभागों से सम्बन्धित बिन्दुओं पर चर्चा की गई।

### गैंगस्टर को पुलिस ने भेजा जेल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।**लालगंज कोतवाली के आरक्षी अमर कुशवाहा की सतर्क दृष्टि से एसआई विवेक कुमार ने गैंगस्टर आरोपी अम्बिकेश तिवारी पुत्र छेदी लाल तिवारी निवासी जंगल मजरा वीरसिंहपुर को बसंतगंज चौराहा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### अवैध मेडिकल स्टोर पर छापेमारी कर 85 हजार की दवा जब्त

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।**अवैध मेडिकल स्टोरों पर अवैद्य दवाइयों की बिक्री होने से मरीजों की जेब ढीली होने के साथ-साथ दूरगामी दुष्प्रभाव शरीर पर पड़ते है जिससे कई गम्भीर बीमारियों की मकड़जाल में आदमी फंस जाता है।सहायक आयुक्त औषधि प्रयागराज मण्डल के मंडलीय निरीक्षक टीम द्वारा अवैध मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी की गई। टीम ने जिला चिकित्सालय के प्रताप बहादुर पार्क में मेडिकल स्टोरों पर सघन जांच पड़ताल किया।प्रताप बहादुर पार्क में स्थित सावित्री हेल्थ केयर पर अवैध मेडिकल स्टोर सावित्री पॉली क्लीनिक के नाम से संचालित पाया गया जहां मौके पर नियमानुसार सीजर की कार्यवाही मे 85 हजार की दवा जब्त की गई।टीम ने अन्य मेडिकल स्टोरों को चेतावनी दी है।छापेमारी टीम में तहसीलदार सदर दिनेश चन्द्र त्रिपाठी,संजय यादव एसीडी ड्रग्स,सुनील कुमार रावत औषधि निरीक्षक,संतोष कुमार पटेल औषधि निरीक्षक प्रयागराज,एसआई नगर कोतवाली सुनील कुमार गुप्ता,महिला आरक्षी रेनू यादव आदि उपस्थित रहे।

### सम्यक ग्लोबल स्कूल में कराटे टेस्ट सम्पन्न

**स्वतंत्र भारत संवाद संग्रामगढ़ प्रतापगढ़।**ब्लॉक रामपुर संग्रामगढ़ के ग्राम नौढिया में बने सम्यक ग्लोबल एकेडमी परिसर मे तीन माह से मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण कोच सेंसाई राम सुमेर के द्वारा कराटे कलर बेल्ट का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया। मार्शल आर्ट में 200 बच्चों ने प्रतिभाग किया।सफल अभ्यर्थियों को मार्शल आर्ट के येलो बेल्ट एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### अपहरण के आरोपी को पुलिस ने भेजा सलाखों के पीछे

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।**लालगंज कोतवाली के एक गांव की वादिनी की नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर युवक भगा ले गया। पुलिस ने वादिनी की तहरीर पर पांच नामजद पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई। एसआई दीपक यादव ने थाना हाजा पर दर्ज मुकदमा से सम्बन्धित आरोपी अमरजीत सरोज पुत्र बसंत लाल सरोज निवासी ग्राम महासिनपुर थाना संग्रामगढ़ को राजेंद्र नगर चौराहा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### निर्झर प्रतापगढ़ी की पुरातात्त्विक खोज पर शोध का सिलसिला जारी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।**महाभारत कालीन रानीगंज अजगरा निवासी ख्याति लब्ध साहित्यकार एवं पुरातत्व खोजी डॉ राजेश कुमार पाण्डेय उर्फ निर्झर प्रतापगढ़ी द्वारा अजगरा एवं आस-पास के क्षेत्रों से खोजकर संग्रहीत किए गये ऐतिहासिक-पौराणिक एवं पुरातात्विक महत्व के विशाल भंडार को देखने एवं उन पर शोध करने का क्रम निरंतर जारी है,जहां समीपवर्ती जनपदों के प्राचीन इतिहास एवं पुरातत्व के छात्र-छात्राएं इनका अध्ययन कर शोध कार्य कर रहे हैं,वहीं प्रदेश के सुदूरवर्ती महाविद्यालयों विश्वविद्यालयों तथा दूसरे प्रांतों के शोध छात्र भी यहां संरक्षित पुरावशेषों पर शोध कार्य कर रहे है।ज्ञात हो कि अभी कुछ महीनों पूर्व नोएडा स्थित पं. दीन दयाल उपाध्याय पुरातत्व शोध संस्थान भारत सरकार से पधारी तुषा गुप्ता एवं गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार के शोधकर्ताओं ने यहां आकर निर्झर प्रतापगढ़ी द्वारा अजगरा जैसे ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित भारत के पहले अशासकीय पुरातत्व एवं लोक-कला संग्रहालय में रखे गए पुरावशेषों का अध्ययन किया,उसी कड़ी में गत दिवस डेक्कन कालेज पुणे महाराष्ट्र की पुरातत्व शोध छात्रा संसृति ब्राह्मी जो डेक्कन कालेज की पुरातत्व विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. शाहिदा अंसारी के निर्देशन में शोध कार्य कर रही है।अजगरा आकर संग्रहालय में रखे गए हजारों पुरावशेषों के बारे में निर्झर प्रतापगढ़ी से जानकारी प्राप्त कर उनकी फोटो वीडियो ग्राफी किया।

# आम बेचकर लौट रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

**स्वतंत्र भारत संवाद संग्रामगढ़ प्रतापगढ़।**संग्रामगढ़ थाना के विजईमऊ फुलवरिया गांव निवासी संटू 36 पुत्र लाल बहादुर सोनकर मंगलवार की रात पिकअप डाला गाड़ी पर आम लादकर बनारस बेचने गया था। बुधवार को वापस वह अपने घर फुलवरिया आ रहा था कि जैसे हंडिया बाजार प्रयागराज से पहले ही ओवरब्रिज के नीचे ट्रक व पिकप की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई।टक्कर इतनी जोरदार थी की मौके पर ही संटू की मौत हो गई,साथ में रहे मिथिलेश और राहुल गंभीर रूप से घायल हो गए,जबकि मिथिलेश व संटू दोनों सगे भाई है,जिसमें मिथिलेश बड़ा है।राहुल और मिथलेश फुफेरे भाई है।तीनों एक साथ पिकअप से आम बेचने बनारस गए थे।अपनी रोजी-रोटी के वास्ते फल का कारोबार किया करते है।मृतक की पत्नी का नाम गुड़िया देवी है।मृतक को दो बेटे है,जिसमें बड़ा बेटा कृष व कान्हा है।मृतक के घर पर माता-पिता एवं पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है।हंडिया थाना पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा था।

# स्पोर्ट्स स्टेडियम में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।**स्पोर्ट्स स्टेडियम में गुरुवार को जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का शानदार आयोजन हुआ,जिसमें 45 किलोग्राम में विवेक प्रथम, अभय सेकंड,शालू यादव थर्ड तथा राजन थर्ड स्थान प्राप्त किया।48 किलोग्राम में अरविंद प्रथम,सूरज सेकंड,आयुष थर्ड, अंकित थर्ड स्थान प्राप्त किया। 51 किलोग्राम में विनीत गुप्ता प्रथम,अंकित सेकंड,देव थर्ड, अनुराग थर्ड रहे।55 किलोग्राम भार में धर्मेंद्र प्रथम,प्रिंस द्वितीय, शुभम तृतीय,आयुष तृतीय स्थान प्राप्त किया। 60 किलोग्राम भार में हिमांशु फर्स्ट,सुशील यादव सेकंड,कुणाल थर्ड,उत्कर्ष सरोज थर्ड रहे।65 किलोग्राम भार में सलमान फर्स्ट,कुलदीप सेकंड, अरिहंत पाल थर्ड व प्रभात थर्ड रहे।71 किलोग्राम भार में कौशल प्रथम,आदित्य सेकंड,पंकज कुमार पाल थर्ड व सुधांशु थर्ड स्थान प्राप्त किया।80 किलोग्राम भार में प्रिंस यादव प्रथम,आयुष प्रताप द्वितीय,करण तृतीय स्थान प्राप्त किया।92 किलोग्राम में शालू प्रथम,समरजीत द्वितीय अर्णव व शिवम तृतीय स्थान प्राप्त किया।110 किलोग्राम भार में अमित प्रथम,प्रियांशु द्वितीय प्रभात व रुद्रांश गुप्त तृतीय स्थान प्राप्त किया।प्रतियोगिता का संपन्न कराने में निर्णायकों मे स्टेडियम के सभी प्रशिक्षक उपस्थित रहे।इसके पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन नवीन कुमार यादव वरिष्ठ कुश्ती खिलाड़ी द्वारा किया गया।कार्यक्रम का संचालन उप कीड़ा अधिकारी रणजीत यादव ने किया तथा समापन के अवसर पर जिला कुश्ती संघ सचिव जय बहादुर सिंह सत्यनारायण यादव आदि उपस्थित रहे।अंत में क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती पूनम लता राज ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जानलेवा हमले मे घायल बुजुर्ग की ईलाज दौरान मौत, अंतिम संस्कार से किया इनकार



**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।**कोहंडौर थाना क्षेत्र पूरे कुमार सूर्यगढ़ मे 6 जुलाई को छेड़खानी का विरोध करने पर एक पक्ष के दर्जन भर लोगों ने लोहे की रॉड लाठी डंडा से लैस होकर जमकर तांडव मचाया जिसमें कई लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए।गम्भीर रूप से घायल 65 वर्षीय बाबू लाल की 9 जुलाई की रात ईलाज दौरान प्रयागराज मे मौत हो गई।शव सुबह गांव पहुंचने पर परिजनों ने अन्तिम संस्कार करने से इनकार कर दिया है।कई थानों की पुलिस समेत एएसपी शैलेन्द्र लाल सीओ सिटी शिव नारायण बैश मौजूद है।परिजनों को मनाया जा रहा है लेकिन परिजन अपनी मांग पर अडिग है।उच्च अधिकारीयों और स्थानीय लोगों के समझाने बुझाने के बाद परिजन अंतिम संस्कार को राजी हुए।उक्त प्रकरण मे वादिनी की तहरीर पर 12 नामजद और 6 अज्ञात पर मुकदमा पूर्व में दर्ज किया गया है।पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार ने आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु 25 हजार ईनाम घोषित कर दिया।

# नशे के ओवरडोज चलते एक युवक की मौत,दूसरा गंभीर

**स्वतंत्र भारत संवाद बाबागंज प्रतापगढ़।**महेशगंज थाना के ?लर का पुरवा फतुहाबाद वार्ड 11 नगर पंचायत हीरागंज बाजार निवासी धीरेंद्र पाल 32 पुत्र कन्हैया पाल हरियाणा में ईंट भट्ठे पर कार्य करता है।वह लगभग दस वर्षों से नशे का आदी था।पंद्रह दिन पूर्व ही धीरेंद्र ईंट भट्ठे से घर लौटा था। 8 जुलाई की शाम को वह अपने पड़ोसी वीरेंद्र पाल पुत्र मनीराम के साथ मानिकपुर थाना के मूंदीपुर से स्मैक और अन्य नशीले पदार्थों का सेवन करने के उद्देश्य से वीरेंद्र के भांजे शिवशंकर पाल निवासी ऐमापुर बिंधन की मोटरसाइकिल से घर से निकला था।मानिकपुर की एक दुकान से स्मैक लेने के पश्चात दोनों कुंडा थाना क्षेत्र के एक मेडिकल स्टोर से प्रतिबंधित नशीली दवा लेकर रात लगभग नौ बजे के करीब घर पहुंच गए।घर पहुंचकर दोनों बाइक खड़ी करके छेदीलाल मिश्र की बाग में बैठकर नशा करने लगे।नशे के अधिक ओवरडोज लेने के चलते अचानक से धीरेंद्र पाल की हालत बिगड़ने लगी।देखते ही देखते धीरेंद्र पाल अचेत हो गया और कुछ ही समय बाद वीरेंद्र पाल भी अचेत हो गया।काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन करनी शुरू कर दी।बेहोशी अवस्था में पड़े धीरेंद्र पाल को लेकर परिजन सीएचसी कुंडा भागे,जहां चिकित्सकों ने धीरेंद्र पाल को मृत घोषित कर दिया,वही वीरेंद्र पाल की हालत गंभीर है।धीरेंद्र की मृत्यु हो जाने के पश्चात परिजन शव को लेकर घर लौट गए।मामले की सूचना सुबह महेशगंज पुलिस को होने के पश्चात थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह मौके पर पहुंचे तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घर के एक युवक की असामयिक मृत्यु हो जाने से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## नशे के सौदागरों ने उजाड़ दिया हंसता खेलता परिवार

मानिकपुर थाना क्षेत्र कस्बा मानिकपुर मादक पदार्थों समेत मादक द्रव्य व्यसन का हब है,आए दिन वायरल होने वाले वीडियो उपरान्त भी मानिकपुर पुलिस सो रही है और नशे के काले कारोबारी युवकों की जान से खिलवाड़ और परिवार को तबाह बर्बाद कर रहे है।नशे के काले कारोबार को जड़ से समाप्त करने की प्रभावी कार्यवाही करने का दावा करने वाले अफसरों के फरमान को धता बताते हुए नशे के सौदागरों ने एक हंसती खेलती जिंदगी और उसके परिवार को वीरान कर दिया।मृतक अपने तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था,जो विगत दस वर्षों से नशे का आदी था।मानिकपुर में बिकने वाले स्मैक और गांजे के साथ मेडिकल स्टोर संचालकों द्वारा बिक्री की जाने वाली प्रतिबंधित दवाएं आमजनमानस और नशेडियों को बिक्री करने वाले दुकानदारों पर कोई ठोस प्रभावी कार्यवाही न होने से आए दिन युवाओं की जान जा रही है और यही नशे की लत समाज के युवाओं को बर्बाद कर रही है।

# मुख्य विकास अधिकारी ने बूढ़ी राप्ती के तट पर फावड़ा चलाकर पुनरोद्धार कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

**श्रावस्ती,** । सू0वि0। प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रदेश में विलुप्त हो रही नदियों को पुर्नजीवित करने हेतु दिये गये निर्देशों के क्रम में जनपद श्रावस्ती के अर्न्तगत बूढ़ी राप्ती नदी के पुर्नरोद्धार हेतु रिमोट सेन्सिंग के माध्यम से नदी के सरेखण को चिन्हाकिंत किया गया है। इसी क्रम में आज विकास खण्ड हरिहरपुररानी के ग्राम हरिहरपुररानी के समीप बूढ़ी राप्ती नदी के पुर्नरोद्धार का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने नदी के तट पर पूजा-अर्चना कर तथा फावड़ा चलाकर बूढ़ी राप्ती नदी के पुर्नरोद्धार का शुभारम्भ किया है। बरसात समाप्ति के उपरान्त मनरेगा योजना एवं जनसहयोग से उक्त नदी के पुनरोद्धार का कार्य वृहद् स्तर पर कराया जायेगा, ताकि अगले वर्ष बरसात से पूर्व बूढ़ी राप्ती नदी अपने मूल स्वरूप में लौट सके। उक्त नदी की कुल लम्बाई 67.03 किमी0 एवं कैचमेंट एरिया 18356.64 हे0 है। बूढ़ी राप्ती नदी 16.91 किमी0 लम्बाई में पूर्ण रूप से अवरोधित है, अवशेष 51.12 किमी0 नदी का स्वरूप विद्यमान है।जिलाधिकारी ने बताया कि प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार प्रदेश की विलुप्त नदियों को पुर्नजीवित करने का निर्देश दिया गया है। जिस क्रम में आज यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। प्राकृतिक संतुलन को बनाये रखते के लिए यह पुनरोद्धार कार्य कराया जा रहा है। नदी को पुर्नजीवित करने से आस पास के किसानों को राहत मिलेगी। उन्होने बताया कि जनपद में बूढी राप्ती को चिन्हित किया गया है, जो विकास खण्ड हरिहरपुररानी के ग्राम-मोहम्मदपुर से निकलती है एवं कुल 54 ग्रामों से होते हुए विकास खण्ड-इकौना के ग्राम-बन्दरहा एवं गोबिन्द चौराहे के पास राप्ती नदी में गिरती है।

# भ्रष्टाचार से पीड़ित किसान ने की डीएम से शिकायत

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** केला किसानों के उत्थान के लिए प्रदेश में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना व बागवानी मिशन जैसी योजनाएं संचालित हो रही है ताकि किसानों की आय को दुगना किया जा सके। लेकिन इन योजनाओं को विभाग के अधिकारी व कर्मचारी पलीता लगा रहे हैं व किसानों के उत्थान की जगह अपना कल्याण करने पर लगे हुए हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार धरसवा निवासी राज कुमार सिंह ने बाकायदा शपथ पत्र देकर ि?ला अधिकारी से शिकायत की है। जिसमें उन्होंने कहा है कि जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी व उद्यान निरीक्षक पंकज वर्मा उनसे अनुदान देने के नाम पर 50 प्रतिशत कमीशन की माँग कर रहे हैं। जबकि मेरे खेत के एक-एक पौधे तक को विभाग ने गिनवा लिए हैं और मुझे कई बार दौ?ने के बाद न पिछले वर्ष अनुदान दिया और न ही इस वर्ष अनुदान दिया। वहीं हमारे गाँव के आनन्द प्रताप सिंह, शेखर सिंह, किरण सिंह आदि को फर्जी तरीके से भुगतान कर दिया गया हालांकि इनके खेतों में केले के पौधे भी नहीं लगे हैं। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना या बागबानी मिशन के तहत, केला टिशू कल्चर के लिए इकाई लागत का 40त्न अनुदान दिया जाता है। बिना ड्रिप सुविधा वाले केले के लिए, इकाई लागत 1,02,462 रुपये प्रति हेक्टेयर है, जिसमें से 40,985 रुपये दो वर्षों में अनुदान के रूप में दिए जाते हैं। लेकिन ज्यादातर मामलों में देखा गया है कि दूसरे जिन किसानों को पैसा मिलता भी है उन्हें दूसरे वर्ष कोई रकम न देकर खाद के नाम पर खानापूर्ति कर ली जाती है। पीड़ित किसान राज कुमार ने इस संवाददाता को बताया कि उन्होंने जिलाधिकारी मोनिका रानी से यह भी अनुरोध किया है कि एक कमेटी बनाकर इसकी जाँच करा ली जाए। उन्होंने यह भी बताया कि मैंने अपने भुगतान के लिए सांसद आनन्द गौड़ और पद्मसेन चौधरी से फोन भी कराया लेकिन उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी पर कोई फर्क नहीं पड़ा। इस बारे में दिनेश चौधरी जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि उपरोक्त किसान का पेमेंट होना था जो पोर्टल ना चलने की वजह से नहीं हो पाया है और इस समस्या के कारण उसने शिकायत की है। उन्होंने यह भी बताया कि इस प्रकार के कई किसानों का भुगतान पेंडिंग है जो निदेशालय स्तर से उसका शीघ्र समाधान कराया जाएगा। मालूम हो कि प्रदेश में केले की खेती का विस्तार व किसानों की जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए सरकार नई-नई योजनाएं बनाती है लेकिन दिनेश चौधरी जैसे अधिकारियों के उन योजनाओं पर पलीता लगाने के कारण किसान उन्नति नहीं कर पा रहा है। बहराइच में पिछले वर्ष 250 हेक्टेयर केले का लक्ष्य था और इस वर्ष 150 हेक्टेयर यानि दो वर्ष में 400 हेक्टेयर। इस हिसाब से अगर 4 करो? का 50 प्रतिशत विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों ने खाया तो सिर्फ एक योजना में 2 करोड़ घोटाला होने का अनुमान है।बहरहाल अगर जिलाधिकारी ने उपरोक्त पीड़ित किसान की लिखित शिकायत को गंभीरता पूर्वक संज्ञान लेकर जांच कराई तो सच जरूर सामने आएगा।

## चार सुतली बम के साथ गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।?तनपुर थाना के उपनिरीक्षक विकास निषाद ने चेकिंग दौरान चार सुतली बम के साथ राजेश पाल उर्फ सुशील पाल उर्फ सर्किट पुत्र विजय शंकर पाल निवासी भोजेमऊ को हरिपालमऊ नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर विस्फोट अधिनियम मे अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।

# सीएम से मिली नगर अध्यक्ष चन्द्र लता पीएचसी को सीएचसी बनाने की मांग



**स्वतंत्र भारत संवाद मानिकपुर प्रतापगढ़।**आदर्श नगर पंचायत मानिकपुर की अध्यक्ष चन्द्र लता जयसवाल और प्रतिनिधि आशुतोष जयसवाल डिंपू ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की।अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को मां ज्वालामुखी की प्रतिमा भेंट किया।अध्यक्ष चन्द्र लता जयसवाल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने की मांग की।अध्यक्ष ने मां ज्वालामुखी देवी धाम के विकास तथा शाहाबाद गंगा जी घाट के विकास किए जाने की मांग की।अध्यक्ष चन्द्र लता जयसवाल ने मानिकपुर नगर को स्मार्ट टाउन योजना में शामिल किए जाने की मांग की।अध्यक्ष चन्द्र लता जयसवाल और प्रतिनिधि आशुतोष जयसवाल डिंपू नगर के चौमुखी विकास को लेकर तत्पर है,जिससे नगरवासियों को अधिक से अधिक सुविधाओं की अनुभूति हो सके।

## प्रतियोगी पुस्तकें पाकर नौनिहालों के खिले चेहरे

**स्वतंत्र भारत संवाद जेठवारा प्रतापगढ़।**नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह स्थित मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह के प्रधानाध्यापक मोहम्मद फरहीम द्वारा नौनिहालों को प्रतियोगी पुस्तकें भेंट की गई। इस विद्यालय से 80 बच्चे राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके है।श्रेष्ठा परीक्षा में अंश कनौजिया की 98 वीं और दिव्यांश आनंद की 1048 वीं रैंक,दोनों बच्चों का हरियाणा प्रान्त में प्रवेश हो चुका है। मोहम्मद फरहीम के अथक प्रयास से बच्चे अपना उज्जवल भविष्य बना रहे है,अभिभावक भी खुश रहते हैं।यह सरकारी स्कूल आस पास के निजी स्कूलों को कांटे की टक्कर देता है,अन्य सरकारी स्कूलों को मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह से सीख लेनी चाहिए।आज कई सरकारी स्कूल पेयरिंग मर्जर से जूझ रहे है, जिसका मुख्य कारण बच्चों के प्रति लापरवाही है,जिसका खामियाजा गरीब अपना पेट काटकर महीने का डेढ़ से ढाई सौ रुपए निजी स्कूलों को फीस दे रहा है और बड़े निजी स्कूलों तक उसकी पहुंच ही नहीं है।

# देश व्यापी हड़ताल में अपनी मांगों को लेकर गर्जी प्रयागराज आंगनवाड़ी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता फूलपुर प्रयागराज।** केंद्र और प्रदेश सरकार के तानाशाही रवैए से नाराज प्रयागराज जनपद की सैकड़ों आंगनवाड़ी और सहायिकाओं ने आल इंडिया ट्रेड यूनियन के समर्थन में बुधवार को संविदा कर्मचारी महासंघ के साथ मिलकर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सिविल लाइंस हनुमान मंदिर पर सुबह दस बजे एकत्रित हुई। आंगनवाड़ी कर्मचारी व सहायिका एसोसिएशन के मंडल संरक्षक संतोष मिश्रा जिला संरक्षक मौजी लाल रावत प्रदेश संरक्षक श्याम सूरत पांडेय के नेतृत्व में जुलूस निकाल कर सरकार विरोधी नारे लगाते हुए सुभाष चौराहा होकर पत्थर गिरजा घर पहुंच कर घटना प्रदर्शन में शामिल हुई जहां जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित अपर जिलाधिकारी को प्रधानमंत्री राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन अपनी मांगों को लेकर सौंपा। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए संघबके मंडल संरक्षक संतोष मिश्रा ने कहा कि केंद्र वा प्रदेश की तानाशाही सरकारें बिना सुविधा दिए ही आंगनवाड़ियों से फेसकैपचेटिंग के जरिए टी एच आर का राशन वितरण करने के लिए परेशान किया जा रहा है जो गलत है



आंगनवाड़ी सरकार के विभागीय कार्यों के अलावा गैर विभागीय कार्य भी कर रही है । संघ के जिला संरक्षक मौजी लाल रावत ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार आंगनवाड़ियों का शोषण कर रही है जब की आंगनवाड़ी और सहायिकाएं सरकारी कर्मचारियों से अधिक काम कर रही है लेकिन सरकार इन्हें बहुत ही कम मानदेय दे रही है मानदेय बढ़ाए जाने सहित इन्हें सरकारी कर्मचारी का दर्ज मिलना चाहिए जब तक उन्हें सरकारी कचर8 नहीं घोषित नहीं किया जा रहा है तब तक इन्हें न्यूनतम वेतन अधिनियम के तहत ,26 हजार रुपए प्रति माह दिया जाए यह मुख्य मांग है। संघ के प्रदेश संरक्षक एवं संविदा कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष श्याम सूरत पांडेय ने कहा कि सरकार के तानाशाही रवैया से अजीज आकर आंगनवाड़ी ट्रेड यूनियन के साथ मिलकर अपनी मांगों को मनवाने के लिए सरकार लड़ने के लिए सड़कों पर उतर चुकी है इनकी लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक लड़ने के लिए ट्रेड यूनियन ने संकल्प लिया है। यह तो एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल रही यदि सरकार जल्द ही मांगी को नहीं मानती तो अनिश्चित कालीन काम बंद कलम बंद हड़ताल होगी जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। मौके पर शुरूर फातिमा,रनों जायसवाल,सुशीला देवी,मंजू देवी,साबित देवी,प्रभावती,संजू सिंह सहित सैकड़ों को संख्या में आंगनवाड़ी और सहायिकाएं मौजूद रही।

## गुरु पूर्णिमा धूमधाम के साथ मनाया गया

**स्वतंत्र भारत नैनी, प्रयागराज।** महर्षि महेश योगी आश्रम संगम तट अरैल नैनी प्रयागराज आश्रम के अध्यक्ष अध्यक्ष वेद विद्या मार्तंड ब्रह्मचारी महर्षि के परम शिष्य गिरीश वर्मा के निर्देशन में संपूर्ण भारत में गुरु पूर्णिमा मनाई जा रही है। गुरु पूर्णिमा धूमधाम के साथ मनाया गया इस अवसर पर आश्रम प्रभारी सुनील श्रीवास्तव आश्रम प्रभारी वसंत दास ने गुरु के चरणों में पुष्प अर्पित करके गुरु पूजन से कार्यक्रम का प्रारंभ किया विद्वान वैदिक पंडितों को द्वारा संस्कृत कार्यक्रम



आयोजित किया गया इस अवसर पर आश्रम प्रभारी सुनील श्रीवास्तव आश्रम बसंत दास ने कहा महर्षि जी ने अपने गुरु के चरणों के आशीर्वाद से भारतीय संस्कृति की रक्षा करने के लिए पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति का प्रचार किया इस अवसर पर आश्रम प्रभारी सुनील श्रीवास्तव ,आश्रम प्रभारी बसंत दास ,समाधि स्थल प्रभारी धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सामाजिक कार्यकर्ता सरदार पतविंदर सिंह, डॉ जेपी श्रीवास्तव, डी एन श्रीवास्तव सिंह, अरुण त्रिवेदी ,विमल मिश्रा, जयप्रकाश तिवारी, विजय पांडे ,जितेंद्र ,रोहित तिवारी ,संजय श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी सुरेश श्रीवास्तव, संतलाल यादव, हरीश श्रीवास्तव, जितेंद्र दास, संचालन भूपेंद्र मिश्रा भागवत आचार्य ने किया

## वृक्ष लगाने से हम सबको शुद्ध वायु मिलता है

**स्वतंत्र भारत संवाददाता फूलपुर प्रयागराज** । वृक्ष पृथ्वी का आभूषण है वृक्ष से पृथ्वी की सुंदरता बढ़ती है साथ ही साथ हम सब को शुद्ध वायु भी प्राप्त होती है उपरोक्त विचार भाजपा फूलपुर मंडल द्वारा एक पेड़ मां के नाम वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत बूथ संख्या 66 इस्माइल गंज में वृक्षारोपण के दौरान मुख्य अतिथि आत्माधर द्विवेदी ने व्यक्त किया इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय इस्माइल गंज में लगभग 35 पौधे लगभग लगाए गए तथा विद्यालय के बच्चों सहित उपस्थित सभी लोगो ने लगाए गए पौधे की सुरक्षा एवं स्वच्छता का संकल्प लिया इस अवसर पर सुरेश चंद्र विश्वकर्मा काशीनाथ दूबे आलोक गुप्ता अरविंद यादव आकाश



यादव सभासद एवं मंडल महामंत्री राहुल विश्वकर्मा धीरज मौर्य डॉक्टर ज्ञानचंद शाहिद अख्तर मोहम्मद शमीम रुचि वर्मा किरण आदि उपस्थित रहे

## ध्वस्त हुए पुलिस चौकी के स्थान पर बने पुलिस बूथ, नैनी व्यापार मंडल ने उठाई मांग

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नैनी।** नैनी व्यापार मंडल की एक अहम बैठक गुरुवार को मेवालाल बगिया स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता व्यापार मंडल अध्यक्ष सुभाष चंद्र केशवानी ने की। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि पीडीए द्वारा किए गए सड़क चौड़ीकरण कार्य के चलते नैनी स्टेशन रोड स्थित पुरानी पुलिस चौकी ध्वस्त हो गई थी, जिसकी वजह से क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बढ़ गया है।व्यापारियों ने बताया कि चौकी न होने के कारण क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल व्याप्त हो गया है। दिन-दहाड़े राहगीरों व व्यापारियों से कहासुनी व झगड़े की घटनाएं आम हो गई हैं। साथ ही अध्यक्ष जी ने कहा कि इन दिनों खाली बची जमीन पर कई असामाजिक तत्वों की नजर भी है। कोई अनहोनी ना हो जाए इसके लिए बैठक में सर्वसम्मति से निणय लिया गया कि शेष बची जमीन पर सुरक्षा की दृष्टि से तत्काल एक स्थायी पुलिस बूथ का निर्माण कराया जाए। ताकि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहें। बैठक में प्रमुख रूप से मो0 अजहर, धनन जायसवाल, रमेश केशरवानी, नाज़िम खान, राजेश केशरवानी, बल्लू, कौशल सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

## 20 दिवसीय 'नाट्य अभिनय कार्यशाला' का 'स्वराज विद्यापीठ'के सभागार में समापन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** संस्था आधारशिला प्रयागराज एवं स्वराज विद्यापीठ प्रयागराज के संयुक्त तत्वाधान में आज दिनांक 10 जुलाई 2025 को विगत 21 जून 2025 से चल रहे 20 दिवसीय 'नाट्य अभिनय कार्यशाला' का 'स्वराज विद्यापीठ'के सभागार में



समापन हुआ जिसमें कलाकारों द्वारा अपने-अपने अभिनय के कुछ अंश प्रस्तुत किए गए इस कार्यशाला में लगभग 17 कलाकारों ने प्रतिभागिता की। उसके बाद सभी कलाकारों को संस्था आधारशिला के अध्यक्ष श्री रमाकांत शर्मा एवं स्वराज विद्यापीठ की अध्यक्षा के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ रंग निर्देशक(आधारशिला) श्री अजय केशरी ने किया।

## एनजीबीयू में सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का समापन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय के शोध केंद्र में चल रहे सात दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का समापन हुआ। सात दिनों से चल रहे एफडीपी के अंतिम दिन समापन कार्यक्रम में कुलपति प्रो0 रोहित रमेश ने अपने उद्बोधन में शिक्षण की ब्लूम्स टैक्सोनामी की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि जो ज्ञान छात्र को दिया गया है वह ज्यादा से ज्यादा उसका उपयोग कर पाए इसके लिए ब्लूम्स टैक्सोनामी का अनुसरण करना चाहिए। प्रतिकुलपति डॉ0 एस0सी0 तिवारी ने अपने उद्बोधन में शिक्षण के चार क्वाडरैंट की चर्चा की। कहा की भारत में गुरूकुल शिक्षण पद्धति में इसका उपयोग किया जाता था। भारतीय ज्ञान परंपरा को विस्तार से बताया। कार्यक्रम के समापन सत्र में सभी अध्यापको ने अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के समन्वयक व आईक्यूएसी निदेशक डॉ0 हिमांशु टण्डन ने एफडीपी की उपयोगिता बताते हुए इसे और विस्तार देने की बात कही। संचालन डॉ0 श्रवण मिश्रा ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं अधिकारीगण मौजूद रहे।

## मंत्री नन्दी ने हाटकेश्वरनाथ मंदिर में की सफाई

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के उपलक्ष्य में सेवा पखवारा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए मंत्री नन्दी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** देश की एकता व अखण्डता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान चिंतक एवं शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवारा के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने जीरो रोड प्रयागराज स्थित हाटकेश्वरनाथ महादेव मंदिर में स्वच्छता कार्यक्रम में सम्मिलित होते हुए देवाधिदेव महादेव के मंदिर परिसर में सफाई की। मंत्री नन्दी ने मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर साफ सफाई की। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंत्री नन्दी ने राष्ट्र सर्वोपरि का मंत्र देने वाले, 'एक प्रधान-एक विधान-एक निशान' के प्रणेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।इस अवसर पर चौक मंडल अध्यक्ष सुमित वैश्य, नवरतन कत्याल, मनमोहन मिश्रा, अविनाश त्रिपाठी, अनूप मिश्रा, अनूप अग्रवाल, बचपन गुप्ता, मोहित मालवीय, पंकज शुक्ला, धीरज केसरवानी, लता उपाध्याय, रोशनी अग्रवाल, बीना सारस्वत, शिल्पी मालवीय, रतनेश यादव, विकाश द्विवेदी, लिप्पी विशाल पाठक, जतिन अग्रवाल, सुनील दुबे, मनोज केसरवानी, राजेश अग्रवाल, अनन्नू केसरवानी एवं अन्य गणमान्यजन मौजूद रहे।



## रोजगार मेले का आयोजन 14 को

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनी, प्रयागराज के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 14.07.2025 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,नैनी, प्रयागराज परिसर में प्रातः 10:00 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जाना है । उक्त मेले में निजी क्षेत्र की लगभग 14 कम्पनियों द्वारा 1000 विभिन्न रिक्त पदों पर चयन की कार्यवाही की जायेगी। रोजगार मेला में हाईस्कूल/इण्टर/सनतक/आई0टी0आई0/डिप्लोमा उत्तीर्ण, आयु सीमा 18 से 40 वर्ष के अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल ojgaarsangam.up.gov.in पर अपना पंजीयन करके अपने समस्त अंक-पत्र एवं जाति प्रमाण-पत्र की छायाप्रति के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं। अभ्यर्थी रिक्तियों से सम्बन्धित विस्तृत विवरण रोजगार संगम पोर्टल पर प्राप्त कर सकते हैं। इस मेले में प्रतिभाग हेतु यात्रा भात्ता देय नहीं होगा।

## गुरु पूर्णिमा पर आद्य सद्गुरु की पादुका पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न

**स्वतंत्र भारत संवाददाता मेजा प्रयागराज।** श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर भइयां में श्रद्धालुओं द्वारा भव्य पादुका पूजन कार्यक्रम मनाया गया। गुरु पूर्णिमा के दिन सदियों से मनाया जाने वाला इस दिवस के विषय पर अपने प्रवचन में भक्तों को सम्बोधित करते हुए मंदिर के पीठाधीश्वर ब्रह्मानंद महाराज ने बताया कि गुरु तत्व की प्रधानता से ही मानव जीवन का चरम लक्ष्य प्राप्त होता है । सम्पूर्ण सृष्टि में गुरु तत्व परिव्याप्त है। सीमित से असीमित में एकाकार होने के लिए गुरु तत्व की अहैतुकी कृपा चाहिए और यह तभी सम्भव है जब गुरु के सानिध्य में शरणागति होगी। वैसे भी हमारे पूर्वजों द्वारा बहुत ही स्पष्ट कहा गया है कि गुरु गोविंद दोउ खड़े काके लागूं पाय। बलिहारी



गुरु आपने गोविंद दियो बताय । सनातन धर्म में आस्था रखने वाला हर व्यक्ति इस बात को बखूबी समझता है कि बिना गुरु के ज्ञान नहीं प्राप्त किया जा सकता है। अनादि अक्षरातीत परमात्मा कृष्ण के अनुयायी एवं मन्दिर ट्रस्ट के महामंत्री अवधेश कुमार मिश्र ने बताया कि कृष्ण प्रणामी मंदिर भइयां के संस्थापक परमहंस श्री श्री 108 गोपाल मणि महाराज की जागनी का केंद्र और तपोस्थली होने के कारण आज भी ग्रामीणों पर कृपा अनवरत बनी हुई है इसलिए समस्त ग्रामीण उन्हें आद्य सद्गुरु के स्वरूप में निष्ठा एवं विश्वास स्वरूप में स्वीकार एवं आत्मसात करता है। गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर कमलेश प्रसाद मिश्र, अभिषेक कुमार, राजभवन दूबे, मुनन दूबे, हरिश्चन्द्र, सर्वेश कुमार, धनंजय, उमाशंकर पुजारी, विमला देवी, मंजुला देवी, गीता देवी, आदि सहस्त्रों संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए एवं सद्गुरु की पादुका पूजन करते पूर्व पीठाधीश्वर परमधामवासी गुरु अनंत दास महाराज के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करके वर्तमान पीठाधीश्वर ब्रह्मानंद महाराज की पूजा अर्चना की।

## गुरु पूर्णिमा महोत्सव में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, पूर्व सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी ने किया गुरु पूजन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नैनी।** क्षेत्र केअरैल स्थित श्री सच्चा आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मंगलवार को पूरे श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया। महोत्सव के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और संतों की उपस्थिति रही। पूर्व सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी ने आश्रम पहुंचकर विधिवत गुरु पूजन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया।कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ज्ञानेश्वर शुक्ला, लक्ष्मीकांत तिवारी और राजन शुक्ला ने स्वामी डॉ. चंद्रदेव जी महाराज को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। महोत्सव की गरिमा बढ़ाने वाले प्रमुख संतों में स्वामी चंद्रदेव जी महाराज, स्वामी दिव्यानंद जी महाराज (अध्यक्ष, संत संघ श्री सच्चा आश्रम), डॉ. शत्रुघ्न ब्रह्मचारी जी महाराज (कार्यकारी अध्यक्ष), श्री प्रवेश ब्रह्मचारी महाराज (मंत्री), आचार्य योगेंद्र (योगा बाबा), स्वामी अनंतराम जी महाराज, सतीश चंद्र पांडेय, पूजन आचार्य गंगाधर शास्त्री शामिल रहे।इन सभी विद्वान संतों ने मिलकर महोत्सव को आध्यात्मिक ऊर्जाओं से भर दिया।



## परमात्मा की कृपा के बिना सच्चा गुरु नहीं मिलता

**स्वतंत्र भारत संवाददाता फूलपुर प्रयागराज** । गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भाजपा फूलपुर मंडल द्वारा जाफरपुर बाबूगंज स्थित राम जानकी मंदिर के महंत श्री श्री 108 श्री गोपाल दास महात्यागी जी महाराज का पूजन किया गया इस अवसर पर पूज्य महाराज जी ने कहा कि बगैर परमात्मा की कृपा के सच्चा गुरु नहीं मिलता गुरु की महिमा अनंत है गुरू की कृपा के बगैर मनुष्य भवसागर से पार नहीं हो सकता इस अवसर पर राकेश केसरवानी आलोक गुप्ता अशोक चौधरी काशी नाथ मिश्रा राहुल विश्वकर्मा विजय पाल राज कुमार कश्यप विजय पुष्कर विनोद सिंह शाहिद अख्तर रानी मोदनवाल कृष्ण मोदनवाल राज कुमार मोदनवाल अरुणेश पांडेय साधना आदि उपस्थित रहे

## महाविद्यालय कर्मियों ने पौधारोपण कर प्रबंधक को दी श्रद्धांजलि

**स्वतंत्र भारत संवाददाता मेजा प्रयागराज।** आरबीएस महाविद्यालय, मेजा खास, प्रयागराज के प्रबंधक प्रो. चंद्रकांत शुक्ला का निधन 28 जून को हो गया था। उनके निधन पर महाविद्यालय परिवार ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य डॉ. राजेश मिश्रा के नेतृत्व में वटवृक्ष का पौधारोपण कर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गई।प्राचार्य डॉ. मिश्रा ने बताया कि प्रो. चंद्रकांत शुक्ला ने ग्रामीण क्षेत्र में तकनीकी एवं प्रबंधन शिक्षा के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से ऐसी शिक्षा को उन लोगों तक पहुँचाया जो या तो कार्यरत थे अथवा आर्थिक रूप से कमजोर थे और औपचारिक शिक्षा ग्रहण करने में असमर्थ थे। उनके प्रयासों से हजारों विद्यार्थियों ने तकनीकी दक्षता प्राप्त कर देश-विदेश की संस्थाओं में रोजगार प्राप्त किया और जीवन में सफलता पाई।डॉ. मिश्रा ने कहा कि प्रयागराज जनपद के मेजा क्षेत्र में स्थापित आरबीएस महाविद्यालय, आरबीएस लॉ कॉलेज एवं आरबीएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की नींव उन्हीं के मार्गदर्शन में रखी गई। वे स्वयं नैनी स्थित शुआट्स विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत रहे तथा उच्च शिक्षा से निरंतर जुड़े रहे। उन्होंने ग्रामीण अंचलों में तकनीकी, प्रबंधन एवं उच्च शिक्षा को सुलभ और सहज बनाने के लिए निरंतर कार्य किया।



## बिजली विभाग के निजीकरण के विरोध में उतरे संघर्ष समिति के अध्यक्ष बालकृष्ण पांडे

**मेजा प्रयागराज।** बिजली विभाग के निजीकरण के विरोध में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम कर्मचारी के अध्यक्ष बालकृष्ण पांडे उर्फ विक्की पांडे ने गुरुवार को मेजारोड विद्युत वितरण खंड कार्यालय में पहुंचकर विरोध जताया। संघर्ष समिति के सदस्यों ने कई मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।बताया गया कि वाराणसी में सुनवाई के दौरान नियामक आयोग के सामने उठेगा निजीकरण का मुद्दा झूठ है। संघर्ष समिति के सदस्यों ने कहा कि आकड़ों और धमकी के बल पर निजीकरण करने की कोशिश कामयाब नहीं होने दी जायेगी। इसी को लेकर मेजा में विरोध सभा आयोजित की गई।जिसमें विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, प्रयागराज ने कहा है कि झूठें आकड़ों, धमकी और दमन के बूते निजीकरण की साजिश कामयाब नहीं होने दी जायेगी। संघर्ष समिति द्वारा वाराणसी में टैरिफ की सुनवाई के दौरान निजीकरण का मुद्दा नियामक आयोग के सामने उठाकर निजीकरण की प्रक्रिया निरस्त करने की मांग की जायेगी। आज लगातार 225वें दिन बिजली कर्मियों ने प्रान्तव्यापी विरोध प्रदर्शन जारी रखा। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, प्रयागराज के पदाधिकारियों ने आज यहां बताया कि निजी घरानों को मदद देने के लिए विद्युत वितरण निगमों ने निजीकरण के पहले टैरिफ में 45 प्रतिशत तक वृद्धि का प्रस्ताव नियामक आयोग को भेज कर निजीकरण के बाद बिजली दरों में होने वाली बेतहाशा वृद्धि का संकेत दे दिया है। उन्होंने बताया कि विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के पदाधिकारी और बिजली कर्मी 11 जुलाई को वाराणसी में नियामक आयोग के सामने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का मुद्दा जोर-शोर से उठायेंगे। संघर्ष समिति ने बताया कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में कुल 6327 करोड़ रूपये की सब्सिडी विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं को दी जा रही है। अत्यन्त दुर्भाग्य का विषय है कि सरकार की फंडिंग के नाम पर पॉवर कारपोरेशन प्रबन्धन इस सब्सिडी को कैश गैप में जोड़ कर घाटे में दिखा रहा है। इससे ऐसा लगता है कि निजीकरण के बाद किसानों, बुनकरों और गरीब घरेलू उपभोक्ताओं की सब्सिडी है। इस प्रकार कुल 6327 करोड़ रूपये की सब्सिडी विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं को पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में दी जा रही है। संघर्ष समिति ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में वर्ष 2024-25 में गैर सरकारी उपभोक्तओं से 13297 करोड़ रूपये राजस्व वसूल किया गया। सरकारी विभागों पर 4182 करोड़ रूपये का राजस्व बकाया है जो सरकारी विभागों ने नहीं दिया है। सरकारी विभागों का राजस्व बकाया देना सरकार की जिम्मेदारी है। सरकारी विभाग का राजस्व जोड़ लिया जाये तो वर्ष 2024-25 में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम का कुल राजस्व 17479 करोड़ रूपये हो जाता है। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम ने विद्युत नियामक आयोग को बताया है कि वर्ष 2024-25 का कुल खर्चा 20564 करोड़ रूपये है। इस प्रकार वर्ष 2024-25 में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम का घाटा मात्र 3242 करोड़ रूपये है। पावर कारपोरेशन प्रबन्धन बढ़ाचढ़ा कर घाटे के झूठे आकड़ें दे रहा है और इस आधार पर निजीकरण किया जा रहा है। संघर्ष समिति प्रबन्धन के झूठे आंकड़ों के आधार पर निजीकरण के प्रस्ताव के विरोध में 11 जुलाई को वाराणसी में नियामक आयोग के सामने तथ्य रख कर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की प्रक्रिया निरस्त करने की मांग करेगी। संघर्ष समिति ने कहा है कि झूठे आकडों के साथ निजीकरण के लिए भय का वातावरण बनाया जा रहा है।



## फ्रैंकलिन टेम्पलटन ने लॉन्च किया फ्रेंकलिन इंडिया मल्टी एसेट एलोकेशन फंड

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** फ्रैंकलिन टेम्पलटन (इंडिया) ने आज फ्रेंकलिन इंडिया मल्टी एसेट एलोकेशन फंड (FIMAAF) के शुभारंभ की घोषणा की। यह एक ओपनएंडेड मल्टी एसेट एलोकेशन फंड है जो इक्विटी, डेट और कमोडिटीज में निवेश करता है। यह फंड सक्रिय रूप से मैनेज किया जाएगा और इसका उद्देश्य लंबी अवधि में पूंजी में वृद्धि? करना है। इसमें लार्ज, मिड और स्मॉल कैप सेगमेंट में ग्रोथ और वैल्यू स्ट्रैटेजी के मिश्रण के साथ साथ डेट, मनी मार्केट इंस्ट्रूमेंट्स और कमोडिटीज में निवेश शामिल होगा। न्यू फंड ऑफर (न्इध) 11 जुलाई 2025 से खुलेगा और 25 जुलाई 2025 तक चलेगा, जिसमें यूनिट्स 10 प्रति यूनिट की कीमत पर उपलब्ध होंगी। लॉन्च पर फ्रैंकलिन टेम्पलटन-इंडिया के प्रेसिडेंट अविनाश सत्वालकर ने कहा इस फंड का लॉन्च हमारे ग्राहकों की प्राथमिकताओं, लक्ष्यों और चुनौतियों को समझने और उन्हें लंबी अवधि के वित्तीय उद्देश्यों से मेल खाने वाले समाधान देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एफआईएमएएएफ एक लचीली एलोकेशन स्ट्रैटेजी अपनाता है जो इक्विटी, फिक्स्ड इनकम और कमोडिटीज के विशिष्ट रिस्क-रिटर्न प्रोफाइल का लाभ उठाने के लिए डिजाइन की गई है।

## गुरु पूर्णिमा पर पूर्व सांसद ने निभाई गुरु-शिष्य परंपरा

प्रयागराज।(आरएनएस ) जूना अखाड़ा स्थित मौज़गिरी आश्रम में गुरु पूर्णिमा पर विशेष आयोजन हुआ। निवर्तमान भाजपा सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी ने महंत शिवानंद गिरी को अंग वस्त्र भेंट किए। उन्होंने गुरु-शिष्य परंपरा का पालन करते हुए महंत को नमन किया।डॉ जोशी ने कहा कि गुरु पूर्णिमा आत्मचिंतन का दिन है। भारत में संतों और साधुओं को विशेष स्थान मिला है। उन्होंने कहा कि संत केवल धार्मिक मार्गदर्शन ही नहीं देते। वे समाज को नैतिकता और सही दिशा भी दिखाते हैं। उन्होंने बताया कि राजनीति से देश का विकास होता है।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## जरूरत की ऊर्जा

यह आकलन उत्साहवर्धक है कि इस साल के अंत तक अक्षय या नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन जीवाश्म ऊर्जा से अधिक हो जायेगा, यह पेरिस समझौते की प्रतिबद्धता को भी ध्वनित करता है। इस समय देश में कुल बिजली उत्पादन 472 गीगावाट है, जिसमें जीवाश्म ऊर्जा (कोयला, गैस, लिग्नाइट और डीजल) की हिस्सेदारी 240 गीगावाट, जबकि नवीकरणीय ऊर्जा (जलविद्युत, पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा और अपशिष्ट से ऊर्जा) की हिस्सेदारी 232 गीगावाट है। प्रतिशत में देखें, तो कुल बिजली उत्पादन में जीवाश्म ईंधन की हिस्सेदारी 52 प्रतिशत और नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी 48 फीसदी है। इस वर्ष कुल बिजली उत्पादन के 526 गीगावाट तक पहुंचने का अनुमान है। हालांकि भारत का लक्ष्य 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन बढ़ाकर 500 गीगावाट करना है, जो कुल ऊर्जा उत्पादन का 50 फीसदी होगा। अभी सबसे अधिक लगभग 45 फीसदी बिजली कोयले से बनती है, जबकि सौर ऊर्जा की हिस्सेदारी करीब 23 प्रतिशत और जल विद्युत व पवन ऊर्जा की हिस्सेदारी 10-10 फीसदी है। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भारत ने पिछले एक दशक में भारी वृद्धि दर्ज की है। वर्ष 2014 में स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता मात्र 2.82 गीगावाट थी, जो 2025 में बढ़कर 100 गीगावाट से अधिक हो गयी। भारत इस समय दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक है और सौर पैनल, सौर पार्क तथा रूफटॉप सौर परियोजनाओं जैसी पहलों का इसमें महत्वपूर्ण योगदान है। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना रूफटॉप सौर ऊर्जा को बढ़ावा दे रही है। जीवाश्म ईंधन का इस्तेमाल कम होने से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम होता है और वायु तथा जल प्रदूषण भी कम होता है। इससे पर्यावरण को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। इसी को देखते हुए सरकार ने 2.5 गीगावाट के दो बिजली संयंत्रों (एक कोयला और एक गैस) को फिलहाल बंद करने का फैसला किया है। हालांकि विशेषज्ञों का आकलन है कि वायु प्रदूषण के कारण भविष्य में सौर ऊर्जा का उत्पादन प्रभावित हो सकता है। एक चुनौती यह भी है कि नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता अभी कुछ राज्यों तक ही सीमित है। कुल 500 गीगावाट के लक्ष्य तक पहुंचने और नेट जीरो की राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा को हासिल करने के लिए देश के सभी राज्यों को योगदान देना होगा।

## कोर्ट का क्षोभ

अनुशासित समाज वही होता है जिसमें सभी गतिविधियां नियमों और कानूनों के अनुसार एकरूपता में संचालित हों। ऐसा न होने पर पूरी व्यवस्था छिन्न-भिन्न हो जाती है। उसकी जगह अराजकता लेने लगती है। हालांकि ज्यादातर लोग स्वेच्छा, संस्कार, शालीनता, दंड के भय आदि कारणों से कानून का पालन करना अपना कर्तव्य समझते हैं और छोटी-छोटी बातों में भी इसका ध्यान रखते हैं लेकिन ऐसे लोगों की भी बड़ी संख्या है जो किसी मजबूरी नहीं बल्कि अपनी दबंगई और शेखी के चलते कानून का उल्लंघन करने में ही गर्व का अनुभव करते हैं। होता यह है कि कभी-कभी पुलिस द्वारा की जाने वाली अनदेखी, लापरवाही, साक्ष्य के अभाव या अपराध को दलीलों के जाल में फंसा कर कुछ लोग सजा से बचने में कामयाब हो जाते हैं या उनको हल्की सजा मिलती है तो वहीं से उनका मनोबल और उन जैसी मानसिकता वाले लोगों का हौसला बढ़ जाता है। तब वे आगे चलकर और बढ़ी हुई हिम्मत के साथ कानून से खिलवाड़ करते जाते हैं। ऐसी प्रवृत्तियों को लक्ष्य करके ही इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने साफ तौर पर कहा है कि कानून को नकारने की प्रवृत्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उसका कहना है कि यह कानून और विधान पर हमले की तरह है। कानून को दरकिनार करने का दुस्साहस है व हम कानून के शासन की रक्षा तथा तथा न्यायहित में हस्तक्षेप करेंगे। कोर्ट की चिंता इसलिए भी सही है क्योंकि इस तरह की प्रवृत्ति अब छोटे से लेकर बड़े यानी हर स्तर पर बढ़ती जा रही है। यहां तक कि अक्सर कुछ राजनीतिज्ञ एवं उच्च पदस्थ अधिकारी भी ऐसा करने में नहीं हिचकिचाते। किसी को अपनी ऊंची पहुंच तो किसी को अपनी पैसे की ताकत पर भरोसा होता है। इसी के सहारे वे कानून की पकड़ से निकलने में सफल भी होते रहते हैं। तो समस्या यह है कि कानून का उल्लंघन करने वालों के जाल भी काफी दूर तक फैले हुए हैं जिनको नियंत्रित करना बहुत आवश्यक है। उच्च न्यायालय के मंतव्य को ध्यान में रखते हुए कानून लागू कराने वाली विभिन्न एजेंसियों की जिम्मेदारी ऐसे में और अधिक बढ़ जाती है।

## काँव-काँव

♦♦♦

**वैज्ञानिक प्रयासों से धरती की रक्षा संभव -योगी**
वैज्ञानिकों के बनाये हाईड्रोजन बम की कसम!
**अंतरिक्ष में किसान बने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला**
यूपी में प्रापर्टी डीलर किसानी नहीं करने दे रहे!
**रियल स्टेट कारोबारी शहबाज ने की आत्महत्या**
रियल स्टेट कारोबार में रियल कुछ नहीं होता!
**वोटरों की चोरी कर रहा निर्वाचन आयोग-राहुल**
लखनऊ के नक्खास बाजार में जरूर मिलेंगे!
**गुजरात में पुल टूटने से नौ नागरिक हुए दिवंगत**
नल नील का बनाया रामसेतु अभी सुरक्षित है!
**राज्य प्रायोजित आतंकवाद में लिप्त पाकिस्तान**
तालिबानी शासन को समर्थन हमने दे रखा है!

♦♦♦

# दलाई लामा का मुद्दा और भारत-चीन

विगत दो जुलाई को, अपने 90वें जन्मदिन से कुछ दिन पहले दलाई लामा ने कहा, 'मैं यह पुष्टि करता हूं कि दलाई लामा संस्था जारी रहेगी और भविष्य




**- प्रो. बीआर दीपक**

में मेरे पुनर्जन्म को मान्यता देने का अधिकार केवल गदेन फोडरंग ट्रस्ट को होगा, किसी और को इसमें दखल देने का कोई अधिकार नहीं है.' छह जुलाई को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने दलाई लामा को उनके 90वें जन्मदिन पर दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दीं, जिससे चीन भड़क उठा. चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि 'नयी दिल्ली को शित्सांग (तिब्बत) से जुड़े मामलों की अत्यधिक संवेदनशीलता को पूरी तरह समझना चाहिए और 14वें दलाई लामा के स्वभाव को पहचानना चाहिए'. उन्होंने आगे यह कहा कि 14वें दलाई लामा राजनीतिक निर्वासित हैं, जो लंबे समय से अलगाववादी गतिविधियों में संलग्न हैं. भारत में चीन के राजदूत श्री फेईहूंग ने भी कुछ इसी तरह की टिप्पणी की. उत्तराधिकारी से संबंधित दलाई लामा की यह घोषणा सीधे बीजिंग के उस दावे को चुनौती देती है कि तिब्बती धार्मिक मामलों पर सिर्फ चीन का एकाधिकार है. यह दावा 1793 की साम्राज्यकालीन परंपराओं और 2007 के आधुनिक कानूनी प्रावधानों पर आधारित है. रीतियों की बात करें, तो अक्सर उद्धृत 'तिब्बत के अधिक प्रभावी शासन के लिए 1793 के 29-धारा अध्यादेश' का हवाला दिया जाता है, जिसके तहत अंबान (तिब्बत में चीन के सम्राटीय आयुक्त) को दलाई लामा और पंचेन लामा के समान दर्जा दिया गया था. दलाई लामा, पंचेन और अन्य उच्च लामा का पुनर्जन्म गोल्डन अर्न की प्रक्रिया से अंबानों की देखरेख में निर्धारित किया गया और इसे सम्राट के दरबार में स्वीकृति के लिए भेजा गया. जुलाई, 2007 में चीन के राज्य धार्मिक मामलों के प्रशासन ने ऐसे नियम जारी किये, जिससे तिब्बती बौद्ध पुनर्जन्म पर बीजिंग को विशेष अधिकार मिल गया. इसके अनुच्छेद दो में कहा गया कि कोई भी पुनर्जन्म राज्य की एकता, जातीय एकजुटता और धार्मिक सामंजस्य बनाये रखेगा, पारंपरिक अनुष्ठानों और ऐतिहासिक परंपराओं का सम्मान करेगा, लेकिन सामंती विशेषाधिकारों को पुनर्जीवित नहीं करेगा. सबसे अहम यह है कि किसी भी विदेशी व्यक्ति या संगठन को इस प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने की अनुमति नहीं है. इस कानूनी ढांचे से चीन को अधिकार मिलता है कि वह विदेश में घोषित किसी भी दलाई लामा के पुनर्जन्म को अमान्य घोषित कर सके. हालांकि चीन ने दलाई लामा की घोषणा को अवैध करार दिया है, फिर भी अब ऐसा परिदृश्य बनने जा रहा है जिसमें तिब्बत का प्रश्न और गहरा सकता है. एक दलाई लामा, जिन्हें निर्वासित तिब्बती समुदाय दलाई लामा के आशीर्वाद से चुनेंगे, और दूसरे को बीजिंग द्वारा तिब्बत में सख्त नियंत्रण में स्थापित किया जायेगा, जैसा पंचेन लामा के मामले में हुआ था. यह केवल धार्मिक विभाजन नहीं, बल्कि खुला भू-राजनीतिक संकट होगा. भारत की दुविधा इसमें साफ है- अगर दलाई लामा भारत में पुनर्जन्म लेते हैं, तो नयी दिल्ली के लिए उसे मान्यता देना या न देना, दोनों ही स्थिति में चीन के साथ उसके संबंधों पर गंभीर असर पड़ेगा. अगर भारत दलाई लामा की इच्छा का समर्थन करता है, तो बीजिंग इसे अपने आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप और अलगाववाद को प्रोत्साहन मानकर देखेगा. यह संदेह नया नहीं है. चीन हमेशा ही दलाई लामा को 'विभाजनकारी' मानता आया है, भले ही उन्होंने बार-बार चीनी संविधान के अंतर्गत 'वास्तविक स्वायत्तता' की मांग की है, न कि पूर्ण स्वतंत्रता की. ऐसी स्थिति में चीन पाकिस्तान के साथ रणनीतिक तालमेल बढ़ाकर भारत पर दबाव बढ़ा सकता है. हाल ही में पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ त्रिपक्षीय बैठक बुलाकर चीन ने संकेत दे दिया कि वह भारत को घेरने के लिए नये गठजोड़ बनाने को तैयार है. पाकिस्तान के जरिये 'ऑपरेशन सिंदूर' में चीन के हथियारों के परीक्षण की यादें अभी ताजा हैं. पूर्व और पश्चिम, दोनों मोर्चों पर दबाव बनाकर भारत को घेरने की दीर्घकालिक योजना पर चीन काम कर सकता है. वह अपनी आर्थिक ताकत को अपना हथियार बना सकता है और दुर्लभ खनिजों व दवाओं के लिए जरूरी एपीआइ के निर्यात को रोक सकता है. इससे भारत की इलेक्ट्रिक वाहन नीति और दवा उद्योग पर सीधा असर पड़ेगा. इसके साथ ही, चीन तिब्बत से निकलने वाली ब्रह्मपुत्र नदी पर बांध निर्माण का काम तेज कर सकता है या जल प्रवाह को मोड़ सकता है, जिससे पूर्वोत्तर भारत में कृषि और जनजीवन के प्रभावित होने की आशंका रहेगी. सबसे गंभीर बात यह है कि वैसी स्थिति में सीमा फिर से तनाव का केंद्र बन सकती है. वर्ष 2020 की गलवान घाटी की झड़प से इस बात का अनुमान लगाया जा सकता है कि नियंत्रण रेखा कितनी तेजी से हिंसक हो सकती है. बौखलाया बीजिंग अरुणाचल प्रदेश या फिर लद्दाख जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में नयी घुसपैठ कर सकता है. इसके अलावा, चीन पूर्वोत्तर भारत में 1960-70 के दशक की तरह उग्रवाद को फिर से हवा दे सकता है, जिससे सुरक्षा बलों पर अतिरिक्त दबाव बनेगा. जाहिर है, चीन के आक्रामक रवैये को देखते हुए भारत के लिए निर्वासित तिब्बती समुदाय और दलाई लामा एक दोधारी तलवार हैं. दरअसल, दलाई लामा की मौजूदगी से चीन को हमेशा इस बात का संदेह रहता है कि भारत तिब्बत में अस्थिरता पैदा कर रहा है. जाहिर है, तिब्बती शरणार्थियों के भारत में रहने तक चीन सीमा पर दबाव बनाये रखेगा. यह मुद्दा तय करेगा कि हिमालयी क्षेत्र में भारत कितनी मजबूती से खड़ा रह सकता है. यह तो तय है कि चीन अपनी रणनीति नहीं बदलेगा. वह दलाई लामा और तिब्बती शरणार्थियों को अलगाववादी मानता ही रहेगा. चीन को इस बात का डर है कि अगर दलाई लामा को 'बातचीत' के नाम पर तिब्बत लौटने दिया गया, तो वहां नयी मांगें उठेंगी और उसका नियंत्रण कमजोर होगा। नई दिल्ली के लिए असली सवाल यह नहीं है कि दलाई लामा को अपने उत्तराधिकारी को चुनने का अधिकार मिलना चाहिए या नहीं, बल्कि यह है कि क्या भारत उनके समर्थन की कीमत चुकाने के लिए तैयार है. अगले दलाई लामा, वह चाहे जहां भी जन्म लें, यह तय करेंगे कि भारत और चीन एक आध्यात्मिक परंपरा के बहाने एक-दूसरे को कितनी दूर तक चुनौती देंगे. पश्चिमी देश दलाई लामा की स्वतंत्रता का समर्थन तो करेंगे, लेकिन चीन से अपने रिश्ते बिगाड़ने से बचेंगे. इसका नतीजा यह होगा कि भारत को चीन की प्रतिक्रिया का सामना अकेले ही करना पड़ेगा।



## प्रेमचंद की कहानियां



### खून सफेद

उसी वृक्ष पर मैंने का एक जोड़ा बसेरा लिये था। उनका नन्हा-सा शावक आज ही एक शिकारी के चंगुल में फंस गया था। दोनों दिन भर उसे खोजते फिरे। इस समय निराश होकर बैठ रहे। देवकी और जादो को अभी तक आशा की झलक दिखायी देती थी, इसलिए वे बेचैन थे।

तीन दिन तक ये दोनों खोये हुए लाल की तलाश करते रहे। दाने से भेंट नहीं, प्यास से बेचैन होते तो दो-चार घूंट पानी गले से नीचे उतार लेते। आशा की जगह निराशा का सहारा था। दुःख और करुणा के सिवाय और कोई वस्तु नहीं। किसी बच्चे के पैरों के निशान देखते तो उनके दिलों में आशा तथा भय की लहरें उठने लगती थीं। लेकिन प्रत्येक पग उन्हें अभीष्ट स्थान से दूर लिये जाता था। इस घटना को हुए चौदह वर्ष बीत गये। इन चौदह वर्षों में सारी काया पलट गयी। चारों ओर रामराज्य दिखायी देने लगा। इंद्रदेव ने कभी उस तरह अपनी निर्दयता न दिखायी और न जमीन ने ही। उमड़ी हुई नदियों की तरह अनाज को ढेकियां भर चलीं। उजड़े हुए गांव वस गये। मजदूर किसान बन बैठे और किसान जायदाद की तलाश में नजरें दौड़ाने लगे। वही चैत के दिन थे। खलिहानों में अनाज के पहाड़ खड़े थे। भाट और भिखमंगे किसानों की बढ़ती के तराने गा रहे थे। सुनारों के दरवाजे पर सारे दिन और आधी रात तक गाहकों का जमघट बना रहता था। दरजी को सिर उठाने की फुरसत न थी। इधर-उधर दरवाजों पर घोड़े हिनहिना रहे थे। देवी के पुजारियों को अजीर्ण हो रहा था। जादोराय के दिन भी फिरे। उसके घर पर छप्पर की जगह खपरैल हो गया। दरवाजे पर अच्छे बैलों की जोड़ी बंधी हुई है। वह अब अपनी बहली पर सवार होकर बाजार जाया करता है। उसका बदन अब उतना सुडौल नहीं है। पेट पर इस सुदशा का विशेष प्रभाव पड़ा है और बाल भी सफेद हो चले हैं। देवकी की गिनती भी गांव की बूढ़ी औरतों में होने लगी है। **क्रमशः...**

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**गृहासक्तस्य नो विद्या नो दया मांसभोजिनः।**
**द्रव्यलुब्धस्य नो सत्यं स्त्रैणस्य न पवित्रता।।**

घर के सुखों में मोह रखने वाला व्यक्ति विद्या-प्राप्ति नहीं कर सकता, मांस खाने वाले व्यक्ति के मन में दयाभाव उत्पन्न नहीं हो सकता, धन का लोभी व्यक्ति कभी सत्य-भाषण नहीं कर सकता और स्त्रियों से लगाव रखने वाला कामी व्यक्ति पवित्र एवं सदाचारी नहीं हो सकता।

♦♦♦

# आपसी सहमति से तलाक ही शांतिपूर्ण समाधान

वैवाहिक विवाद से जुड़े एक मामले में बीते माह की 26 जून को केवी विश्वनाथन और एन कोटिश्वर सिंह की खंडपीठ ने स्थानांतरण याचिका की



**- डॉ. ऋतु सारस्वत**

सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुए कहा, 'वैवाहिक मामलों में हम पाते हैं कि मध्यस्थता की अवधारणा पर गलतफहमी है. जब हम मध्यस्थता की बात करते हैं, तो उन्हें लगता है कि हम उन्हें साथ रहने के लिए कह रहे हैं. हमें इस बात से कोई मतलब नहीं है कि वे साथ हैं या अलग. हम बस मामले का समाधान चाहते हैं.' शीर्ष न्यायालय की यह टिप्पणी वर्तमान संदर्भ में बहुत महत्वपूर्ण है. उल्लेखनीय है कि 1984 का पारिवारिक न्यायालय अधिनियम- विशेष रूप से धारा नौ- मध्यस्थता के माध्यम से सुलह और निपटान को बढ़ावा देता है. विवाह को अक्सर एक स्थिर समाज की नींव के रूप में देखा जाता है, पर जब यह साहचर्य के बजाय भावनात्मक और मानसिक पीड़ा का कारण बन जाये, तो विवाह विच्छेद आवश्यक हो जाता है. सामान्य तौर पर किसी भी समाज में, विवाह विच्छेद को अंतिम विकल्प के रूप में देखा जाता है. परंतु भारतीय समाज में वैवाहिक जीवन का निर्वहन जीवन और मरण का प्रश्न बन जाता है, जो स्वस्थ समाज के लिए सही नहीं है. मनोवैज्ञानिकों के अनुसार, लगातार संघर्षों वाली खराब शादी स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव डाल सकती है. नेवाडा और मिशिगन विश्वविद्यालयों के शोधकर्ताओं ने 373 विवाहित जोड़ों पर शोध किया और पाया कि वैवाहिक संघर्ष ने पति और पत्नी दोनों के स्वास्थ्य को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया. तमाम अध्ययन लगातार बता रहे हैं कि विषाक्त वैवाहिक संबंधों से बाहर निकलना ही बेहतर होता है, परंतु ऐसे विरले ही मामले सामने आते हैं जहां सहजता और सौहार्दपूर्ण विवाह विच्छेद हो. अक्सर पति अथवा पत्नी स्वयं को सही सिद्ध करने की जिद में अपने जीवनसाथी पर अनर्गल आरोप लगाते हैं. इससे एक-दूसरे के प्रति घृणा और बदला लेने की भावना बढ़ जाती है. नतीजा, वर्ष दर वर्ष एक-दूसरे को न्यायालय में घसीटा जाता है. इसी कारण समय-समय पर देश की विभिन्न अदालतें वैवाहिक विवादों पर मध्यस्थता का विकल्प देती हैं. ऐसे में यह मान लिया जाता है कि मध्यस्थता का तात्पर्य दंपतियों को साथ रखने के लिए दबाव बनाने की प्रक्रिया है. ऐसा नहीं है, क्योंकि शीर्ष न्यायालय ने विवाह में भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया है. शीर्ष न्यायालय का मानना है कि अनिच्छुक पति-पत्नी को मध्यस्थता के माध्यम से फिर से एक होने के लिए विवश करना हानिकारक हो सकता है. इसके बजाय शांतिपूर्ण और रचनात्मक समाधान की ओर आगे बढ़ना चाहिए. आपसी सहमति से विवाह विच्छेद की अवधारणा अनावश्यक मुकदमेबाजी को कम करने और त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए आरंभ की गयी है. न्यायालय विवाह विच्छेद के साथ आगे बढ़ने से पहले जोड़ों को सुलह करने में मदद करने के लिए मध्यस्थता को दृढ़ता से प्रोत्साहित करते हैं. भले ही सुलह संभव न हो, मध्यस्थता अलगाव की शर्तों पर बातचीत करने में सहायता करती है, विशेष रूप से वित्तीय समझौतों और बच्चे की कस्टडी के संबंध में. बच्चों की कस्टडी एक और प्रमुख मामला है जो वैवाहिक विवादों में मध्यस्थता के महत्व को रेखांकित करता है. भारतीय अदालतें बच्चे के कल्याण को प्राथमिकता देती हैं, अक्सर संयुक्त अभिरक्षा (कस्टडी) या गैर-संरक्षक माता-पिता के लिए सहज मुलाकात के अधिकार को प्रोत्साहित करती हैं. गौरव



नागपाल बनाम सुमेधा नागपाल (2009) मामले में, सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि बच्चों की कस्टडी व्यवस्था को बच्चे को भावनात्मक स्थिरता प्रदान करने के लिए संरचित किया जाना चाहिए, भले ही माता-पिता अलग हो जाएं. संबंधों के निरंतर टकराव और विषाक्त वैवाहिक संबंधों के निर्वहन के लिए अधिकांशत 'बच्चों के हितों को संरक्षित' करने की दलील दी जाती है. माना जाता है कि विवाह विच्छेद का सर्वाधिक नकारात्मक प्रभाव बच्चों पर पड़ता है. यह अधूरा सच है. यकीनन विवाह विच्छेद का परिणाम बच्चों के लिए सुखद नहीं होता, परंतु उससे कहीं अधिक दुखद माता-पिता का निरंतर टकराव देखते हुए उस वातावरण में जीवन निर्वाह करना होता है. अनेक शोध इस बात की पुष्टि करते हैं. इस संबंध में इंग्लैंड और वेल्स में 6,500 पारिवारिक वकीलों का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन 'रेजोल्यूशन' का सर्वेक्षण महत्वपूर्ण जानकारी देता है. सर्वेक्षण में 14 से 22 वर्ष के 514 किशोरों और युवा वयस्कों से पूछा गया कि क्या वे दुखी विवाह में साथ रहने के बजाय अपने माता-पिता के तलाक को पसंद करेंगे. सर्वेक्षण में शामिल 82 प्रतिशत युवाओं ने कहा कि वे दुखी विवाहित माता-पिता के साथ रहने के बजाय कानूनी रूप से अलग हुए अभिभावकों के साथ रहना पसंद करेंगे. इसमें संदेह नहीं कि सुखद वैवाहिक संबंध न केवल दंपतियों, बल्कि उनकी संतानों और समाज के लिए बेहतरी लेकर आता है, परंतु इसका यह अर्थ नहीं है कि दो लोग तमाम विवादों के बाद भी एक साथ रहें. ऐसे में जरूरी हो जाता है कि सौहार्दपूर्ण रूप से अलग होकर एक सम्मानजनक जीवन की ओर कदम रखा जाए।

## प्रेरक प्रसंग

### अंतर का प्रकाश

बौद्ध साहित्य में अम्बपाली का नाम विख्यात है। वैशाली में आम के पेड़ के नीचे नन्हीं बालिका पड़ी पाई गई थी। माली उसे उठाकर अपने घर ले गया और उसका पालन-पोषण किया। अम्बपाली बहुत सुंदर थी। बड़ी होने के साथ-साथ उसका सौंदर्य निखरता गया। संगीत, नृत्य और वाद्य में वह निपुण हो गई। उसके रूप-लावण्य ये आकर्षित होकर बड़े-बड़े लोग विवाह का प्रस्ताव लेकर आये, पर उसने सबको इन्कार कर दिया। एक दिन भगवान बुद्ध का वैशाली में आगमन हुआ और संयोग की बात कि वह अम्बपाली के आम्र वन में ठहरे। अम्बपाली उनके दर्शन के लिए गई। उनका अभिववादन करके एक ओर बैठ गई। भगवान बुद्ध ने उसे उपदेश दिया। उपदेश सुनने के बाद उसने विनत होकर भगवान बुद्ध से प्रार्थना की, भन्ते, अपने संघ सहित आप कल का मेरा भोजन स्वीकार करें। भगवान से स्वीकृति दे दी। अगले दिन भगवान बुद्ध अपने भिक्षु-संघ के साथ अम्बपाली के घर गये और उसके हाथ से आहार ग्रहण किया। भोजन के बाद अम्बपाली ने निवेदन किया, भन्ते, मैं इस उपवन को आपके संघ को समर्पित करती हूं। बुद्ध ने उसे स्वीकार कर लिया। भगवान बुद्ध चले गये, लेकिन अम्बपाली एकदम बदल गई। उसे अपनी वास्तविक कुरूपता का भान हुआ। अबतक वह काम-वासना में अनुरक्त और आनंदित थी। उसके जीवन में एक नया अध्याय खुल गया। उसने अपने केश कटवा डाले और भिक्षुणी बन गई। कुछ ही समय में वह साधना के उच्चतम शिखर पर पहुंच गई और पूर्णता-प्राप्त भिक्षुणियों में उसे महत्वपूर्ण स्थान मिल गया। अंतर के प्रकाश से उसका सम्पूर्ण जीवन आलोकित हो गया।

## आपका पत्र मिला

### हिंदी का विरोध और राजनीतिक दुर्भावना

हिंदी भाषा पर हमला आज एक गहरी राजनीतिक दुर्भावना का रूप ले चुका है। विशेष रूप से ठाकरे जैसे नेता, जब हिंदी का विरोध करते हैं, तो वह केवल एक भाषा का नहीं, बल्कि महाराष्ट्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का भी अपमान करते हैं। महाराष्ट्र ने संत तुकाराम से लेकर सावरकर तक, और बाल गंगाधर तिलक से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी तक, एकता और भाषा सौहार्द का संदेश दिया है।

ऐसे में हिंदी के विरोध की राजनीति न केवल विभाजनकारी है, बल्कि मराठी समाज के हितों के भी विरुद्ध है।

ठाकरे बंधु जब मराठी भाषा की बात करते हैं, तो उनका उत्साह मुस्लिम बहुल इलाकों में अचानक ठंडा क्यों पड़ जाता है? वहां मराठी लागू कराने की मांग वे नहीं उठाते। उद्धव गुट के नेता संजय राउत का बयान कि मुस्लिम वोट तो वैसे ही हमारे साथ हैं, यह दर्शाता है कि उनकी भाषा नीति वोट बैंक के इर्द-गिर्द घूमती है, न कि समाज के हित में। हिंदी और मराठी दोनों ही भारतीय भाषाएं हैं और इनका सहअस्तित्व भारत की आत्मा है। किसी भी भाषा को राजनीतिक औजार बनाना दुर्भाग्यपूर्ण है। नागरिकों को चाहिए कि वे नेताओं की वोट बैंक की राजनीति को पहचानें और भाषा के नाम पर समाज को बांटने की कोशिशों को खारिज करें। जब तक आम लोग जागरूक नहीं होंगे, तब तक राजनीतिक स्वार्थ की यह आग जलती रहेगी। जनता को ही इसका माकूल जवाब देना होगा।

**सुभाष बुड़ावन वाला**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# लंबे समय तक रहना है सेहतमंद, तो अपनाएं ये टिप्स

आजकल स्वास्थ्य से जुड़ी जो कठिनाईयां बढ़ रही हैं, इसके पीछे बेपरवाह और अव्यवस्थित जीवनशैली की बहुत बड़ी भूमिका है। इससे गैर-संचारी (एनसीडी) बीमारियों का सीधे तौर पर जोखिम जुड़ा हुआ है, जैसे कि मधुमेह, हाइपरटेंशन और कुछ तरह के कैंसर आदि। इनमें खानपान के साथ-साथ पर्यावरणीय कारण भी जिम्मेदार होते हैं। वहीं डायबिटीज और हाइपरटेंशन के पीछे शारीरिक निष्क्रियता भी एक बड़ा कारण होती है।

**मोटापे से जूझती जिंदगी**

कार्यस्थलों पर लगातार कई घंटों तक बैठे रहने, पर्याप्त शारीरिक श्रम नहीं होने और खानपान में असंतुलन जैसे कारणों से लोग तेजी से मोटापे की जकड़ में आ रहे हैं। मोटापे से बीमारियों का सीधा संबंध है। मोटापा नहीं भी है, लेकिन जीवनशैली में शिथिलता है, तो भी डायबिटीज की आशंका रहती है। वसायुक्त या अस्वच्छ भोजन बीमारियों का कारण बन रहा है। कई संक्रामक बीमारियां भी खराब जीवनशैली के कारण विकराल रूप ले रही हैं। पर्याप्त नींद और एकाग्रता नहीं होने या नशे में होने के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं। कुल मिलाकर अव्यवस्थित जीवनशैली हर तरह से नुकसानदेह साबित हो रही है।

**जोड़ों की बढ़ती तकलीफ**

पर्याप्त सक्रियता नहीं होने और अनियंत्रित वजन के कारण जोड़ों की समस्या कम उम्र में भी अब देखी जा रही है। आमतौर पर ये दिक्कतें उम्र बढ़ने के साथ होती हैं। गठिया की समस्या अधिक देखने में आती है। इसमें जोड़ो में तेज दर्द महसूस होता है। एक उम्र के बाद घुटनों के दर्द की समस्या होने लगती है। इसमें ज्वाइंट में हड्डियों का आपस में दबाव बढ़ जाता है।



इसे ऑस्टियोआर्थराइटिस कहते हैं, जिसमें जोड़ों के हिस्से में द्रव की कमी हो जाती है। आर्थराइटिस के कारण चलने-फिरने में समस्या होती है। उंगलियों और कंधे में दर्द की समस्या भी देखने में आ रही है। यह सूजन बढ़ने के कारण होती है। घुटने के दर्द के पीछे मोटापा एक बड़ा कारण है। वजन बढ़ने के कारण हड्डियों पर दबाव बढ़ जाता है। ये सब खराब जीवनशैली की उपज हैं।

**सेहतमंद जीवन के उपयोगी टिप्स :-**

**● आहार अच्छा हो**

आपका भोजन हमेशा संतुलित होना चाहिए। इसमें हरी सब्जियों और मौसमी फलों की प्रचुरता का ध्यान रखें। भारतीय भोजन में पर्याप्त पोषक तत्व होते हैं, विटामिंस की भरपाई फलों की जरिये हो जाती है। फाइबर युक्त भोजन भी आवश्यक है। पेट साफ नहीं होने से भी कैंसर की आशंका रहती है। अच्छी सेहत के लिए आहार बिल्कुल दुरुस्त होना चाहिए।

**● नींद भरपूर हो**

अच्छी सेहत के लिए पर्याप्त और गुणवत्ता पूर्ण नींद जरूरी है। कम से छह से सात घंटे सोना आवश्यक है। अगर नींद खराब होगी, तो उससे भी कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं होंगी। इससे रक्तचाप और डायबिटीज बढ़ सकती है। अगर पहले से है तो यह अनियंत्रित हो सकता है, अतः नींद को लेकर कोई समझौता न करें।

**● जरूरी है शारीरिक श्रम**

स्वस्थ शरीर के लिए व्यायाम करना बहुत ही आवश्यक है। अगर शिथिल जीवनशैली रहेगी, तो बीमारियों का होना तय है।

आजकल लोग साइकिल चलाना या पैदल चलना बंद कर दिए हैं। इससे समस्याएं बढ़ रही हैं। प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट का ब्रिस्क वाक तो जरूरी ही है। व्यायाम करते रहने से बहुत सी बीमारियों से बचे रहेंगे।

**● योग रखेगा स्वस्थ**

अब मॉडर्न मेडिसिन में भी योग के महत्व को स्वीकार किया गया है। योग एकाग्रता बढ़ाता है।

इससे अच्छी नींद आती है और शरीर पर्याप्त रूप से शारीरिक और मानसिक गतिविधियों के लिए तैयार होता है। स्वस्थ और निरोगी काया की नींव तैयार करने के लिए योग सबसे प्रामाणित और प्राचीनतम सूत्र है।

अगर इन चार बातों पर ध्यान रखा जाए, तो बहुत सी बीमारियों से बचा जा सकता है। अगर बीमारियां होंगी, तो इस अनुपात में नहीं होंगी, जो अभी हो रही हैं।

# पैरों के दर्द से राहत दिलाऐंगे नीम के पत्ते



पैरों में दर्द का होना एक बेहद आम समस्या है। ये दर्द किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकती है फिर चाहे वह बच्चा ही क्यों ना हो। पैरों मैं दर्द होने के कई कारण है सकते हैं जैसे मांसपेशियों में खिचाव, नस चढ़ जाना,सही ब्लड सर्कुलेशन न होना अदि। इसके अलावा शरीर की हड्डियां कमजोर होने से भी पैरों में दर्द हो सकता है। देखा गया है कि कई बार ये दर्द इतना भयंकर हो सकता है जिसके कारण लोग इस तक्लीफ से निजात पाने के लिए पेन किलर का सेवन करने लगते हैं जिससे कुछ समय के लिए तो आपको जरूर आराम मिलेगा लेकिन बाद में ये दर्द फिर उठ जाएगा। आपको जानकारी के लिए बता दें की ज्यादा दवाइयों का सेवन भी आपके लिए हानिकार्क हो सकता है। ऐसे में पैर दर्द की समस्या को दूर करने के लिए कुछ घरेलू उपाय किए जा सकते हैं जैसे-

नीम के पत्तों का इस्तेमाल : .नीम के पत्तो को पानी में उबालकर इसमेंथोड़ी फिटकरी मिला कर अपने पैरों को इस पानी में रखने से पैर दर्द में आराम मिलेगा।

**रेग्युलर एक्सरसाइज :** .रेग्युलर एक्सरसाइज, योग करने से पैरों में रक्त का स्त्राव नियमित होता है जिससे पैरों में दर्द से आराम मिलता है।

**लैवेंडर ऑयल और लौंग के तेल से मसाज :** लैवेंडर ऑयल और लौंग के तेल को तिल के तेल के साथ मिलाकर पैरों में लगाने से पैर दर्द में आराम मिलता है।

# महिलाओं के लिए वरदान हैं ये योगासन



किशोरावस्था से लेकर वृद्धावस्था तक महिला और पुरुष नियमित योगासन हर इंसान और हर उम्र में मददगार है। योग विवेक और शांति तो प्रदान करता ही है साथ ही यह कई तरह के रोगों से भी छुटकारा दिलाता है। बात अगर सिर्फ महिलाओं की कि जाए तो उनके अंदर हो रही सभी तरह की शारीरिक, मानसिक, हॉर्मोनल और मूड बदलाव में योग सबसे भरोसेमंद सहयोगी बनकर सामने आया है। आज ऐसे कुछ चुनिंदा आसन के बारे में बताने जा रहे हैं जो किसी वरदान से कम नहीं हैं।

**बालासन** -इससे पूरे शरीर पर खिंचाव होता है। दिमाग शांत होने के साथ पाचन संबंधी समस्याओं से आराम मिलता है। यह पीरियड पेन व इससे जुड़ी समस्याओं से छुटकारा दिलाने में मदद करता है। इसके साथ ही हाई ब्लड प्रेशर, अनिद्रा और बांझपन की इलाज करने में भी यह फायदेमंद माना गया है। इसके अलावा बालासन करने से पेट, जांघों व कमर के आसपास जमा एक्सट्रा चर्बी को कम करने में मदद मिलती है इस

**करने का तरीका**

सबसे पहले जमीन पर एड़ी के बल बैठ जाएं। अब अपने कुल्हों का सारा भार एड़ियों पर डालें। धीरे-धीरे आगे की ओर झुकते हुए माथे को जमीन पर लगाएं। दोनों हाथों को एकदम सीधे करते हुए जमीन पर लगा दें। नहीं तो दोनों हाथों से एड़ियों को पकड़ें।

अपनी छाती से जांघों पर धीरे-धीरे दबाव डालें। कुछ मिनट इस मुद्रा में रहकर गहरी सांस लें।

बाद में सामान्य अवस्था में आ जाएं।

इस प्रक्रिया को 4-5 बार दोहराएं।

वज्रासन इस आसन को करने से पेल्विक क्षेत्र मजबूत होता है। अपच और पेट संबंधी अन्य समस्याएं दूर होने में मदद मिलती है। यह अनियमित पीरियड्स, इसमें होने वाले पेन और मूत्र संबंधी विकारों को भी दूर करने में फायदेमंद माना जाता है। इसके अलावा वज्रासन करने से कमर, पैरों व शरीर के अन्य हिस्सों में दर्द की समस्या से आराम मिलेगा।

**इसे करने का तरीका**

सबसे दोनों पैरों को घुटनों से मोड़ते हुए कूल्हों के नीचे रखें। एड़ियों को एक-दूसरे पैरों से अलग रखें। अब दोनों हाथों पर घुटनों पर रखें। अपनी रीढ़ की हड्डी को एकदम सीधा रखें। अब आंखों को बंद करके या सामने देखते हुए एकदम शांत मुद्रा में 5 से 10 मिनट तक बैठ जाएं। फिर सामान्य स्थिति में आ जाएं। दोबारा 2-3 बार इस आसन को दोहराएं।

**धनुरासन**- इससे बैक स्ट्रेचिंग होती है। रोजाना इस आसन को करने से पीरियड्स संबंधी परेशानियां दूर होने में मदद मिलेगी। शरीर में जमा एक्सट्रा चर्बी कम होकर बॉडी में लचीनापन आएगा। ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल रखने में भी धनुरासन फायदेमंद माना जाता है।

**इसे करने का तरीका**- इस आसन को करने के लिए जमीन पर मैट बिछाकर पेट के बल लेट जाएं। अब अपने हाथों व पैरों को ऊपर की ओर उठाएं। पैरों को उठाकर घुटनों को मोड़ें और हाथों को पीछे की ले जाते हुए दोनों एड़ियों को पकड़ें। इस तरह शरीर धनुष की मुद्रा में नजर आएगा। कुछ सेकेंड्स तक इसी अवस्था में रहिए। बाद में सामान्य अवस्था में आए। इस आसन को 2-3 बार दोहराएं।

**जानु-शीर्षासन** - महिलाओं के पेट पर जमने वाली चर्बी को कम करने के लिए यह आसन काफी लाभदायक है। साथ ही नियमित इसका अभ्यास करने से यूरिन और ब्लैडर जैसी संबंधित समस्याओं से भी छुटकारा मिलता है।इसका अभ्यास रीढ़ की हड्डी, हैमस्ट्रिंग, कूल्हों और घुटनों के लचीलेपन को बढ़ाता है।

**इसे करने का तरीका**-योग मैट पर पीठ को सीधा करके सुखासन में बैठ जाएं। बाएं पैर को कूल्हे को जोड़ से बाहर की ओर फैलाएं, दाहिने घुटने को भीतर की ओर मोड़ें। दाएं पैर के तलवे को बाईं जांघ के अंदरूनी हिस्से के उपर रखें।

दाहिने पैर और घुटने को फर्श पर आराम से दबाएं। दोनों हाथों को कूल्हे के पास रख कर सपोर्ट दें।

सांस भीतर लें, पेट और धड़ को सिर की तरफ बढ़ाएं, सांस छोड़ते हुए दोनों हाथों से पैर की एंड़ी को पकड़ लें। गहरी और धीमी सांसें लेते और छोड़ते रहें। सांस खींचते हुए हाथों से पैरों को छोड़ दें। धड़ को उपर उठाएं और दाहिने पैर को सीधा करें। कुछ सेकेंड तक आराम करें, अब यही आसन दाएं पैर के साथ करें।

# शरीर में पानी की कमी होने पर दिखते हैं ये लक्षण, जानें इससे बचाव के उपाय

हमारे शरीर का ज्यादातर हिस्सा, लगभग 60-70त्न, पानी से बना है, जो शरीर को स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभाता है। पाचन से लेकर रक्त संचार और शरीर का तापमान बनाए रखने तक, पानी हर जरूरी शारीरिक क्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लेकिन जब शरीर में पानी की कमी हो जाती है, जिसे हम डिहाइड्रेशन भी कहते हैं, तो यह स्थिति हमारे स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल सकती है।

**डिहाइड्रेशन के लक्षण**-डिहाइड्रेशन के शुरुआती लक्षणों में प्यास लगना, मुंह सूखना, थकान और चक्कर आना शामिल हैं। गंभीर डिहाइड्रेशन में पेशाब का रंग गहरा पीला होना, कम पेशाब आना, त्वचा में रूखापन आना, तेज धड़कन और सिरदर्द जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। अगर डिहाइड्रेशन बढ़ जाए, तो यह किडनी की समस्या, बेहोशी या गर्मी से संबंधित बीमारियों जैसे हीटस्ट्रोक का कारण बन सकता है। इसलिए समय रहते इसपर ध्यान देना बहुत जरूरी होता है।

**डिहाइड्रेशन के कारण**-डिहाइड्रेशन का मुख्य कारण पर्याप्त पानी न पीना है, खासकर गर्मी या मानसून में जब पसीना अधिक निकलता है। दस्त, उल्टी या बुखार के दौरान शरीर से तरल पदार्थ तेजी से निकलता है, जिससे डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ता है। अत्यधिक शराब या कैफीन का सेवन भी मूत्रवर्धक प्रभाव के कारण पानी की कमी हो सकती है। डायबिटीज या किडनी रोग वाले मरीजों में बार-बार पेशाब के कारण डिहाइड्रेशन होने की आशंका अधिक होती है। डिहाइड्रेशन कई वजहों से हो सकता है, जैसे ज्यादा पसीना आना, बार-बार दस्त लगना या फिर पर्याप्त पानी न पीना। बच्चे और बुजुर्गों में डिहाइड्रेशन का खतरा अधिक होता है। अगर समय रहते इस पर ध्यान न दिया जाए, तो यह गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकता है। डिहाइड्रेशन के कारण थकान, चक्कर आना और कई बार तो इंसान बेहोश भी हो सकता है। इसलिए, यह समझना बेहद जरूरी है कि डिहाइड्रेशन क्या है, इसके क्या लक्षण हैं, और सबसे महत्वपूर्ण है कि इससे बचाव के लिए किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। आइए इस लेख में इसी के बारे में जानते हैं।



**बचाव के उपाय**-डिहाइड्रेशन से बचने के लिए दिन में 8-10 गिलास पानी पीएं। गर्मी या व्यायाम के दौरान हर 20-30 मिनट में पानी जरूर पिएं। दस्त या उल्टी के दौरान ओआरएस या नमक-चीनी का घोल शरीर में पानी का संतुलन बनाए रखता है। फल जैसे तरबूज, संतरा और नारियल पानी हाइड्रेशन बनाए रखने में मदद करते हैं। कैफीनयुक्त पेय और शराब से बचें। हल्के, ढीले कपड़े पहनें और गर्मी में बाहर निकलते समय छाता या टोपी का उपयोग करें। डिहाइड्रेशन एक ऐसी स्थिति है, जिसे सही समय पर उपाय करके रोका जा सकता है। लक्षण दिखने पर तुरंत पानी, ओआरएस या इलेक्ट्रोलाइट युक्त पेय लें। अगर गंभीर लक्षण जैसे बेहोशी, तेज बुखार या भ्रम की स्थिति हो, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। नियमित हाइड्रेशन, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली डिहाइड्रेशन से बचाव में मदद करती है। खासकर मानसून में स्वच्छ पानी का उपयोग करें और अपने शरीर को हाइड्रेटेड रखें।

# नहाते समय कान में चला जाए पानी तो करें ये उपाय

नहाते समय या पानी में तैरते समय कान में पानी जाना एक आम समस्या है, जिससे हम सभी कभी न कभी दो-चार होते हैं। यह भले ही एक छोटी सी घटना लगे, पर अक्सर यही छोटी सी चीज बाद में बड़ी परेशानी का कारण बन जाती है। जब पानी कान के अंदर फंस जाता है, तो वहां नमी बनी रहती है। यह नमी बैक्टीरिया और फंगस के पनपने के लिए अनुकूल वातावरण बनाता है, जिससे कान में इंफेक्शन होने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। कान के इस इंफेक्शन के कारण कान में तेज दर्द, सूजन और यहां तक कि सुनने में कमी जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। अगर इस पर तुरंत ध्यान न दिया जाए, तो यह स्थिति और बिगड़ सकती है। ऐसे में यह जानना बेहद जरूरी है कि जब कान में पानी चला जाए तो हमें क्या करना चाहिए ताकि संक्रमण से बचा जा सके और सबसे महत्वपूर्ण इसे होने से पहले ही कैसे रोका जाए। आइए इस लेख में इसी के बारे में विस्तार से जानते हैं।

**लक्षण और खतरे**-जब पानी कान में फंस जाता है, तो आपको कान में भारीपन, खुजली, हल्का दर्द या सुनाई कम देना जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं। अगर पानी को निकाला नहीं जाता, तो यह बाहरी कान में इंफेक्शन का कारण बन सकता है। लक्षण बिगड़ने पर बुखार, मवाद या गंभीर दर्द हो सकता है। डायबिटीज के मरीजों या कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों में यह इंफेक्शन तेजी से फैल सकता है। गंभीर मामलों में क्रोनिक ओटिटिस या सुनने की स्थायी क्षति का जोखिम भी रहता है।

**पानी निकालने के उपाय**-कान में पानी फंसने पर कुछ सरल उपाय तुरंत आजमाए जा सकते हैं। जिस कान में पानी गया है उस कान की ओर सिर झुकाकर हल्के झटके दें, इससे पानी बाहर निकल सकता है। कम तापमान पर हेयर ड्रायर को 10-12 इंच दूर रखकर हल्की गर्म हवा चलाएं, जो पानी को वाष्पीकृत कर देता है। हथेली से कान पर वैक्यूम बनाकर हल्का दबाव देना और छोड़ना भी प्रभावी है।

**बचाव की सावधानियां**-नहाते या तैरते समय वाटरप्रूफ ईयरप्लग का उपयोग करें। नहाने के बाद तौलिये से बाहरी कान को धीरे-धीरे सुखाएं। कॉटन बड या नुकीली चीजों से कान साफ करने से बचें, क्योंकि यह त्वचा को नुकसान पहुंचा सकता है। तैराकी के लिए स्वच्छ पूल चुनें और मानसून में गंदे पानी से बचें।

**चिकित्सीय सलाह**-अगर पानी निकालने के बाद भी दर्द, खुजली या सुनने में कमी बनी रहे, तो तुरंत श्वह्लञ्ज विशेषज्ञ से संपर्क करें। कान की जांच से इंफेक्शन का पता चल सकता है। एंटीबायोटिक ड्रॉप्स या दवाएं इंफेक्शन को ठीक कर सकती हैं। कान की देखभाल को हल्के में न लें, क्योंकि सही समय पर उपाय न करने से गंभीर जटिलताएं हो सकती हैं।

# स्किन और बालों के लिए तो वरदान हैं आंवला

आंवला पोषक तत्वों का पावरहाउस होता है क्योंकि इसमें विटामिन सी, विटामिन ए, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स, पोटेशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर जैसे तमाम पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए बेहद फायदेमंद साबित होते है। आंवला का सेवन आप किसी भी रूप में कर सकते हैं। जैसे-आंवला का जूस, अचार, कैंडी और मुरब्बा।

बहुत से लोगों का इम्यून सिस्टम कमजोर होता है वह जल्दी बीमार पड़ जाते हैं। ऐसे लोगों को आंवला जरूर खाना चाहिए क्योंकि आंवले में विटामिन सी भरपूर होता है जो आपकी प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है। इससे आप वायरल इंफेक्शंस जैसे बुखार, सर्दी जुकाम आदि से बचे रहेंगे।

अगर आपको खाया पिया नहीं पचता तो आंवला खाना शुरू करें। रोजाना कच्चा आंवला या फिर आंवले का मुरब्बा खाया जाए तो पेट की दिक्कतों राहत मिलती हैं। आंवले में फाइबर होता है जो हेल्दी गट बैक्टीरिया को बढ़ाता है, पाचन अच्छा रखता है। जिन लोगों को कब्ज रहती है उन्हें भी आंवला जरूर खाना चाहिए। विटामिन सी से भरपूर होने के चलते आंवला मेटाबॉलिज्म को फायदे देता है। जिन लोगों को ब्लड शुगर की समस्या है उन्हें भी डाइट में आंवला जरूर शामिल करना चाहिए। आंवला इसे कंट्रोल रखने में मददगार है। कच्चा आंवला, जूस डायबिटीज के मरीजों के लिए सही रहता है।

आंवले में विटामिन ए रहता है जो आपकी आंखों के लिए अच्छा माना जाता है। आंखों में रोशनी कम होने से बचाता है। छोटे बच्चे हो या बड़े लोग, सबको हफ्ते में 1 से 2 बार आंवला तो जरूर लेना चाहिए।



मार्कीट में आपके सुना होगा कई तरह के आंवला ऑयल मौजूद है। आंवले की तासीर ठंडी होती है इसलिए गर्मी के मौसम में बालों पर इसका तेल लगाना फायदेमंद हो सकता है। वहीं आंवला आपकी स्किन को खूबसूरत रखता है और बालों को घना बनाने का काम करता है।

आंवला हेयर फॉलिकल्स को फायदा देने में भी असरदार है। आंवले का सेवन रैगुलर करने से आपके बाल झड़ने-टूटने बंद हो जाएंगे।बाल मुलायम हो जाएंगे। आंवला का सेवन आप डायरेक्ट बालों में भी कर सकते हैं जैसे सूखे आंवले को हरी मेहंदी में भिगोकर लगा सकते हैं।

शरीर जब अंदर से स्वस्थ रहता है तो उसका असर त्वचा पर बाहरी रूप से भी दिखने लगता है। एजिंग साइंस कम करने से लेकर कोलाजन बेहतर करने तक में आंवले का असर दिखता है। आपकी स्किन बेदाग चमकदार और झुर्रियों रहित हो जाएगी।

# डेंगू की वजह से कम हो गया है प्लेटलेट काउंट तो इन सुपरफूड्स से तेजी से बढ़ाए इनकी संख्या



गर्मियों में सिर्फ लू और धूप ही नहीं, बल्कि मच्छर भी लोगों के लिए परेशानी की वजह बने रहते हैं। इस मौसम में डेंगू जैसी मच्छरों से होने वाली बीमारियों का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है। बीते कुछ दिनों से यूरोप में यही हाल देखने को मिल रहे हैं। यहां वातावरण परिवर्तन की वजह से डेंगू और मच्छरों से होने वाली अन्य बीमारियों के मामले काफी बढ़ रहे हैं। डेंगू एक आम, लेकिन गंभीर बीमारी है, जो हर साल दुनियाभर में कोहराम मचाती है।

खुद भारत में हर साल इसके कई मामले सामने आते हैं। ऐसे में जरूरी है कि इस बीमारी से खुद को हिफाजत की जाए और अगर किसी को यह बीमारी हो गई है, तो सही जानकारी के साथ समय पर उचित इलाज कराए। डेंगू होने पर अक्सर मरीज के प्लेटलेट्स काउंट कम हो जाते हैं। ऐसे में डाइट में कुछ फूड्स शामिल करने से घटे हुए प्लेटलेट्स बढ़ाने में मदद मिलती है। आइए जानते हैं प्लेटलेट्स बढ़ाने वाले ऐसे ही कुछ सुपरफूड्स-

**विटामिन सी रिच फूड्स** -संतरा, नींबू, अंगूर, स्ट्रॉबेरी, शिमला मिर्च जैसे विटामिन सी युक्त आहार लेने से प्लेटलेट काउंट्स में तेजी से बढ़ोतरी होती है। विटामिन के ब्लड क्लॉट और प्लेटलेट की कार्यशैली को सुचारू रूप से संचालित होने के लिए विटामिन के युक्त आहार लेना चाहिए। इसके लिए आप हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे केल, पालक, कॉलर्ड ग्रीन, ब्रोकली, ब्रुसल स्प्राउट, एसपैरेगस जैसे फूड्स खा सकते हैं, जिसमें विटामिन के पाया जाता है।

**फोलेट** -विटामिन बी9 या फोलेट से भरपूर फूड्स भी प्लेटलेट काउंट बढ़ाने में सहायक माने जाते हैं। इसके लिए दाल, बीन्स, एवोकाडो, साबुत अनाज जैसे फोलेट से भरपूर फूड्स को डाइट में शामिल कर सकते हैं।

**भीगे हुए मुनक्का** -कम हुए प्लेटलेट्स काउंट को फिर से बढ़ाने में भीगे हुए मुनक्का काफी मददगार साबित होंगे। इसमें मौजूद आयरन प्लेटलेट काउंट को बढ़ाता है।

**कीवी** -पोटेशियम और विटामिन सी से भरपूर विदेशी फल कीवी भी प्लेटलेट काउंट को बढ़ाने के लिए काफी असरदार जाना जाता है।

**चुकंदर** -कई गुणों से भरपूर चुकंदर सेहत को ढेरों फायदा पहुंचाता है। ये प्लेटलेट को फ्री रेडिकल से होने वाले डैमेज से बचाता है, जिससे प्लेटलेट काउंट में इजाफा होता है।

**अनार** -एंटी-ऑक्सीडेंट और आयरन से भरपूर अनार भी कम हुए प्लेटलेट्स को फिर से बढ़ाने में मदद कर सकता है।

**दही** -दही प्लेटलेट्स काउंट बढ़ाने के साथ ही आपकी हड्डियों को भी मजबूत बनाने में मदद करता है। इसे खाने से बोन मैरो की प्लेटलेट उत्पादन क्षमता बढ़ती है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ
## शुक्रवार, 11 जुलाई 2025

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ आषाढ़ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, प्रतिपदा तिथौ शुक्र वासरे 26/09/ पूर्वा आषाढ़ नक्षत्रे 05/57/वैधृति योग 19/36/ बालव करणे 14/08/ मकर राशिगत चन्द्रमा घं.12 मि.09 पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** श्रावण मास कृष्ण पक्षारंभ।

| | |
|---|---|
| **मेष :** अतिथि समागम बना रहेगा। कानूनी मामलों में विलंब से सफल मिलेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। शैक्षिक विकास होगा। | **तुला :** आप अपने संयम के कारण सफल होंगे। आगंतुकों के स्वागत सत्कार में कचि रहेगी। हाथ-पैर में पीड़ा हो सकती है। कार्यों में विलम्ब होगा। |
| **वृष :** नवीन जनसम्पर्क बढ़ेगा। इष्ट मित्रों का सहयोग मिलेगा। धार्मिक कार्य में विशेष रुचि रहेगी। वैचारिक प्रखरता बनी रहेगी। | **वृश्चिक :** संबंधों में निकटता आएगी। किसी कार्य के सम्पन्न होने प्रभाव में वृद्धि होगी। |
| **मिथुन :** शिक्षा प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। आर्थिक एवं सामाजिक पक्ष मूजबूत होंगे। | **धनु :** सामाजिक कार्य में सफलता मिलेगी। व्यावसायिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। |
| **कर्क :** परिवार का सहयोग मिलेगा। यात्रा एवं देशाटन की स्थिति सुखद होगी। | **मकर :** संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। व्यवसायिक योजना को बल मिलेगा। |
| **सिंह :** निजी संबंध प्रगाण होंगे। जीवन के क्षेत्र में प्रगति होगी। सम्मान में वृद्धि होगी। | **कुंभ :** संबंधों में निकटता आएगी। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। आय-व्यय में संतुलन बनाएं। |
| **कन्या :** व्यवसायिक योजना को बल मिलेगा। संबंधों में निकटता आएगी। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। | **मीन :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। संबंधों में प्रगाणता आएगी। आर्थिक मामलों में जोखिम से बचे। |

# इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल बाइक सवार की मौत

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के सुरहुरपुर देवस्थान के पास बुधवार को देर शाम दो बाइको में टक्कर हो गई जिसमें एक की इलाज के दौरान मौत हो गई सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के खड़िलिया गांव निवासी अमरजीत यादव उम्र लगभग 35 वर्ष जो किसी काम से मुहम्मदाबाद गोहना बाइक से आए हुए थे घर वापस जाते समय सुरहुरपुर देवस्थान के पास विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक में दोनों की टक्कर हो गई जिससे अमरजीत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया दूसरा बाइक सवार जिसको हल्की चोटें आई बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गया स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल अमरजीत को मुहम्मदाबाद गोहना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जहां उसकी कुछ देर के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अविवाहित था उसका छोटा भाई सर्वजीत जल निगम मऊ में चतुर्थ श्रेणी का कर्मचारी है मृतक का भाई सर्वजीत यादव ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दिया पुलिस छानबीन में जुटी हई है।

## मारपीट में पिता पुत्र घायल

**स्वतंत्र भारत मऊ।** सरायलखंसी थाना क्षेत्र के सरवां गांव में पुरानी रंजिश को लेकर पिता पुत्र को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया जिसमें पिता पुत्र दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए शेर पुत्र दीपचंद नारायण 26 वर्ष तथा पिता दीप नारायण पुत्र निरहू 60 वर्ष निवासी सरवां थाना सरायलखंसी बुधवार की दे रात पिता पुत्र कहीं जा रहे थे तभी पुरानी रंजिश को लेकर कुछ मनबढ युवकों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई।

# विद्यालय मर्जर के खिलाफ शिक्षकों का मोर्चा तेज



**बदलापुर जौनपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों के मर्जर के खिलाफ शिक्षा जगत में उबाल तेज हो गया है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के नेतृत्व में शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को बदलापुर विधायक रमेश मिश्रा को ज्ञापन सौंपते हुए मर्जर नीति को गरीब बच्चों के शिक्षा अधिकार पर सीधा हमला करार दिया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जिला संयुक्त मंत्री शैलेन्द्र सिंह व बक्सा ब्लॉक अध्यक्ष सरोज सिंह कर रहे थे। उन्होंने विधायक को बताया कि कम छात्र संख्या के आधार पर विद्यालयों को बंद कर दूरस्थ विद्यालयों में बच्चों को भेजना शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) का सीधा उल्लंघन है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियों को इससे सबसे ज्यादा असुविधा हो रही है, जिनके लिए अब पढ़ाई से ज्यादा दूरी और असुरक्षा की चुनौती खड़ी हो गई है। शिक्षकों ने स्पष्ट कहा कि सरकार की यह पेयरिंग नीति न केवल शिक्षण व्यवस्था को ध्वस्त कर रही है, बल्कि बच्चों के निःशुल्क और निकटवर्ती शिक्षा के मौलिक अधिकार को भी कुचल रही है। यह निर्णय ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ को तोड़ने वाला है। इस मौके पर विधायक रमेश मिश्रा ने शिक्षकों की चिंता को गंभीरता से लिया और आश्वासन दिया कि वह इस मुद्दे को संबंधित मंचों पर प्रभावी ढंग से उठाएंगे ताकि जल्द समाधान निकाला जा सके। शिक्षक संघ ने बताया कि इस नीतिगत अन्याय के खिलाफ प्रांतीय नेतृत्व विनय तिवारी (अध्यक्ष), उमाशंकर सिंह (महामंत्री) और अमित सिंह (जिलाध्यक्ष) के निर्देशन में राज्यव्यापी आंदोलन चल रहा है। आंदोलन के पहले चरण में 27 जून को समस्त जिलाधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया, जबकि दूसरे चरण में 3 जुलाई से 15 जुलाई तक सभी जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपकर समर्थन जुटाने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बदलापुर विधायक को आज यह ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान प्रमुख रूप से उपस्थित थे शैलेन्द्र सिंह (संरक्षक), सरोज सिंह (ब्लॉक अध्यक्ष), सुनील प्रजापति (जिला प्रचार मंत्री), संतोष उपाध्याय, उपेन्द्र उपाध्याय, मनोज सिंह, मनीष सिंह, निर्भय सिंह, भोला यादव, प्रवीण कुमार सिंह, शशांक सिंह, वेद प्रकाश सिंह, राजनाथ सिंह यादव, रेखा चौहान, पूर्णिमा सिंह, मंजू वर्मा, विष्णु शंकर सिंह, राजेश सिंह आदि।

# आलू बना रसोई का सहारा, बाकी सब्जियां हुई महंगी

**स्वतंत्र भारत मऊ।** बारिश की बेरुखी और भीषण गर्मी ने जनपद मऊ में सब्जियों के बाजार को संकट में डाल दिया है। एक ओर जहां थोक और फुटकर सब्जी विक्रेता बिक्री में भारी गिरावट से परेशान हैं, वहीं उपभोक्ताओं की जेबें भी हल्की होती जा रही हैं। सब्जी मंडियों में अब वह रौनक नहीं रही, जो कभी सामान्य दिनों में दिखाई देती थी।मऊ नगर की प्रमुख सब्जी मंडियों में ग्राहकों की संख्या घट गई है। विक्रेता बताते हैं कि ग्राहक अब केवल जरूरी सब्जियां ही खरीद रहे हैं, वो भी कम मात्रा में। थोक विक्रेता अवधेश यादव उर्फ नाते और मोहम्मद गनी ने बताया कि बारिश न होने की वजह से स्थानीय स्तर पर सब्जियों का उत्पादन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मजबूरन उन्हें बाहर से सब्जियां मंगानी पड़ रही हैं, जिसका सीधा असर कीमतों पर पड़ रहा है।पिछले कुछ दिनों में कई सब्जियों की कीमतें बेतहाशा बढ़ी हैं।निम्बू: ?10 प्रति पीस टमाटर: ?50 प्रति किलो करेला भिंडी परवल सभी ?40ड्ढ?60 प्रति किलो के पार है ऐसे में गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की रसोई में हलचल मच गई है। सब्जी की विविधता कम हो गई है और अधिकतर लोग केवल आलू पर निर्भर हैं, जो फिलहाल अपेक्षाकृत सस्ता और उपलब्ध है।स्थानीय सब्जी व्यापारियों का कहना है कि यदि मौसम ने जल्द करवट नहीं ली, तो यह व्यापार पूरी तरह चौपट हो सकता है। खरीदारों की संख्या घटने से थोक मंडियों में भी सन्नाटा है और छोटे विक्रेताओं के लिए माल लाना और बेचना दोनों घाटे का सौदा बनता जा रहा है। मऊ के सब्जी बाजार में इस समय बेचैनी का माहौल है। जहां ग्राहक महंगाई से परेशान हैं, वहीं विक्रेताओं को व्यापार ठप होने का डर सता रहा है। सबकी निगाहें अब आसमान की ओर टिकी हैं, उम्मीद है कि जल्द ही बारिश राहत लेकर आएगी और सब्जी बाजार में फिर से रौनक लौटेगी।

# टोटो पलटने से युवक गंभीर रूप से घायल, मेडिकल कॉलेज रेफर

**स्वतन्त्र भारत जमानिया (ग़ाज़ीपुर)।** स्थानीय रेलवे स्टेशन सब्ज़ी मंडी के पास बुधवार की रात एक टोटो के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उसमें सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बरूइन गांव निवासी सरफराज 28 वर्ष अपने मित्र महताब के साथ किसी कार्यवश टोटो से रेलवे स्टेशन सब्ज़ी मंडी आया था। लौटते समय अचानक टोटो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे सरफराज गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से दोनों को 108 एम्बुलेंस से नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहां से सरफराज की नाजुक हालत को देखते हुए तत्काल जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों की मानें तो दोनों युवक शराब के नशे में थे, जिससे वाहन पर नियंत्रण नहीं रह पाया और यह हादसा हुआ।

## खबर एक नजर

### दहेज उत्पीड़न में दो को दो-दो साल की सजा

**स्वंतत्र भारत विस मऊ।** दहेज उत्पीड़न के मामले में अदालत ने 26 साल बाद पीड़िता के पति को दो-दो साल के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दो-दो हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। सिविल जज जूनियर डिवीजन एफटीसी (सीएडब्ल्यू) काजल श्रीवास्तव ने 26 साल बाद दहेज उत्पीड़न के मामले में फैसला सुना कर पीड़िता को न्याय दिलाया। न्यायालय ने महिला के पति आफताब को दो-दो साल की जेल और दो-दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन की ओर की पैरवी सहायक अभियोजन अधिकारी अभिनव शुक्ला ने सात साक्षियों को अभियोजन कथानक को साबित कराया।

### चोरों ने आभूषण व नगदी पर किया हाथ साफ

**स्वतंत्रभारत मऊ।** सरायलखंसी थाना क्षेत्र के चांदमारी इमिलिया निवासी एक किसान के घर से बुधवार की रात में चोरों ने दस हजार हजार रुपए नकद और दो लाख रुपए मूल्य के आभूषण सहित कुल दो लाख दस हजार रुपए का माल उड़ा ले गए सुबह चोरी की घटना की जानकारी होने पर 112 पर फोन कर पुलिस को जानकारी दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। चाँदमारी इमिलिया निवासी ओमप्रकाश सिंह पुत्र स्व. रामअवध सिंह पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि खेती के काम से कुछ दिन पहले अपने पैतृक रानीपुर थाना क्षेत्र के ईटौरा गांव गए थे नौ जुलाई को हमारे पड़ोसी ने मोबाइल द्वारा घर का ताला टूटने की खबर दी सूचना मिलते पर अपने चांदमारी इमिलिया स्थित मकान पर गया तो देखा कि मेन गेट का कुंडा टुटा हुआ है और घर के अन्दर लगे गेट और कमरों का भी ताला टूटा हुआ है कमरे में रखी गोदरेज की आलमारी और बक्सा का ताला टूटा है और अंदर रखा सामान अस्त व्यस्त हैं और कमरे में बिखरा पड़ा है और आलमारी में रखा दस हजार नगद और एक सोने की जंजीर, सोने की दो टप्स, चाँदी का पायल और विहुआ की चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी मोबाइल से 112 पर दिया मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जाँच कर उसका फोटो एवं फिंगरप्रिन्ट लिया। थाना प्रभारी शैलेश सिंह ने बताया कि ओमप्रकाश सिंह की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### अब पी जी कॉलेज में एम0एस-सी कृषि एवं एम0 कॉम0 की प्रवेश परीक्षा 15 जुलाई को

**स्वतन्त्र भारत गाजीपुर।** स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर एम0एस-सी0 कृषि आनुवंशकी एवं पादप प्रजनन, उद्यान विज्ञान तथा एम0 काम0 प्रथम सेमेस्टर में दिनांक -11 एवं 12 जुलाई 2025 को होने वाली प्रवेश परीक्षाएं अपरिहार्य कारणों से स्थगित की जाती हैं। उनकी यह परीक्षाएं अब दिनांक 15 जुलाई 2025 को सांय 03 बजे से 05 बजे तक होगी। सभी परीक्षार्थी समय से परीक्षा के लिए उपस्थित होना अनिवार्य है।

### वित्तीय वर्ष 2025 में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना

**स्वतन्त्र भारत गाजीपुर।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र प्रवीण कुमार मौर्य ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत ट्रेड-दर्जी के अभ्यर्थियों के चयन हेतु साक्षात्कार दिनांक 14.07.2025, 15.07.2025 एवं 16.07.2025 तथा ट्रेड- हलवाई दिनांक 17.07.2025 एवं दिनांक 18.07.2025 को पूर्वाहन् 11.00 से सायं 05.00 बजे तक आयोजित होगा। सभी पात्र अभ्यर्थी अपने लिए निर्धारित तिथि एवं समय पर कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र गाजीपुर में आनलाइन अपलोड किये गये अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ प्रतिभाग करने का कष्ट करें। पूर्व में विश्वकर्मा श्रम सम्मान, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति सब ट्राइबल प्लान, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रशिक्षण योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजनान्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त आवेदक तथा उनके पति/पत्नी चयन हेतु पात्र नहीं हैं।

### धर्मेंद्र गौतम गुड्डू बसपा के जिला प्रभारी बनाए गए

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के खम्भौरा गांव निवासी बसपा के सदर विधानसभा के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार गौतम गुड्डू बसपा के जौनपुर जिला प्रभारी बनाए गए । यह मनोनयन बसपा की मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती के आदेश पर किया गया । धर्मेंद्र कुमार गौतम मेहनत और कर्मठता को देखकर यह दायित्व को सौपा गया है। इसके पहले वह खम्भौरा गांव के प्रधान रह चुके हैं और काफी मिलनसार हैं । बहुजन समाजवादी पार्टी को बढ़ाने के लिए लगातार काम करने में जुटे हैं । जिला प्रभारी बनने पर धर्मेंद्र कुमार गौतम गुड्डू को लोगों ने मिलकर बधाई दी है । इस बारे में धर्मेंद्र कुमार गुड्डू ने कहा कि मुझे जो दायित्व मिला है वह पूरी निष्ठा जिम्मेदारी लगन से निर्वहन करूंगा, पार्टी को ऊंचाइयों पर ले जाने का काम करूंगा। हर कार्यकर्ताओं को जोड़कर चलूंगा। इनके अलावा जौनपुर जिला के सोमनाथ चौधरी भी प्रभारी बनाए गए हैं।

### गुरु कृपा से ही जीवन में सही मार्ग संभव : उमादास

**महराजगंज जौनपुर।** गुरु पूर्णिमा पर्व पर वृहस्पतिवार शिष्यों ने अपने गुरु का पूजन कर आशीर्वाद लिया। राजपुर रुखार में स्वामी उमादास जी महाराज के शिष्यों ने महाराज का पूजन किया महाराज ने कहा कि जीवन में सही मार्ग का निर्धारण बिना गुरु के सम्भव नहीं है राम नाम का मंत्र जीवन को उज्वल बनाता है।इससे बड़ा कोई मंत्र नहीं है।आश्रम गुरु भजन से गुंजायमान रहा।शिष्यों ने गुरु दक्षिणा भी लिया । वहीं फत्तूपुर स्थित बाबा परमहंस कुटी पर शिष्यों ने परमहंस महाराज से दक्षिणा लिया । मौके पर जिला पंचायत सदस्य नन्हकू राम यादव, बुलाकी राम यादव, शिवशंकर,पूर्व प्रधान सूबेदार,लाल साहब, कृष्ण कुमार सहित लोग रहे।

### सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक

**स्वतन्त्र भारत गाजीपुर।** सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक दिनांक 03.07.2025 में जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में जिला विद्यालय निरीक्षक गाजीपुर द्वारा जनपद के सभी विद्यालय प्रबन्धक/प्रधानाचार्य को विद्यालय में संचालित वाहनों जिनसे बच्चो को स्कूल लान-लेजाने के प्रयोग में लिया जाता के सम्बन्ध में आज दिनांक 10.07.2025 राजकीय बालिका इण्टर कालेज महुआबाग, गाजीपुर एक बैठक सम्पन्न हुई जिसमे जनपद के सभी विद्यालय के प्रबन्धक/प्रधानाचार्य को विस्तार से सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी श्री धनवीर यादव जी द्वारा स्कूली वाहनों के सम्बन्ध में जानकारी दिया गया।

# अवैध स्कूलों पर बड़ी कार्रवाई, बीईओ ने दो शिक्षण संस्थानों को कराया बंद



**स्वतन्त्र भारत जमानिया (ग़ाज़ीपुर)।** स्थानीय ब्लॉक क्षेत्र में शिक्षा विभाग ने गुरुवार को एक अहम कार्रवाई करते हुए दो गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर छापेमारी कर उन्हें तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया। यह कार्रवाई बीईओ के नेतृत्व में की गई। जानकारी के अनुसार सनराइज पब्लिक स्कूल कुशी और बालिका जूनियर हाई स्कूल फूली पिछले कई महीनों से बिना किसी मान्यता के अवैध रूप से संचालित हो रहे थे। गुरुवार की सुबह खंड शिक्षा अधिकारी राजीव यादव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और औचक निरीक्षण कर विद्यालयों की मान्यता संबंधी जानकारी मांगी। संतोषजनक जवाब न मिलने पर दोनों विद्यालयों को तुरंत सील कर दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए संबंधित प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया कि इन विद्यालयों में पढ़ रहे छात्रों का समुचित नामांकन निकटवर्ती प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में सुनिश्चित कराया जाए, जिससे उनकी शिक्षा में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। कार्रवाई के दौरान स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि ये या अन्य कोई भी विद्यालय भविष्य में बिना मान्यता के पुनः संचालित होते हुए पाए गए, तो उनके खिलाफ कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, यदि दोबारा संचालन किया गया तो एक लाख रुपये का जुर्माना और हर दिन के हिसाब से दस हजार रुपये अतिरिक्त जुर्माना वसूला जाएगा। इस कार्रवाई से ब्लॉक क्षेत्र के अन्य अवैध रूप से संचालित शिक्षण संस्थानों में हड़कंप मच गया है। कई स्कूल संचालक अब अपने दस्तावेज़ों को दुरुस्त करने की कोशिश में लग गए हैं। यह कार्रवाई शिक्षा विभाग की एक बड़ी पहल मानी जा रही है, जो बच्चों के हित में शिक्षा के स्तर को सुधारने और फर्जी शिक्षण संस्थानों पर लगाम लगाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

# एसडीएम व आबकारी विभाग की टीम ने की देसी शराब दुकान की जांच



**बदलापुर जौनपुर।** तहसील क्षेत्र के घनश्यामपुर बाजार स्थित देसी शराब की दुकान पर बुधवार देर शाम उपजिलाधिकारी बदलापुर डॉ. योगिता सिंह ने आबकारी विभाग की टीम के साथ औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण में उनके साथ आबकारी इंस्पेक्टर आलोक सिंह, दीवान सुरेश पटेल व सुधीर सिंह भी मौजूद रहे। यह कार्रवाई प्रशासन की नियमित निगरानी व्यवस्था के तहत की गई थी। जांच के दौरान दुकान पर मौजूद सभी कागजात और व्यवस्थाएं पूरी तरह सही पाई गईं। एसडीएम डॉ. योगिता सिंह ने कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वे नियमों का कड़ाई से पालन करें। मौके पर किसी प्रकार की अनियमितता न मिलने पर प्रशासन संतुष्ट दिखे।

## बच्चों के विवाद में हुई मारपीट

**महराजगंज जौनपुर।** बच्चों के विवाद को लेकर हुए मारपीट में पुलिस ने आठ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। थाना क्षेत्र के सराय परशुराम निवासी बसंत लाल ने थाने में दी गई प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि दो दिन पूर्व देर शाम को बच्चों के विवाद को लेकर विपक्षी पड़ोसी रमाकांत, अभिषेक, आकाश व मीरा एक जुट होकर गाली गलौज देने लगे और मारने पीटने लगे।बीच बचाव में भतीजे राघवेंद्र, बेटे शैलेन्द्र व भाभी विद्यावती को गम्भीर चोट आई।और जाते समय जान से मारने की धमकी दी।वहीं दूसरे पक्ष से रमाकांत ने बताया कि उसी विवाद को लेकर अगले दिन पड़ोसी बसंत लाल के परिजन राघवेंद्र, शैलेन्द्र, सत्यनारायण मेरे परिजनों को गाली गलौज देते हुए मार पीट घायल कर दिए।ऐसे में थानाध्यक्ष अमित पांडेय मामले की जांच करते हुए दोनों पक्षों से आठ लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू की।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया वृक्षारोपण महाभियान

**कासिमाबाद गाज़ीपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने शान्ति कालोनी कासिमाबाद में वृक्षारोपण महाभियान कार्यक्रम का आयोजन पूर्व विधायक कालीचरण राजभर की अध्यक्षता में किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल महामहिम श्री मनोज सिन्हा जी के सुपुत्र अभिनव सिन्हा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश राय समेत सभी अतिथियों का सम्मान अंगम वस्त्र देकर किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम को करते हुए अभिनव सिन्हा ने कहा कि आज इस कार्यक्रम से जुड़कर हमें गर्व की अनुभूत होती है और ऐसे कार्यक्रम का हिस्सा होना मेरे लिए गर्व की बात है और सबसे बड़ी बात मां के नाम पौधारोपण है जिसकी रक्षा करना हम सबका कर्तव्य है वहीं पर पूर्व विधायक कालीचरण राजभर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण करना बहुत ही पुण्य का कार्य और हम सबको इसमें बढ़चढकर हिस्सा लेना चाहिए क्योंकि जबतक पर्यावरण सुरक्षित नहीं होगा तब तक हम भी सुरक्षित नहीं होंगे वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश राय ने कहा कि जीवन शब्द दो शब्दों जीव +बन के योग से मिलकर बना है अर्थात जीव और वन अनादि काल से ही हमारे पूर्वज जंगलों में रहा करते थे परन्तु आज की चकाचौंध भरी जिंदगी ने हमें जंगलों से दूर रखा है भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वृक्षारोपण महाभियान कार्यक्रम को मां के नाम से जोड़कर भावनात्मक रूप से उन्होंने लोगों को ज्यादा से पेड़ पौधे लगाते हुए इसके संरक्षण की बात कही उन्होंने कहा कि पेड़ पौधों का संरक्षण करना हम सबका परम कर्तव्य होना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजक हिमांशु सिंह को कोटि कोटि बधाई देते इस सफल आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## बुनकरों की समस्याओं में समाधान का दिया भरोसा

**स्वतंत्र भारत मऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री मा0 श्री ए.के. शर्मा जी के विभागीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्री रामचंद्र शर्मा से बुनकरों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मऊ के काजा खुर्द में मुलाकात कर बुनकर समाज की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर चर्चा की। इस मौके पर गोरखपुर विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने अवगत कराया कि बुनकरों को नए बिजली कनेक्शन लेने, स्थायी विच्छेदन कराने मीटर रीडिंग में त्रुटियां जर्जर बिजली के खंभों मीटर में खराबी जैसी कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इन सभी विषयों को गंभीरता से सुनते हुए श्री रामचंद्र शर्मा ने बुनकरों को आश्वस्त किया कि उनकी हर समस्या का शीघ्र, प्रभावी एवं संतोषजनक समाधान किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार बुनकर समाज की समस्याओं के प्रति पूर्णतः संवेदनशील है और हर स्तर पर मदद दी जाएगी।

# गुरु पूर्णिमा पर जनपद में श्रद्धा व सम्मान का उमड़ा जनसैलाब

स्वतंत्रभारत मऊ।गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर जनपद मऊ में श्रद्धा, संस्कृति और सम्मान का अद्भुत संगम देखने को मिला। भारतीय जनता पार्टी मऊ नगर पश्चिम मंडल द्वारा ÷गुरु वंदन ङ्क चरण स्पर्श÷ अभियान के अंतर्गत नगर के प्रमुख मठ-मंदिरों के पुजारियों एवं संतजनों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत नगर के प्राचीन हनुमान घाट मंदिर पर गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री सुनील गुप्ता ने मुख्य पुजारी पं. देवेंद्र मिश्रा को माल्यार्पण कर अंगवस्त्र भेंट करते हुए सम्मानित किया। साथ ही मां शीतला धाम मंदिर के पुजारी दीपक महाराज व सुधाकर जी को भी अंगवस्त्र देकर सम्मान प्रदान किया गया। इस दौरान जिला मीडिया प्रभारी कृष्णकांत राय, मंडल अध्यक्ष विनोद गुप्ता, राहुल उपाध्याय, डॉ. बृजेश यादव, अंबिका यादव, छवि श्याम शर्मा, सभासद गौतम मौर्य, आशुतोष सिंह, राजन प्रताप सिंह, आलोक विश्वकर्मा और फागू जी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने गुरुओं के सम्मान में सहभागिता करते हुए उन्हें सनातन संस्कृति की परंपरा का वाहक बताया। वहीं मुहम्मदाबाद गोहना के प्रसिद्ध गुरादरी मठ पर गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु जुटे। पवित्र पाताल गंगा सरोवर में स्नान कर श्रद्धालुओं ने छः प्रमुख समाधियों के दर्शन किए और महंथ भगवान दास जी महाराज का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मठ पर फल व सब्जी व्यवसायी अनिल चौरसिया व दुर्गविजय चौरसिया के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने हलवा और भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर इंद्रदेव सिंह, रामलाल, नागेंद्र सिंह, शशिभूषण सिंह, पंकज मद्धेशिया, हरेंद्र मौर्य, प्रभात कुमार, अंकित राजपूत, संतोष राय समेत सैकड़ों भक्तों की उपस्थिति रही।

नगर पंचायत मोहल्ला जमीन बरामद पुरी स्थित उदासीन ऋषि आश्रम संगत में भी महंत सत्यनाम दास महाराज को श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद अर्पित किया और गुरु के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की। भक्तों ने परिवार की सुख-शांति व उन्नति हेतु गुरुओं से आशीर्वाद लिया। गुरु ही परमात्मा तक पहुंचने का माध्यम है।कार्यक्रमों के दौरान वक्ताओं ने कहा कि सनातन परंपरा में गुरु का स्थान ईश्वर से भी श्रेष्ठ माना गया है, क्योंकि वही ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग दिखाता है। ऐसे गुरु का पूजन कर शिष्य न केवल आध्यात्मिक बल प्राप्त करता है, बल्कि जीवन में यशस्वी भी बनता है।गुरु पूर्णिमा पर मऊ जनपद की पावन भूमि पर हुआ यह आयोजन भारतीय परंपरा की जीवंतता और जनमानस में गुरुओं के प्रति अटूट श्रद्धा का प्रतीक बना।

# राज्यसभा सांसद के हाथों जिले के तमाम सामाजिक कार्यकर्ता अपने समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी में हुए शामिल



जौनपुर आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रभारी राज्यसभा सांसद संजय सिंह का आगमन जनपद जौनपुर में हुआ था, इसी संदर्भ में पार्टी कार्यालय के पास स्थित मंगलम मैरिज हॉल में कार्यकर्ता सम्बोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के तमाम वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अपनेङ्कअपने समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी की सदस्यता लिए। सदस्यता लेने के लिए प्रमुख रूप से शामिल हुए मल्हनी विधानसभा क्षेत्र से अमरपाल यादव, चकजददू दुबे, वीरेंद्र यादव, विजय यादव, केराकत विधानसभा से चंद्रजीत गायक, सदर विधानसभा से आफताब आलम, अशोक यादव इत्यादि लोग अपने समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी की सदस्ता लिए। राज्यसभा सांसद संजय सिंह द्वारा उक्त सभी लोगों को आप पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। उक्त कार्यक्रम का संचालन पूर्वांचल प्रांत प्रभारी डॉ अनुराग मिश्रा ने किया। उक्त कार्यक्रम में पार्टी की तरफ से प्रमुख रूप से शामिल रहे निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सभाजित सिंह, पूर्वांचल प्रांत अध्यक्ष राजेश यादव, जिलाध्यक्ष राम रतन विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष विजय सिंह बागी, जिला महासचिव विनोद प्रजापति, निवर्तमान जिला मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष विद्याधर मिश्र, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव रेखा जायसवाल, जिलाध्यक्ष अनीता मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष वंदना मिश्रा, समाजसेवी शत्रुघ्न सिंह सोनू, समाजसेवी प्रदीप मिश्रा, वरिष्ठ सदस्य सोम वर्मा, व्यापार प्रदेश सचिव हिंच नारायण तिवारी, विधि प्रकोष्ठ पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग मणि त्रिपाठी, काशी प्रांत उपाध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह, व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव बंटी अग्रहरि, विशाल यादव, बबलू गुप्ता, मुरली मनोहर, शिव जी मिश्रा समेत सैकड़ो कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे। राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने सभी नए सदस्यों को आप पार्टी की सदस्यता दिलाने के पश्चात कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बोले कि आज हम सभी के लिए बहुत ही खुशी का दिन है कि जिले के तमाम वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता आप पार्टी की सदस्यता ले रहे हैं और अब आम आदमी पार्टी की लोकप्रियता उत्तर प्रदेश में भी बहुत तेजी से जिले के साथ-साथ पुरे देश में फैल रही है।

## फेफना-मऊ मार्ग होगा फोरलेन

**स्वंतत्र भारत मऊ।** मऊ से बलिया के लिए राह आसान होने वाली है। इस मार्ग पर बढ़ते वाहनों को देखते हुए फेफना-मऊ एनएच-128 बी को फोरलेन बनाने की योजना तैयार होने लगी है। इसके लिए एनएचआई डीपीआर और आरओबी तैयार करने में जुट गई है। एनएचएआई के अधिकारियों ने भी अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं, जिससे मऊ और बलिया जिले के लाखों लोगों में खुशी की लहर है।पहले यह मार्ग स्टेट हाईवे-34 था। बलिया और मऊ के लोक निर्माण विभाग की सीमा में होने की वजह से सड़क का निर्माण एवं रख-रखाव समय से नहीं हो पाता था। साथ ही दो जनपदें की सीमा में होने की वजह से आधा अधूरा ही मेंटेनेंस हो पाता था। वाहनों का बढ़ता दबाव और निर्माण और रखरखाव में आ रही समस्या को देखते हुए लगभग चार वर्ष पूर्व मऊ-फेफना मार्ग को एनएचएआइ को सौंप दिया गया। केंद्र सरकार ने फेफना से मऊ मार्ग को एनएच कोड 128 बी आवंटित किया है।

# बिजली विभाग ने मारा बहादुरगंज में छापा हड़कम्प



**स्वतन्त्र भारत बहादुरगंज बहादुरगंज गाज़ीपुर।** बहादुरगंज नगर क्षेत्र में गुरुवार के दिन बिजली विभाग द्वारा सघन जांच चेकिंग अभियान व राजस्व वसूली चलाया गया जिससे नगर में हड़कंप मच गया। और लोगों में अफरातफरी मच गई बता दें कि अधिशासी अभियंता प्रवीण कुमार तिवारी के नेतृत्व में संयुक्त रूप से 4 टीमें बनाई गई थी जिसमें नगर के अलग-अलग स्थानों पर एक-एक टीम ने सघन जांच की वहीं कई घरों में बाईपास द्वारा चोरी व कटिया डालकर बिजली चोरी पकड़ी गई नगर में काफी हो हल्ला कई घंटे तक होता रहा विद्युत भार से अधिक बिजली का उपयोग में संलिप्त दर्जनों लोगों को पकड़ा गया। नगर में कई घंटे तक हड़कंप मचा रहा वही कासिमाबाद अवर अभियंता अमित कुमार वर्मा ने कहा कि यह सघन जांच अभियान व राजस्व वसूली है जिसमें आम जनमानस को हिदायत दी की मीटर से विद्युत का उपयोग करें तथा लूम के कनेक्शनधारी घरेलू कनेक्शन अलग लेकर बिजली का उपयोग करें बिजली बिल का समय से भुगतान करें यह अभियान अनवरत चलता रहेगा। इस मौके पर जंगीपुर अवर अभियंता सत्यम त्रिपाठी, पारा अवर अभियंता प्रमोद यादव, कासिमाबाद अवर अभियंता एसके सिंह, महरौर नोडल अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, जंगीपुर जेई महबूब अली, बहादुरगंज जेई आर एन सिंह, कासिमाबाद जेई सुरेंद्र ओझा व? अजय मिश्रा, बहादुरगंज कासिमाबाद के विद्युत कर्मचारी संयुक्त रूप से मौजूद रहे।



स्वतंत्र भारत

# अयोध्या

लखनऊ, शुक्रवार, 11 जुलाई. 2025 (9)

अंबेडकरनगर



# गुरु पूर्णिमा पर्व पर श्रद्धालुओं ने स्नान कर गुरुओं से ली आशीर्वाद

**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** अयोध्याधाम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर्व पर श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में स्नान करने के बाद मठ-मंदिरों में जा करके गुरुओं से लिया आशीर्वाद। जहां सुबह से लेकर देरशाम तक भक्तों का जमावड़ा लगा रहा। गुरु पूर्णिमा महोत्सव को श्रीउत्तर तोताद्रिमठ के वर्तमान पीठाधीश्वर श्रीमज्जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी अनंताचार्य महाराज ने अपनी सानिध्यता प्रदान की। गुरुवार की सुबह सबसे पहले आश्रम के गर्भगृह में विराजमान लक्ष्मी वेंकटेश भगवान का पूजन-अर्चन, भोग, आरती किया गया। उसके बाद पीठ के पीठाधिपति स्वामी अनंताचार्य महाराज ने मठ के पूर्वाचार्यों का पूजन-अर्चन के बाद अपने गुरु स्वामी कमलाकांताचार्य महाराज का पूजन किया। तत्पश्चात श्रीबालदेशिक सोपान ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी केशव



नारायण दूबे उपनाम केशव प्रपन्नाचार्य द्वारा अपने गुरुदेव स्वामी अनंताचार्य महाराज का पूजन-अर्चन किया गया। फिर शिष्यगणों ने बारी-बारी से गुरुदेव का पूजन-वंदन किया। स्वामी अनंताचार्य महाराज ने कहा कि आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा अर्थात गुरु पूर्णिमा जिसे हम व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जानते हैं। इस दिन महाभारत के रचयिता और चारों वेदों के ज्ञाता महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था। पौराणिक मान्यता के अनुसार गुरु पूर्णिमा को महाभारत के रचयिता वेद व्यास का जन्म दिवस माना जाता है। उनके सम्मान में इस दिन को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। शास्त्रों में यह भी कहा जाता है कि गुरु पूर्णिमा के दिन ही महर्षि वेदव्यास ने चारों वेद की रचना की थी और इसी कारण से उनका नाम वेद व्यास पड़ा। गुरु पूर्णिमा के दिन सभी गुरुओं को नमन किया जाता है। गुरु पूर्णिमा के अगले दिन से सावन मास प्रारंभ हो जाता है, जिसका उत्तर भारत में बहुत महत्व है। गुरु हमें अज्ञान के अंधकार से बाहर निकालकर ज्ञान का प्रकाश देते हैं। जीवन में गुरु का महत्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि वे हमें सही आदर्शों का पालन करना सिखाते हैं। उनके मार्गदर्शन से हम अपने जीवन में बड़े-बड़े लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। गुरु का सम्मान करना और उनकी बातों का पालन करना हर शिष्य का कर्तव्य है। गुरु नाम में ही सम्मान और शिक्षा का भाव होता हैं। इंसान अपने जीवन में सब कुछ कर सकता है। परंतु वो जो कर रहा है, वो काम सही है या नहीं ये जानने की सीख उसे गुरु से मिलती है। एक दूसरे का सम्मान करना और अपने देश से प्रेम करना गुरु से ही सीखने को मिलता है। हर व्यक्ति के जीवन में एक अच्छे गुरु की आवश्यकता होती है। जो हमें अंधकार से निकाल कर उजाले की ओर ले जाता। गुरु एक सच्चा मार्गदर्शक एवं पथ प्रदर्शक होता है। बिना गुरु के कुछ भी संभव नही है। वही हमें भवसागर पार कराता है।

# आई हास्पिटल के दुकानदारों ने पुनर्वास की मांग को लेकर नगर विधायक से की मुलाकात

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** रामपथ साहबगंज पर बने आई हास्पिटल को तोड़ करके प्रशासन 300 शैय्या सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाने की नोटिस दुकान दारों को दी गयी है। इसको लेकर क्षेत्रीय दुकानदारों की चिंता बढ़ गयी है। निर्माण कार्य से प्रभावित हो रहे दुकानदारों ने शुक्रवार को अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता से मुलाकात कर पुर्नवास की मांग की। व्यापारियों का कहना है कि अस्पताल के निर्माण के चलते उनकी दुकानें हटाई जा रही हैं, जिससे उनके समक्ष रोजगार का संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने विधायक से आग्रह किया कि प्रभावित व्यापरियों को पुनर्वास योजनाओं के तहत वैकल्पिक स्थान पर दुकानें उपलब्ध कराई जाएं, ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने व्यापारियों की समस्याओं को सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा, सरकार की मंशा विकास कार्यों के साथ-साथ आमजन की सुविधाओं को सुनिश्चित करना है। अधिकारियों से वार्ता की जाएगी। प्रयास रहेगा कि सभी प्रभावित व्यापारियों की समस्या का समाधान हो। विधायक ने यह भी कहा कि अयोध्या को चिकित्सा सुविधा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए यह अस्पताल एक महत्वपूर्ण कदम है। यह प्रयास किया जाएगा कि इसके चलते किसी का नुकसान न हो। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आई हास्पिटल को प्रशासन ने अपने कब्जे में ले करके वहां के दुकानदारों को नगर मजिस्ट्रेट के द्वारा खाली करने का नोटिस भी जारी कर दिया है, जिससे 300 शैय्या का सुपर हास्पिटल बन सके।

# मण्डलायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक ने कांवड़ यात्रा की तैयारियों का किया निरीक्षण

## अतिक्रमण हटाने का दिया, निर्देश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने पुलिस महानिरीक्षक श्री प्रवीण कुमार के साथ श्रावण मेला झूला एवं कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों को लेकर रामपथ से राम की पैड़ी, हनुमान गुफा से दीनबन्धु नेत्र चिकित्सालय वाया रामघाट चौराहा वाया कांशीराम आवासीय कालोनी वाया परमा अकादमी मार्ग वाया हलकारा का पुरवा चौराहा वाया बूथ नम्बर 4 चौराहा से दर्शननगर सूर्यकुण्ड का स्थलीय निरीक्षण किया गया। मण्डलायुक्त ने बताया कि कल से श्रावन का महीना प्रारम्भ हो रहा है और अयोध्या के नजदीकी जनपदों से भारी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या में आते है तथा सरयू जी का जल लेकर विभिन्न मंदिरों में जलाभिषेक करते है। श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था हेतु मुख्य मार्गो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के



दौरान अधिकारीद्वय ने सम्बंधित को निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा के मार्ग पर जहां जहां सड़के क्षतिग्रस्त है उनको यथाशीघ्र समतल किया जाय और जिन-जिन स्थानों पर नाले खुले हुये है उनको तत्काल बंद कराया जाय। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पाया कि राम की पैड़ी सहित अन्य मार्गो पर विद्युत के तार लटक रहे है उनको ठीक कराते हुये बचे हुये विद्युत के खम्भों पर सुरक्षा सुनिश्चित की जाय। उन्होंने राम की पैड़ी पर चल रहे निर्माण कार्यो को देखते हुये कार्य में तेजी लाकर गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसके साथ राम की पैड़ी पर पटरी दुकानदारों के द्वारा किये गये अतिक्रमण को तत्काल हटवाने के निर्देश दिये। अधिकारीद्वय ने बताया कि कांवड़ियों का आगमन शीघ्र प्रारम्भ हो रहा है, जिसके चलते घाटों पर साफ सफाई, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था सहित सुरक्षा के अन्य इन्तजाम समय पर पूर्ण कर लिये जाय और नागेश्वरनाथ मंदिर को जाने वाले मुख्य मार्ग का भ्रमण करते हुये समुचित व्यवस्था समय पर सुनिश्चित की जाय। उन्होंने अपर जिलाधिकारी नगर योगानन्द पांडेय व पुलिस अधीक्षक नगर चक्रपाणि त्रिपाठी को निर्देश दिये कि कांवड़ियों के आने वाले मुख्य मार्गो का स्थलीय निरीक्षण करते हुये सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित की जाय। इसके साथ साथ कांवड़ यात्रा के मुख्य मार्गो पर जिन भी कार्यदायी संस्थाओं द्वारा निर्माण सामाग्री सड़कों पर रखी पायी गयी है उसको तत्काल हटवाने के निर्देश दिये।

# नगर आयुक्त को अवध कांट्रेक्टर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** विभिन्न समस्याओं को लेकर नगर निगम से जुड़े ठेकेदारों ने व्यवस्था को लेकर नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार से मिलकर मांग पत्र दिया। अवध कांट्रेक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय पाण्डेय का कहना है कि नगर निगम अयोध्या में



गुणवत्ता के साथ कार्य समय से पूर्ण हो सके तथा हम ठेकेदारों को भी थोड़ी आसानी हो जिसके लिए अवध कांट्रेक्टर एसोसिएशन ने मांग की है. कि नगर निगम अयोध्या द्वारा आमंत्रित की जाने वाली समस्त निविदाओ में पूर्व की भांति 15 प्रतिशत निम्न दर का कटऑफ लागू किया जाए।नगर निगम अयोध्या द्वारा आमंत्रित की जाने वाली समस्त निविदाओ में पूर्व की भांति निविदा के साथ 2 प्रतिशत ई.एम.डी जमा कराई जाए तथा शेष 8 प्रतिशत जमानत धनराशि अनुबंध के पूर्व जमा कराई जाए। एवं समस्त निविदाए (विशेष परिस्थितियों को छोड़कर) ऑनलाइन आमंत्रित की जाएं। प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग अयोध्या की भांति नगर निगम अयोध्या में भी ठेकेदार फॉर्म का पंजीकरण नवीनीकरण 3 वर्षों के लिए किया जाए। अनुबंध के सापेक्ष जमा होने वाली जमानत धनराशि विभागीय अध्यक्ष के पदनाम से बंधक होकर जमा हो तथा उन्हीं के द्वारा अवमुक्त की जाए। इस दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय पाण्डेय के साथ आकाश सिंह, केके तिवारी, डॉ स्वतंत्र देव सिंह, मोनू तिवारी, ऋषि सिंह, वीरू सिंह आदि शामिल थे।

# सैयदवाड़ा गोलाघाट में मजलिस कार्यक्रम कल



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** मोहल्ला गोलाघाट-सैयदवाड़ा स्थित इमामबारगाह में महाराज कालेज के अध्यक्ष रहे समाजसेवी मरहूम अजादार हुसैन इब्ने जुल्फेकार हुसैन की बरसी की मजलिस कल बृहस्पतिवार को सुबह 10 बजे से आयोजित होगी। यासिर हुसैन ने बताया कि कुम-ईरान से आए मौलाना सिब्तैन अब्बास रिजवी मजलिस को संबोधित करेंगे। उससे पहले चंदन फैजाबादी पेशखानी, कहेफ अब्बास सोजखानी और रेहान जलालपुरी नौहाखानी करेंगे। संचालन का दायित्व आरिफ अनवर अकबरपुरी निभाएंगे।

# मठ-मंदिरों में अपने गुरू से मिलने पहुंचे श्रद्धालु





**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी में अपने गुरु से मिलने के लिये मठ-मंदिरों में पहुंचने के लिये श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। तिवारी मंदिर में नगर निगम अयोध्या के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी के मंदिर में हजारों लोग अपने गुरु से मिलने के लिये पहुंच करके आशीर्वाद लिया और दक्षिणा भी चढ़ाया। विभिन्न जिलों से आये श्रद्धालु मंदिरों में जा करके पहले पूजा-अर्चना किया उसके बाद अपने गुरु का पांव छू करके आशीर्वाद प्राप्त किया फिर उनको दक्षिणा दिया। उनको देखने के लिये श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ था। सुबह से लेकर शाम तक भीड़ लगी हुई थी। अयोध्या के विभिन्न मंदिरों के साथ-साथ रामवल्लभाकुंज मंदिर में भी महंत राजकुमार दास ने भी अपने गुरु का चरण स्पर्श करके दक्षिणा दिया। अयोध्या के सभी मंदिरों में श्रद्धालु दूरदराज के जिलों से आ करके सरयू नदी में स्नान करने के बाद अपने गुरुओं से मिलने के लिये व्याकुल दिखायी दिये। गुरुओं से मिलने के बाद वो लोग मंदिर में भगवान काा दर्शन किया फिर उसके बाद अपने गंतव्य के लिये रवाना हो गये। इस बीच जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किये थे। किसी भी श्रद्धालुओं को दिक्कत का सामना न करना पड़े और आसानी से लोगों को गुरु दक्षिणा मिल जाय।

# गुरु पूर्णिमा के अवसर पर किया वृक्षारोपण

**स्वतंत्र भारत टांडा (सं.)** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर विवेकानन्द शिशुकुंज/ इण्टर कॉलेज विद्युत नगर में प्रधानाचार्य रामतीरथ यादव के मार्गदर्शन में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय में प्रधानमंत्री बहन नैंसी मिश्रा के साथ-साथ मंत्रिमंडल में शामिल बहन वर्तिका, गरिमा, निहारिका, शिखा, पूर्व प्रधानमंत्री भैया आदित्य व सत्यम आदि की अगुवाई में विद्यालय प्रांगण में विभिन्न प्रकार के पौधों को लगाकर पर्यावरण संरक्षण के लिए दृढ़ संकल्प लिया गया। प्रधानमंत्री बहन नैंसी मिश्रा द्वारा बताया गया कि केवल मात्र वृक्ष लगाना ही हमारा लक्ष्य नहीं है, वृक्ष तो सभी लगाते हैं। हमारा लक्ष्य है। विद्यालय के प्रधानाचार्य राम तीरथ यादव द्वारा गुरु की महिमा बताते हुए भैया-बहनों को अपने प्रथम गुरु माता-पिता तथा हमें ज्ञान के साथ-साथ अंधकार से प्रकाश की तरफ ले जाने वाले अपने गुरुओं के प्रति समर्पित भाव रखने के लिए मार्गदर्शन दिया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य सन्तराम लाल बिहारी, महेन्द्र, दयाशंकर अरविन्द के साथ-साथ अन्य आचार्य-आचार्या बहनें उपस्थित रहीं।

# गुरू पूर्णिमा पर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने किया मंदिरों में दर्शन-पूजन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने विभिन्न मंदिरों में दर्शन-पूजन कर गुरुजनों के प्रति श्रद्धा निवेदित की। उन्होंने रानोपाली स्थित महंत भरत दास जी के आश्रम, रिकाबगंज स्थित हनुमान गढ़ी, देवकाली मंदिर सहित कई प्रमुख मंदिरों में जाकर पूजन-अर्चन किया। इस दौरान विधायक ने संत-महंतों से आशीर्वाद प्राप्त किया और उनके साथ कुछ समय व्यतीत किया। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा, गुरु ही जीवन को दिशा देने वाले मार्गदर्शक होते हैं। गुरू पूर्णिमा का यह पर्व भारतीय संस्कृति की मूल आत्मा का प्रतीक है। अयोध्या की संत परंपरा पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा है। मेरा सौभाग्य है कि मुझे संतों का सानिध्य और आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है।

# इमाम हुसैन की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन

**स्वतंत्र भारत अम्बेडकरनगर (सं.)** धर्म व मानवता की लाज रखने वाले महान बलिदानी हजरत इमाम हुसैन की याद में अल-इमाम चैरिटेबल फाउंडेशन ताजपुर के तत्वावधान में वार्षिक रक्तदान शिविर कार्यक्रम का आयोजन आगामी 20 जुलाई रविवार को दिन में 10 बजे से शाम चार बजे तक जिला चिकित्सालय में होगा। संस्था के चेयरमैन ख्वाजा शफाअत हुसैन एडवोकेट ने बताया कि उक्त रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि सदर एसडीएम डा. शशि शेखर होंगे। बताया गया कि परंपरानुसार हजरत इमाम हुसैन के प्रति श्रद्धा रखने वाले 72 लोग स्वेच्छापूर्वक रक्तदान करेंगे, जिसमें हर वर्ग समुदाय के लोग शामिल होंगे। फाउंडेशन ताजपुर के तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर कई बार आयोजित किया गया है जिससे लोगों को काफी लाभ मिला है।

# पब्लिक सेवा संस्थान ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** पब्लिक सेवा संस्थान द्वारा मंगलवार को 'मां के नाम एक पेड़' अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव ने स्वयं 10 पौधे रोपित किए। इस अवसर पर संस्थान के सदस्यों एवं स्थानीय नागरिकों ने भी अपनी माताओं के नाम पर पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। राहुल श्रीवास्तव ने कहा कि मां के नाम पर पौधा लगाना न सिर्फ पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी है, बल्कि यह मातृत्व के सम्मान का भी प्रतीक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने जीवन के महत्वपूर्ण अवसरों पर पौधरोपण करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। संस्थान के पदाधिकारियों ने बताया कि इस अभियान के तहत आगामी दिनों में शहर के विभिन्न हिस्सों में पौधरोपण किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवी, छात्र-छात्राएं और स्थानीय लोग मौजूद रहे। क्षेत्रवासियों ने संस्थान की इस पहल की सराहना की और अधिक से अधिक लोगों से इसमें सहभागिता की अपील की।

# बार एसोसिएशन नामांकन के अंतिम दिन 8 पदों पर 19 पर्चा हुआ दाखिल

## 19 जुलाई को बार एसेसिएशन का चुनाव होना है सम्पन्न

**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** रुदौली बार एसोसिएशन तहसील रुदौली चुनाव के नामांकन के आज अंतिम एवं दूसरे दिन 8 पदों हेतु कुल 19 अधिवक्ताओं ने अपना नामांकन पत्र एल्डर्स कमेटी के समक्ष दाखिल किया। अध्यक्ष पद हेतु पूर्व बार अध्यक्ष चौधरी अजीमुद्दीन एडवोकेट ने अधिवक्ताओं की भारी भीड़ के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं अध्यक्ष पद पर धनीराम एवं रमेश चंद्र शुक्ला ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया। उपाध्यक्ष प्रथम पद राजकुमार मौर्य उपाध्यक्ष द्वितीय पद हेतु प्रदीप कुमार यादव, रामेश्वर उर्फ पिंटू, रविंद्र कुमार वर्मा, महामंत्री पद हेतु अमर सिंह, अखिलेश कुमार सहित दो अधिवक्ताओं ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया अमर सिंह गत चुनाव में महामंत्री पद पर रनर प्रत्याशी रहे है। कोषाध्यक्ष पद हेतु बालेंद्र सिंह संयुक्त मंत्री प्रशासन सीताराम कौशल, इंद्र बहादुर सिंह गवर्निंग काउंसिल जूनियर विश्राम, शिवेंद्र उपाध्याय गवर्निंग काउंसिल सीनियर पद हेतु पांच अधिवक्ताओं ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किया जिसमें रामसुख वर्मा प्रमोद कुमार यादव, कृष्ण कुमार तिवारी, सय्यद नेहाल अतहर, आदि ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन साहब शरण वर्मा एवं चुनाव अधिकारी गोरखनाथ तिवारी ने बताया कि कल पर्चा की जांच जांच एवं नाम वापसी के बाद सभी पदों हेतु कितने प्रत्याशी मैदान में है यह स्पष्ट हो जाएगा। फिलहाल बार चुनाव हेतु अधिवक्ताओं में सर गर्मी बढ़ गई है और अपनी-अपने जीत के लिए सभी अधिवक्ता सघन जनसंपर्क अभियान में लग गए हैं। मतदान एवं चुनाव परिणाम की घोषणा 19 जुलाई को होगी।

# मत्स्य पालन से जुड़कर महिलाएं बन रही हैं सशक्त : डा. बिजेंद्र

**स्वतंत्र भारत कुमारगंज (सं.)** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय सभागार में राष्ट्रीय मत्स्य पालक दिवस के अवसर पर अवध क्षेत्रों में सतत जलीय कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने तथा पीएम एमएसवाई एवं पीएम



एमकेएस एसवाई विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति कर्नल डा. बिजेंद्र सिंह एवं विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय मत्स्य अनुवांशिक संसाधन ब्यूरो लखनऊ के प्रधान वैज्ञानिक डा. रवींद्र कुमार ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस मौके पर कुलपति ने पांच जनपदों से प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि मछली जलीय पर्यावरण पर आश्रित होतीं हैं। जो न केवल उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार कर रही है बल्कि उन्हें सशक्त भी बना रही है। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय मत्स्य अनुवांशिक संसाधन ब्यूरो लखनऊ के प्रधान वैज्ञानिक डा. रवींद्र कुमार ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में मात्स्यिकी क्षेत्र का योगदान 1.1 प्रतिशत तथा कृषि में मात्स्यिकी का योगदान 6.72 प्रतिशत है। मछली उत्पादन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश बेहतर स्थिति में है तथा वर्ष 2022-23 में कुल मत्स्य उत्पादन 9.15 लाख टन दर्ज किया गया। डा. रवींद्र ने कहा कि मत्स्य पालन से जुड़कर किसान अपनी आय को दोगुणी कर सकते हैं। किसानों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। कार्यक्रम सफल बनाने में राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड हैदराबाद का वित्तीय सहयोग रहा। अधिष्ठाता मात्स्यिकी महाविद्यालय डा. सी.पी सिंह के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। डा. सुमन डे ने अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया एवं संचालन डा आर्या सिंह ने किया। इस मौके पर डॉ. राधाकृष्णन, डॉ दिनेश कुमार, डॉ शशांक सिंह, डॉ ज्योति सरोज, डॉ. सुनील कांत वर्मा तथा डॉ. प्रदीप मौर्य, डॉ सुमित, अजय कुमार यादव, आर्या सिंह सहित पांच जनपद के किसान मौजूद रहे। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड द्वारा वित्त पोषित था। इस अवसर पर एन एफ डी पी के सी एस सी हेल्प डेस्क द्वारा मत्स्य पालकों का पंजीकरण भी कराया गया।

# सचिव/अपर जिला जज ने किया राजकीय बाल गृह देवरिया का औचक निरीक्षण



**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राम मिलन सिंह के मार्गदर्शन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया मनोज कुमार तिवारी द्वारा राजकीय बाल गृह का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया मनोज कुमार तिवारी द्वारा बच्चों को पौष्टिक भोजन व समय-समय पर उचित खान-पान की व्यवस्था के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। उनके द्वारा राजकीय बाल गृह के प्रपत्रों का अवलोकन किया गया। उन्होंने राजकीय बाल गृह के भण्डार कक्ष में बच्चों के लिए बन रहे भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण किया गया। जहा पर रोटी, चावल व सांभर बना हुआ पाया गया तथा मानक के अनुसार ही भोजन बनाने हेतु निर्देशित किया गया है। उनके द्वारा समय-समय पर ताजे फलों तथा बच्चों को साफ-सुथरे कपड़े व साफ-सफाई पर विशेष दिशा-निर्देश दिया गया तथा गर्मी के मौसम में बच्चों के स्वास्थ्य के लिए उनकी नियमित जाँच व बच्चों को नियमित व्यायाम कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिया गया। राजकीय बाल गृह के परिसर में सुरक्षा हेतु बाउंड्री ऊंची करवाने के तथा भण्डार कक्ष की साफ-सफाई हेतु विशेष दिशा निर्देश दिया गया।

# मंदिर दर्शन करने गए चार लड़की व एक लड़का लापता

## पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर जांच में जुटी

**आजमगढ़।** रौनापार थाना क्षेत्र की मानिकपुर निवासी योगेंद्र साहनी ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि अतिमा पुत्री योगेंद्र उम्र लगभग 20 वर्ष व करिश्मा पुत्री सत्य प्रकाश उम्र 20 वर्ष व रंगोली पुत्री स्वर्गीय टुघुर उम्र लगभग 20 वर्ष व आंचल पुत्री अमरजीत उम्र लगभग 15 वर्ष दिन मंगलवार को सुबह 8ः00 बजे के करीब घर से हनुमान मंदिर जमुवारी दर्शन के लिए गई थी. वहीं से कहीं चली गई है हम लोग काफी खोजबीन किये लेकिन घर वापस नहीं आई। हम लोग रंगोली के मोबाइल नंबर पर कॉल किया तो फोन बन्द बता रहा था। वहीं पर थाने पहुंची रंगोली की मां संजू देवी ने बताया कि सुबह 7ः30 के करीब मेरी बिटिया संजू मुझे मंदिर जाने के लिए पैसे मांग रही थी।मैंने कहा पैसा नहीं है और मैं अपने दूसरे घर पर नहाने चली गई वापस आई तो आंचल घर पर नहीं थी। पता चला कि मंदिर गई हुई है। देर शाम तक घर नहीं लौटी तो हम लोग अगल-बगल व रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन की लेकिन चारों लड़कियों का कुछ पता नहीं चल रहा है। वहीं पर आंचल की मां ने बताया कि हमने आंचल के मोबाइल नंबर पर फोन किया तो मोबाइल बन्द बता रहा था। शाम को एक मोबाइल नंबर से फोन आया जिस पर आंचल ने बताया कि गांव के ही राजन पुत्र त्रिलोकी भी साथ में है लेकिन हम लोग कहां है यह पता नहीं चल रहा है। दोबारा उस नंबर पर फोन नहीं लग रहा है। इस संबंध में हम लोगों ने आज रौनापार थाने में लिखित सूचना दी है। चारों लड़कियों के गायब होने की चर्चा क्षेत्र में जोरों पर है.मैं है लेकिन हम लोग कहा है यह पता नहीं चल रहा है। दोबारा उस नंबर पर फोन नहीं लग रहा है। इस संबंध में हम लोगों ने आज रौनापार थाने में लिखितसूचना दी है, चारों लड़कियों के गायब होने की चर्चा क्षेत्र में जोरों पर है।

# कन्या जन्मोत्सव पर बेटियों को मिला सम्मान



**बलिया।** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत जिला अस्पताल बलिया में 10 जुलाई 2025 को कन्या जन्मोत्सव बड़े उल्लास और सम्मान के साथ मनाया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ. अमरेन्द्र कुमार पौस्यायन के मार्गदर्शन और ष्ष्स्ट्र सुनीता सिन्हा के संयोजन में हुए इस आयोजन में नवजात कन्याओं और उनकी माताओं को बेबी किट, पुष्पगुच्छ, मिठाइयाँ, पोषण सामग्री व मच्छरदानी भेंट की गई। हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन टीम द्वारा बालिकाओं के अधिकार, पोषण, शिक्षा व स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने संदेश दिया कि बेटियाँ समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनके जन्म को गर्व से मनाना चाहिए। इस मौके पर डॉक्टर, वन स्टॉप सेंटर टीम, नर्सिंग स्टाफ, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर

### पूर्व जिला पंचायत सदस्य को पितृशोक

**पवई (आजमगढ़)।** जमुहट गांव निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य सत्येंद्र प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सिंह के 84 वर्षीय पिता तहसीलदार सिंह का बुधवार को निधन हो गया। वह कुछ समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन की खबर सुनते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। क्षेत्र वासियों ने गहरी संवेदना व्यक्त की व बड़ी संख्या में लोग उनके निवास स्थान पर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। उनका अंतिम संस्कार वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर किया गया। सत्येंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि उनके लिए एक युग का अंत हो गया है। वे अब स्वयं को अनाथ महसूस कर रहे हैं।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया कथावाचकों का सम्मान



**माहुल(आजमगढ़)।** स्थानीय नगर स्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष विमलेश पाण्डेय के कैंप कार्यालय पर बुधवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर संत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें क्षेत्र के तीन कथावाचकों को अंगवस्त्र और फूलमालाओ से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा लालगंज के जिला महामंत्री चंद्रजीत तिवारी और विशिष्ट अतिथि जिला मंत्री दिलीप सिंह रहे। इस अवसर पर कथा वाचक पंडित धरणीधर पाण्डेय, पंडित अटल बिहारी पाण्डेय और पंडित राधेश्याम पाण्डेय को अंग वस्त्र और फूलमालाओं से सम्मानित करने के बाद जिला मंत्री दिलीप सिंह ने कहा कि ब्राह्मणों ने सनातन संस्कृति और सभ्यता को कायम रखने हेतु अनादिकाल से लोगों को जागृत करते चले आ रहे। आज सनातन धर्म जो बचा हुआ है ये ब्राह्मण संत समाज और कथावाचकों की देन है। पूजा, जप तप और त्याग आदि सद्गुणों को मूर्तरूप देने का काम समाज में संत समाज ही कर सकता है। इनका सम्मान सनातन का सम्मान है। मंडल अध्यक्ष विमलेश पाण्डेय ने कहा कि हमें खुशी है कि भारतीय जनता पार्टी पूरे प्रदेश में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर संत समाज के सम्मान हेतु कार्यक्रम आयोजित कर रही। हमारा संत समाज राष्ट्रवाद का जनक है इसके बगैर पूरे देश में सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की परिकल्पना साकार नहीं हो सकती। इस अवसर पर राजेश गुप्ता, सोनू सिंह, अशोक राजभर, आशीष चौबे आदि मंडल के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पुलिस ने वांछित अपहरणकर्ता को किया गिरफ्तार

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक श्री ओमवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जो रहे अभियान व अपर पुलिस अधीक्षक श्री कृपाशंकर व क्षेत्राधिकारी सदर मो0 उस्मान के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष फेफना श्री अजय कुमार त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व मे थाना फेफना मे पंजीकृत मु0अ0सं0 159/2025 धारा 87/137(2) क्हृ.स्. थाना फेफना जनपद बलिया के वांछित *अभियुक्त मन्टू चौहान पुत्र स्व0 मुन्ना चौहान ग्राम पाण्डेयपुर थाना फेफना जनपद बलिया उम्र 21 वर्ष* को मुखबिर सूचना के आधार पर दिनांक 10.07.2025 को समय करीब 09.15 बजे रेलवे स्टेशन फेफना से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। । गिरफ्तार अभियुक्त मन्टू चौहान के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यावाही करते हुए न्यायालय के समक्ष रवाना किया गया। थाना फेफना पुलिस द्वारा अपहृता को दिनांक 09.07.2025 को सकुशल बरामद कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

### पर्यावरण संरक्षण की दिशा में चेयरमैन ने किया पौधरोपण



**बलिया।** बताया जाता है कि चितबड़ागांव नगर पंचायत परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें चेयरमैन अमरजीत सिंह ने सैकड़ों पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पेड़ न केवल हरियाली और बारिश लाते हैं, बल्कि पर्यावरण को संतुलित रखने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। चेयरमैन ने कहा कि पेड़ों की घटती संख्या का ही परिणाम है कि भीषण गर्मी के बावजूद पर्याप्त बारिश नहीं हो पा रही है। उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सिर्फ पौधारोपण ही नहीं, बल्कि उनकी देखभाल भी जरूरी है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय लेखपाल रणजीत सिंह, ललन यादव सहित नगर पंचायत के सभी कर्मचारी व सभासदगण मौजूद रहे।

### अवैध असलहा व कारतूस के साथ शातिर अपराधी को गिरफ्तार

**आजमगढ़।** अहरौला थाने की पुलिस ने अवैध असलहा व कारतूस के साथ एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गुरुवार को उ0नि0 रंजन कुमार साव मय हमराह द्वारा चेकिंग के दौरान बरामदपुर पुलिया पास से एक व्यक्ति विवेक यादव पुत्र स्व0 सुरेशचन्द यादव निवासी किठावे थाना फुलपुर जनपद आजमगढ उम्र करीब 28 वर्ष को एक अदद तमंचा 315 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ समय 04.30 बजे पुलिस हिरासत में लिया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना अहरौला पर मु0अ0सं0 265/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया।

# एफपीओ को मिला राष्ट्रीय कृषि विक्रम अवॉर्ड, केंद्रीय मंत्री ने किया सम्मानित



**(अतरौलिया) आजमगढ़।** किसानों की मेहनत और सामूहिक प्रयासों को देशभर में पहचान मिली है। अतरौलिया फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, ग्राम कनैला, अतरौलिया, को राष्ट्रीय कृषि विक्रम-2025 अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें ÷ट्रांसफॉर्मिंग एग्रीकल्चर फॉर ए सिक्योर विकसित भारत÷ कार्यक्रम के अंतर्गत देश के सर्वश्रेष्ठ एफपीओ (स्नक्क) के रूप में प्राप्त हुआ। यह गौरवपूर्ण सम्मान नई दिल्ली में आयोजित समारोह में भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा प्रदान किया गया। समारोह में कृषि क्षेत्र के कई विशेषज्ञ, अधिकारी और देशभर के एफपीओ प्रतिनिधि उपस्थित थे। यह सम्मान अतरौलिया एफपीओ के उत्कृष्ट संचालन, किसानों की आय में वृद्धि, आधुनिक कृषि तकनीकों के सफल प्रयोग, और क्षेत्रीय स्तर पर कृषि विकास को नई दिशा देने के प्रयासों को मान्यता देता है। एफपीओ ने न केवल किसानों को एक मंच पर संगठित किया, बल्कि विपणन, भंडारण, बीज व उर्वरक की उपलब्धता और प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर भी बनाया। अतरौलिया एफपीओ के निदेशकों ने इस सम्मान के लिए सभी किसानों, नाबार्ड, कृषि विभाग आज़मगढ़ और अन्य सहयोगी संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पूरे जनपद आज़मगढ़ के लिए गर्व की बात है और भविष्य में किसान हित में कार्य और तेज़ी से जारी रहेंगे। इस उपलब्धि से प्रेरित होकर जिले के अन्य किसान संगठनों और एफपीओ को भी नई ऊर्जा मिलेगी। कृषि क्षेत्र में यह एक नई क्रांति का संकेत है जिसमें ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की अपार संभावनाएं हैं।

# मृतक की पत्नी ने एसपी को मुकदमा दर्ज नहीं होने का दिया शिकायती पत्र



**बलिया।** 29 जून 2025 की सुबह सहतवार थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जब गांव के बाहर संजय यादव का शव पेड़ से लटका हुआ पाया गया। मृतक की पत्नी देवांती देवी ने इस घटना को संदिग्ध बताते हुए थाना प्रभारी सहतवार को लिखित तहरीर सौंपी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की 112 डायल टीम मौके पर पहुंची और जांच की। परिजनों का आरोप है कि घटना के कई दिन बाद भी पुलिस ने अब तक कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया है, जिससे वे बेहद परेशान हैं। मृतक के पुत्र एवं पत्नी ने बलिया पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक को एक प्रार्थना पत्र दिया।

इसमें घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की गई है।

# ग्रीन गोल्ड महोत्सव के अंतर्गत नवजात को सागौन का पौधा भेंट



**(अतरौलिया)आजमगढ़।** अमर शहीद राजा जयलाल सिंह सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय में बुधवार को ग्रीन गोल्ड महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत अस्पताल में जन्म लेने वाले नवजात शिशु को एक सागौन का पौधा भेंट स्वरूप दिया गया। यह पौधा चिकित्सा अधीक्षक डॉ. यश के. ध्रुव द्वारा नवजात शिशु के माता-पिता को सौंपा गया। डॉ. ध्रुव ने इस अवसर पर कहा कि ÷जिस प्रकार एक बच्चे की परवरिश जरूरी होती है, उसी प्रकार एक पौधे की देखभाल भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।÷ उन्होंने सभी माता-पिता से अपील की कि वे इस पौधे को अपने बच्चे की तरह प्यार और देखभाल के साथ बड़ा करें। यह प्रयास पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। डॉ. ध्रुव ने आगे बताया कि प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने और वातावरण को शुद्ध रखने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल के अन्य स्वास्थ्यकर्मी और स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

# माटीकला से संबंधित परंपरागत/प्रशिक्षित कारीगरों को मिलेगा निःशुल्क विद्युत चालित चाक

**बलिया।** बताया जाता है कि उ0प्र0 माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित ÷माटीकला समन्वित विकास कार्यक्रम÷के अंतर्गत ÷ माटीकला टूल - -किटस वितरण रोजगार योजना÷ हेतु वित्तीय वर्ष 2025- 26 के लिए 35 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। माटीकला से जुड़े कुम्हार जाति के व्यक्तियों को माटीकला से संबंधित परंपराग/प्रशिक्षित कारीगरों को विद्युत चालित चाक (पटरी व्हील) का निःशुल्क वितरण किया जाना है। योजना के अंतर्गत उधम संचालित करने के लिए टूल किट्स प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य हो वे अपना आवेदन पत्र upmatikalaboard. in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 17 जुलाई तक निर्धारित किया गया है। आवेदन करते समय फोटो, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, शैक्षिक योग्यता, राशन कार्ड एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति अपलोड करना आवश्यक है। ऑनलाइन आवेदन के उपरांत आवेदन की मूल प्रति अपलोड किए गये दस्तावेज के साथ संलग्न कर द 20 जुलाई तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय रामपुर उदयभान बलिया में किसी भी कार्यालय कार्यदिवस में जमा करना आवश्यक है।

# जनपद स्तरीय गोष्ठी एवं किसान मेले का किया गया आयोजन



**स्वतंत्र भारत देवरिया।** त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम योजना एवं नेशनल मिशन ऑन एडबिल आयल सीड्स योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय गोष्ठी/ किसान मेला का आयोजन देवरिया क्लब, देवरिया में किया गया। मुख्य अतिथि सूर्य प्रताप शाही कृषि मंत्री, उ0प्र0 द्वारा किसानों को मक्का की खेती व तिलहन की खेती के लिए जागरूक करते हुए मिलेट्स (श्रीअन्न) की खेती को बढ़ावा देने के साथ-साथ कृषकों को मिनीकिट बीज वितरण किया गया। कृषि गोष्ठी / मेला में ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक / निदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, (रा0पादप अनुवांशिक संसाधन ब्यूरो), नई दिल्ली, कृषि से संबंधित जानकारी दिया गया। डा0 नागेन्द्र कुमार सिंह, प्रोफेसर, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, (रा0पादप अनुवांशिक संसाधन ब्यूरो), नई दिल्ली के द्वारा धान की नई प्रजातियों के बारे में कृषकों को जानकारी दिया गया। डा0 कुलदीप त्रिपाठी, कृषि वैज्ञानिक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, (रा0पादप अनुवांशिक संसाधन ब्यूरो), नई दिल्ली के द्वारा दलहनी व तिलहनी फसलों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। कृषि वैज्ञानिक डा0 प्रशान्त राय, निदेशक, बीज नैनी संस्थान प्रयागराज द्वारा कृषकों को गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन के बारे में बताया। प्रोफेसर वैदूर्य प्रताप शाही, विभागाध्यक्ष, नैनी प्रयागराज द्वारा कृषि की नई तकनीकों पर चर्चा किया गया। डा. मान्धाता सिंह, प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र, मल्हना, देवरिया द्वारा मोटे अनाज की खेती व प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। सुभाष मौर्य, उप कृषि निदेशक, देवरिया द्वारा कृषि मेला में कृषकों को विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया तथा कृषकों को प्राकृतिक खेती, मिलेट्स (श्रीअन्न) दलहनी व तिलहनी एवं मक्का की खेती करने के लिए कृषकों को जागरूक किया गया। गोष्ठी में अन्तर्यामी सिंह, पूर्व जिअ, भाजपा, प्रमोद शाही, भाजपा जिला महामंत्री,, अलका सिंह, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, देवरिया, तरकुलवा ब्लाक प्रमुख, उदयशंकर सिंह, जिला कृषि अधिकारी, संतोष कुमार मौर्य, भूमि संरक्षण अधिकारी, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, विषय वस्तु विशेषज्ञ, दिग्विजय नाथ सिंह, सलाहकार एवं अन्य विभागों के अधिकारी व जनपद के प्रत्येक विकास खण्डों से कृषक गण उपस्थित रहे।

# अंबेडकर की मूर्ति में तोड़फोड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**आजमगढ़।** जिले के अहरौला क्षेत्र में दो स्थानों पर भीम राव अम्बेडकर जी की प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने के अभियोग में वांछित एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है । बता दें कि 04.07.2025 ग्राम पंचायत पूरब पट्टी के अम्बेडकर पार्क में बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडक जी की प्रतिमा ग्राम वासियों के सहयोग से 10 साल पहले लगवायी गयी थी, जिसको दिनांक 04.07.025 रात लगभग 1 बजे के बाद अराजक तत्वों द्वारा पूर्ण रूप से प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया गया, इसी प्रकार ग्राम खादारामपुर में स्थित बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की मूर्ति को दिनांक 3/4.7.2025 की रात मे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा क्षतिग्रस्त किया गया था । इस दोनों मामलों में विवेचना के दौरान अभियुक्तगण अभिषेक यादव उर्फ तूफानी पुत्र रामबली यादव निवासी भीमलपट्टी थाना अहरौला जनपद आजमगढ़ 2. त्रिवेणी यादव पुत्र रामधारी यादव निवासी किठाये थाना फूलपुर जनपद आजमगढ़ 3. धीरज कुमार पुत्र हरीराम निवासी बेलवा विशुनपुर थाना तहबरपुर जनपद आजमगढ़ 4. संतोष कुमार यादव पुत्र रामहरी यादव निवासी सिकन्दरपुर थाना तहबरपुर आजमगढ़ 5. एक अन्य अज्ञात व्यक्ति का नाम प्रकाश में आया, आज दिनांक 10.07.2025 को उ0नि0 श्रीप्रकाश मिश्रा मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त में विवेचना से प्रकाश में आये अभियुक्त धीरज कुमार पुत्र हरीराम निवासी बेलवा विशुनपुर थाना तहबरपुर जनपद आजमगढ़ को अण्डरपास खादारामपुर के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0, बाराबंकी

पत्रांक : 2119 /3ए /ई–टेण्डरिंग/2025 दिनॉक 01.07.2025

**निविदा सूचना**
**(स्वीकृति की प्रत्याशा में)**

1. उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड–3, लो0नि0वि0 बाराबंकी द्वारा लोक निर्माण विभाग में भवन वर्ग में ए, बी, सी व डी' श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दरों के आधार पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित करते हैं।
2.

| क्र. सं. | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | बिड सिक्योरिटी (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र मूल्य0(रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1. | बाराबंकी | जनपद बाराबंकी में स्थित न्यायिक अधिष्ठान परिसर में ए0डी0आर0 भवन की मरम्मत सम्पूर्ण रंगाई पुताई का कार्य। | 33.70 | 3.37 | 944.00 | 02 माह | अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड नं0–3, लो0नि0वि0, बाराबंकी | अधीक्षण अभियन्ता, अयो0/अम्बेडकरनगर वृत्त, लो0नि0वि0, अयोध्या | मुख्य अभियन्ता, अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0, अयोध्या |

3. निविदा से सम्बन्धित डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 15–07–2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे से 14–08–2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक आनलाइन सबमिट (अपलोड) किया जा सकता है। निविदाएं दिनांक 14–08–2025 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी। ठेकेदारों से अपेक्षित है कि वे उक्त वेबसाईट को नियमित रूप से देखते रहें, ताकि किसी प्रकार के संशोधन/शुद्धि की स्थिति की जानकारी उनको समय से प्राप्त हो सके।
4. निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

(राजीव कुमार राय)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–3, लो.नि.वि., बाराबंकी

उ0प्र0 235691 दिनांक- 07.07.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

# नवागत सीडीपीओ ने बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिये आवश्यक निर्देश

हलिया (मिर्ज़ापुर)। स्थानीय ब्लॉक सभागार में गुरुवार को नवागत सीडीपीओ दिलीप कुमार वर्मा ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए संचारी रोग नियंत्रण सहित अन्य कार्यों को सुचारू रूप से निर्वहन करने का निर्देश दिया। सीडीपीओ ने कहा किआंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका संचारी रोग नियंत्रण में खासकर ग्रामीण क्षेत्रों मेंबहुत महत्वपूर्ण है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों व लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती है और उन्हें संचारी रोगों के बारे में जागरूक करती हैं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता स्वास्थ्य शिक्षा और स्वच्छता को बढ़ावा देती हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को बनाए रखने के लिए काम करती हैं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता टीकाकरण और स्वास्थ्य जांच कार्यक्रमों में सहयोग करती हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को इन कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देती हैं। इसके अलावा, आंगनवाड़ी केंद्रों में जल, स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देश को जनजन तक पहुचाती हैं। आंगनवाड़ी केंद्रों में स्वच्छ पेयजल, बच्चों के अनुकूल शौचालय और स्वच्छता व्यवहार परिवर्तन संबंधी जानकारी तक पहुंच सुनिश्चित करना आवश्यक है। यूनीसेफ के अंकित शुक्ला ने संचारी रोग के लक्षण व नियंत्रण की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर डाक्टर सुरेश कनौजिया,सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी सीमा देवी, सरोजा, अनीता देवी, आनन्द कुमारी, मंजू देवी, गनेशा देवी, आदि उपस्थित रहे।




# स्वामी अड़गड़ानन्द महराज के चरणों में लाखों भक्तों ने सिर झुकाकर लिया आर्शीवाद

## सदगुरु देव भगवान के नारों से गूंज उठा आश्रम परिसर

चुनार (मिर्ज़ापुर)। स्वामी परमहंस आश्रम सक्तेशगढ़ में स्वामी अड़गड़ानंद महाराज जी के चरणों में लाखों भक्तों दंडवत ने प्रणाम किया। स्वामी अड़गड़ानंद महाराज जी के दर्शन पाने के लिए लाखों भक्तों ने सुबह से कतारबद्ध लाइन लगाकर सतगुरु देव भगवान का नारा लगाते हुए खड़े थे कि 10 बजे स्वामी जी ने मंच पर विराजमान होकर सभी भक्तों को हाथ उठाकर आशीर्वाद दिया दर्शन करने के पश्चात श्रद्धालुओं ने आश्रम परिसर में चल रहे भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। भक्तों से खचाखच आश्रम परिसर भरा हुआ था। तैनात पुलिसकर्मियों को श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। सुरक्षा के मद्देनजर अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन ओ पी सिंह तथा उप जिलाधिकारी चुनार राजेश वर्मा आश्रम परिसर में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की जायजा लेते रहे। इस दौरान वाहनों को जाम से निजात दिलाने के लिए जगह जगह बैरियर लगाकर गाड़ियों की पार्किंग कर दिया गया जिससे किसी को कोई दिक्कत न हो। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी अजय सिंह,उप जिलाधिकारी चुनार राजेश वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल ओम प्रकाश सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी मंजरी राव, अमर बहादुर, रविंद्र भूषण मौर्य थाना अध्यक्ष चुनार, रणविजय सिंह थाना अध्यक्ष राजगढ़, अमित कुमार सिंह थाना अध्यक्ष जमालपुर, चौकी प्रभारी विनोद कुमार सिंह, मड़िहान थाना अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह मय फोर्स के साथ चाक चौबंद रहे।



# वडोदरा पुल हादसे में मृतकों की संख्या 15 हुई

नई दिल्ली। गुजरात में वडोदरा और आणंद को जोड़ने वाला पुल टूटने के बाद अब तक महिसागर नदी से 15 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। इनमें से दो शव गुरुवार को नदी से निकाले गए हैं। जबकि 13 शव बुधवार को ही निकाल लिए गए थे। इस हादसे में एक ही परिवार के कई सदस्यों की जान चली गई है। अब इस हादसे में मरने वालों का आंकड़ा 15 हो गया है। वडोदरा के कलेक्टर अनिल धमेलिया ने बताया कि कम से कम तीन लोग अभी भी लापता हैं। उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें नदी में जीवित बचे लोगों या पीड़ितों के शवों की तलाश कर रही हैं। धमेलिया ने कहा, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें नदी में 4 किलोमीटर नीचे तक तलाशी अभियान चला रही हैं। हमारे पास उपलब्ध सूची के अनुसार, अब तक 15 शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि तीन लोग अभी भी लापता हैं। लोग अन्य लापता लोगों के बारे में हमें सूचित करने के लिए हमारे नियंत्रण कक्ष पर कॉल कर सकते हैं।

# शिक्षा प्रेरकों की न्यायपूर्ण जीत : 7 वर्ष बाद 107 प्रेरकों को मिला बकाया मानदेय

हलिया (मिर्ज़ापुर)। ब्लॉक हलिया के 107 शिक्षा प्रेरकों को वर्षों के संघर्ष के बाद बड़ी जीत हासिल हुई है।09 जुलाई 2025 को सभी प्रेरकों के खातों में 30,000 की राशि अंततः स्थानांतरित कर दी गई। यह भुगतान उन 22 माह के अवशेष मानदेय का आंशिक हिस्सा है, जो मार्च 2018 में सरकार द्वारा प्रेरक योजना बंद किए जाने के बाद बकाया रह गया था। लंबा संघर्ष, ऐतिहासिक जीत मार्च 2018 में जब सरकार ने शिक्षा प्रेरक योजना को अचानक समाप्त कर दिया था, तब 22 माह का मानदेय बिना भुगतान के ही रोक दिया गया था। इससे प्रेरकों में गहरा आक्रोश था। इसके बाद ब्लॉक अध्यक्ष जयप्रकाश कश्यप, बृजेश मिश्रा, जगदीश, समर बहादुर, पुष्पराज सहित अन्य प्रेरकों ने आंदोलन और न्यायिक लड़ाई की शुरुआत की। इलाहाबाद हाईकोर्ट में दायर की गई ऋण याचिकाप्रेरकों ने सामूहिक रूप से इलाहाबाद उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर की थी। इस प्रक्रिया में आरटीआई (सूचना का अधिकार) के माध्यम से तथ्य एकत्र करने वाले भाई भरत चौरसिया की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। वे समय-समय पर कोर्ट में ठोस साक्ष्य प्रस्तुत करते रहे।वहीं दयाशंकर चौरसिया जी ने मुकदमे की कानूनी पैरवी पूरी निष्ठा, समर्पण और निर्भीकता के साथ की, जिससे यह मामला लगातार मजबूत होता गया।संघर्ष की कड़ी से जीत तक का सफरप्रेरकों ने न केवल कानूनी लड़ाई लड़ी, बल्कि सामाजिक जागरूकता भी फैलाई। पूरे प्रदेश में इस प्रयास की चर्चा होती रही। स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासन तक को कई बार ज्ञापन सौंपे गए।इस जुझारूपन, एकता और अदम्य हौसले का ही परिणाम रहा कि 7 वर्षों बाद न्याय की किरण दिखी। प्रतिक्रियाएं मानेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा यह केवल धन की वापसी नहीं, हमारी अस्मिता की जीत है। वर्षों की मेहनत और संघर्ष आज रंग लाया।वहीं, आरटीआई योद्धा भरत चौरसिया ने कहा यह सच और दस्तावेजों की ताकत है, जिसने वर्षों से बंद पड़े द्वार खोल दिए। यह विजय उन सभी प्रेरकों की है जिन्होंने कठिनाइयों में भी हार नहीं मानी, और न्याय के लिए निरंतर जुटे रहे। यह मिसाल आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

# सरोज शिक्षण संस्थान द्वारा जनपद में 5000 पौधों का रोपण

मिर्ज़ापुर। जनपद के विभिन्न स्थलों पर सरोज शिक्षण संस्थान द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 5000 पौधों का रोपण किया गया। इस अभियान के तहत संस्थान के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और जनजागरूकता के साथ-साथ पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया।संस्थान के प्रबंधक श्री दिलीप पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और हरित प्रदेश के निर्माण की दिशा में एक छोटा लेकिन सशक्त प्रयास है। उन्होंने बताया कि इस कार्य में समाज के विभिन्न वर्गों, छात्रों, युवाओं तथा पर्यावरण प्रेमियों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।संस्थान ने न सिर्फपौधारोपण किया, बल्कि उनकी नियमित देखरेख और सुरक्षा के लिए भी वालंटियर्स की टीमें गठित की हैं, जो यह सुनिश्चित करेंगी कि पौधे सुरक्षित रूप से विकसित हो सकें।अध्यक्ष मनीष दुबे ने कहा कि सरोज शिक्षण संस्थान आने वाले समय में भी इस प्रकार के जनहितकारी कार्यों को निरंतर चलाता रहेगा और पर्यावरण की रक्षा हेतु समाज को प्रेरित करता रहेगा।

# विंध्य प्रेरणा कैंटीन का संचालन शुरू




हलिया(मिर्ज़ापुर)। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में विंध्य प्रेरणा कैंटीन का संचालन बुधवार से शुरू हो गया है। छह जुलाई को स्वास्थ्य केंद्र में कैंटीन बनकर तैयार हैण्ड ओवर व संचालन का इंतजार शीर्षक से खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था जिस खबर का ब्लॉक अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुऐ विंध्य प्रेरणा कैंटीन के संचालन कि जिम्मेदारी मुनका समूह को सौपते हुए कैंटीन का संचालन शुरू करा दिया है। अब मरीजों व तीमारदारों को कैंटीन से चाय नास्ता व स्वास्थ्य वर्धक भोजन मिलना शुरू हो गया है। संचालन शुरू नहीं होने से मरीजों व उनके तीमारदारों को चाय नास्ता के लिए परेशान होना पड़ता था। स्वतंत्र भारत अखबार के पहल से कैंटीन का संचालन शुरू होने से मरीजों ने स्वतंत्र भारत अखबार को धन्यवाद दिया है। मरीज कैंटीन शुरू होने से काफी खुश नजर आए इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में ग्राम निधि के केंद्रीय वित्त एवं राज्य वित्त से निर्मित कैंटीन का संचालन शुरू करा दिया गया है। मरीजों को कैंटीन का लाभ मिलेगा इस दौरान एलटी अनिल पटेल, अखिलेश तिवारी, सुरेश मिश्र आदि मौजूद रहे।

खबर का असर

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश

हलिया (मिर्ज़ापुर)। स्थानीय ब्लॉक सभागार हलिया में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ की बैठक किया गया बैठक की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी दिलीप वर्मा के नेतृत्व में आहूत की गई जिसमें 1 जुलाई से 31 तक तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान हेतु अनुमुखीकरण किया गया बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा बताया गया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता अपने अपने क्षेत्र उमअ निगरानी समिति के माध्यम से समस्त ग्राम सभा में बैठक कर संचार के माध्यम से फैलने वाली जल जनित रोग एवं वेक्टर जनित रोग हेतु एवं संचार के माध्यम से फलने वाली बीमारियों पर अंकुश लगाने हेतु जोर देंगे एवं शौचालय का प्रयोग करे खुले में शौच के नुकसान क्या है शुद्ध पेयजल उथले हैंडपंप की मरम्मत को देखते हुए समस्त ग्राम सभा में पानी पीने योग्य विषय पर विशेष ध्यान देना है। 2 वर्ष के बच्चों को नियमित टीकाकरण हेतु जागरूक कर टीकाकरण किया जाए एवं गर्भवती माता को पहले तीन माह पंजीकरण करण करा कर टीडी का टीका फोलिक एसिड की गोलियां एवं पोषाहार हेतु लब्धटित करना एवं गर्भावस्था के दौरान कर जांच कर बार हेतु प्रेरित करे जिसे सुरक्षित प्रसव हो सके प्रधान संघ अध्यक्ष शिव बाबू सेठ के द्वारा बताया गया यूनिसेफबीएमसी अंकित शुक्ला के साथ नियमित टीकाकरण हेतु झिझक परिवार को जागरुक कर टीकाकरण कर कर 12 जानलेवा बीमारियों से महफूज किया जा सकता है इस दौरान सीएम फेलो गौरव सिंह, डॉक्टर सुरेश कनौजिया सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।




**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई–निविदा सूचना संख्या: Sr DEE-TRD-BSB-2025-26-T09 दि.10.07.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई–निविदा आमंत्रित करते है। क्र०सं०:– 1., **कार्य का नाम** :– पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में अम्लोरी सरसर स्टेशन और हथुआ स्टेशन पर एस.ओ.डी के अवरोधों को हटाने के प्रावधान के संबंध में 25 के.वी. ओ. एच.ई. संशोधन कार्य।, **टेंडर रिफरेंश नं.**:– SrDEE-TRD-BSB-2025-26-T09, **कार्य का अनुमानित लागत रुपया में**:– ₹ 35887552.11, **धरोहर राशि रुपया में**:– ₹ 329400/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में**:– शून्य, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय**:– 04.08.2025 up to 14:45 Hrs., **कार्य पूरा करने की अवधि**:– 6 माह, • खुली ई–निविदा दिनांक 04.08.2025 को 14:45 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत–83 वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**एच.सी.जे. फार्म सं. 23 भाग–7**
H.C.J. Part VII No. 33
**हेतु संदर्शित करने की सूचना**
**न्यायालय सिविल जज (प्रवर खण्ड)**
**जिला बहराइच**
**वाद सं.–185 वर्ष 2024**
**बब्लू .... वादी**
**बनाम**
**महफूज अली .... प्रतिवादी**

बब्लू आयु लगभग 45 वर्ष पुत्र बादशाह हुसैन निवासी- मो. मिरयासी टोला, परगना व तहसील नानपारा, जिला बहराइच। ... वादी
1- महफूज अली उर्फ मुनक्का बालिग पुत्र स्व. थोली उर्फ महमूद अली
2- चुन्नन बालिग पुत्र स्व. थोली उर्फ महमूद अली
3- सद्दाम बालिग, 4- फुरकान बालिग पुत्रगण स्व. रमजानी
5- श्रीमती रज्जन बालिग पत्नी स्व. मुस्ताक, 6- रऊफ उर्फ काले खां बालिग, 7- मो. मियां बालिग पुत्रगण मुस्ताक
निवासीगण मो.- मिरयासी टोला, थाना को. नानपारा, परगना नानपारा, तहसील नानपारा जिला बहराईच 271865 उ.प्र. ... प्रतिवादीगण

चूंकि उपरोक्त नामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि .... अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के विरुद्ध हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक 11-08-2025 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक को अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन का एकपक्षीय रूप सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक ... सन् 20 के दिवस को निकाली गयी।

**तारीख पेशी- 11-08-2025**
**दस्तखत हाकिम व मुहर अदालत**

**सी.आर.–741/D-CN**



**सूचना**

मैं JC नं -290940 N, रैंक- SUB, Name- ROSHAN LAL Unit- 641 (I) SATA Bty, निवासी- Vill.- JHATRI POST- DADAMANDI TAHSIL- KOTDWARA, DISTRICT- PAURI GARHWAL, STATE - UTTRAKHAND, pin- 246124 मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरे पुत्र का नाम RISHABH दर्ज हो गया है । जो कि गलत है जबकि मेरे पुत्र का सही नाम RISHABH BALODI है जो उसके आधार और बाकी अभिलेखों मे भी अंकित है। अतः मेरे पुत्र का सही नाम RISHABH BALODI दर्ज किया जाना न्याय हित में अत्यंत आवश्यक है।

**सी.आर.–738/ D**


# ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे बाधित

रुद्रप्रयाग। ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग सिरोहबगढ़ में बीती देर रात से मलबा आने के कारण बाधित है। केदारनाथ यात्रा मार्ग पर

### यमुनोत्री हाईवे अब भी बंद

बारिश के चलते सोनप्रयाग में कुछ समय के लिए यात्रियों को रोका गया। यमुनोत्री हाईवे ओजरी के पास लगातार 12वें दिन भी बंद है, जिससे यात्रियों और स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राजमार्ग निर्माण खंड द्वारा यहां बैली ब्रिज का निर्माण अंतिम चरण में है। ईई मनोज रावत ने बताया कि ब्रिज पर डेग प्लेट बिछाई जा रही है और दोपहर बाद इसे यातायात के लिए खोलने की संभावना है। प्रदेश में बारिश के बाद मलबा आने से 87 सड़कें बंद हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक बंद सड़कों को खोलने का प्रयास किया जा रहा है। परिचालन केंद्र के मुताबिक चमोली जिले में 17, बागेश्वर में 9, अल्मोड़ा में एक, चंपावत में तीन, देहरादून में पांच, नैनीताल में सात, पौड़ी में छह, पिथौराढ़ में 15, रुद्रप्रयाग में चार और टिहरी में आठ सड़कें बंद हैं। जबकि उत्तरकाशी जिले में एक राजमार्ग सहित 12 सड़के बंद हैं।

# रसोई घर की टाइल्स क्षतिग्रस्त

हलिया (मिर्ज़ापुर)। स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत हलिया के पहड़ी पर वर्ष 2020-21 में राजयसभा सांसद निधि से 35 लाख रुपये की लागत से बनाए गए शादी घर के भवन का संचालन शुरू नहीं होने से भवन देखभाल के अभाव में शादी घर के खिड़की टूट गए है। साथ ही शादी घर के रसोई घर का टाइल्स क्षतिग्रस्त हो गए है शादी घर के फर्स भी जगह जगह टूट गए है। गरीबो के लिए राजयसभा सांसद अरुण सिंह द्वारा अपनी निधि से शादी भवन का निर्माण कार्य कराया था जिससे क्षेत्र के गरीब परिवार के लड़कियो की शादी शादी घर से हो सके लेकिन पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी भवन से एक भी शादी अभी तक सम्पन्न नहीं हो सकी है। शादी घर देखभाल नहीं होने से आराजक तत्वों का शादी घर भवन पर बोलबाला है। राज्यसभा सांसद द्वारा अपने निधि से शादी घर के चारों तरफबाउंड्री वाल का भी निर्माण कार्य करा दिया है। पेयजल के लिए बोर कराकर हैण्डपंप लगवाया है। हैण्डपंप भी मौके पर खराब पड़ा हुआ है। स्थानीय लोगो ने कार्यदाई संस्था से शादी घर का मरम्मत कार्य कराकर भवन को हैण्ड ओवर कराकर संचालन का मांग किया है।


## स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

**सूचना**

मेरी पुत्री Vaishnavi Gupta के शिक्षा प्रपत्रों में माता का नाम Sangeeta gupta लिखा है । जबकि उनका नाम Seeta Gupta है। संतोष कुमार पुत्र ओम प्रकाश , मोहल्ला निजामगंज , तिलहर (शाहजहांपुर)।
**सी.आर.–739/D-25**

**सूचना**

मैं आर्मी नंबर 16029122P राइफलमैन आदेश सिंह की यूनिट 17राजरिफ है। मेरे सैन्य दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम DASHARATH SINGH है। जोकि गलत है। मेरे पिता का नाम DASHRATH SINGH सिविल दस्तावेजों में सही नाम है। निवासी ग्राम नवादा दरोवस्त पिन कोड नंबर 242305 तह तिलहर जिला शाहजहांपुर (उत्तर प्रदेश)।
**सी.आर.–739/D-42**

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र अयान को गलत आचरण के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर चल-अचल सम्पत्ति से वेदखल कर दिया है। अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। साबिर अली पुत्र अख्तर अली, नि.- मो. निसर जई थाना सदर बाजार शाहजहांपुर।
**सी.आर.–739/D-33**

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र अवधेश यादव को गलत आचरण के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। यशपाल सिंह पुत्र राजपाल सिंह, नि.- गढ़ा थाना निगोही शाहजहांपुर।
**सी.आर.–739/D-32**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र रविशंकर, पुत्रवधू मोहिनी को दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। लालाराम पुत्र छुटकन्नू, नि.- मो. गदियाना,- शाहजहांपुर।
**सी.आर.–739/D-28**

**सूचना**

मैंने तराबुन्निशा पत्नी अब्दुला के नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम की एक पालिसी 219139920 लिया था जबकि आधारकार्ड में तराबुन्निशा पत्नी हकीम रजा दर्ज है दोनो नाम का एक ही व्यक्ति है। जामामस्जिद वार्ड पांढरकवडा केलपुर यवतमाल, महाराष्ट्र 445302
**सी.आर.–740/D-31**

**सूचना**

मैं मोहम्मद हकीम पुत्र बैतुल्लाह ग्रा0-महमूदनगर, पो0-दारीचौरा श्रीदत्तगंज, उतरौला, बलरामपुर , उ0प्र0 271607 ने अपना नाम बदलकर मोहम्मद हकीम खान कर लिया है, मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।
**सी.आर.–740/D-25**

**सूचना**

मैं दिलीप कुमार पुत्र स्व. प्रभू निवासी अम्बेडकर नगर, रायबरेली अपने छोटे पुत्र विमल कुमार व उसकी पत्नी मोहिनी की प्रताड़ना से तंग आकर इन दोनों को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में इनसे मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं है।
**सी.आर.–736/D-37**

**सूचना**

मैं हसीना बानों पत्नी मो. हनीफ नि. ग्रा.म.नं. 772/14 खालीसहाट, कोतवाली नगर रायबरेली, अपने पुत्र मो. अनीस व उसकी पत्नी अफसर जहाँ को परिवार विरोधी व अनैतिक कृत्यों के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इन दोनों से कोई लेना देना नहीं होगा।
**सी.आर.–736/D-39**

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल अनुक्रमांक 1232149418 वर्ष 2023 का अंकपत्र की मूलप्रति वास्तव में खोगया है।अभिनंदन यादव पुत्र विमलेश देवी व जनार्दन यादव ग्राम चकविश्वनाथ मिर्ज़ाजमालपुर घोसी मऊ।
**सी.आर.–737/D-25**



**ग्राम पंचायत बसखोड़ा बुजुर्ग विकासखण्ड पुवायां, शाहजहांपुर**
**निविदा सूचना**

1. ग्राम पंचायत बसखोड़ा बुजुर्ग में कुंडा तालाब की सफाई, खुदाई, पानी निकलना व गाद मलवा जेसीबी मशीन द्वारा लागत 4 लाख।
2. ग्राम पंचायत में नाली मरम्मत कार्य लागत 1 लाख।
3. ग्राम पंचायत में सड़क मरम्मत कार्य लागत 1 लाख।

मशीन मालिकों व ठेकेदारों से टेण्डर आमंत्रित किए जाते हैं जो दिनांक 14.07.2025 को अपरान्ह दो बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोले जायेंगे।

सचिव-देशराज सिंह प्रधान-रामभरोसे

**सी.आर.–742/D**



**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **सिंगल पैकेट पद्धति** से ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **04.08.2025** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। **इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे** यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदा फार्म का मूल्य जमा नहीं करना है तथा निविदाकर्ता को धरोहर राशि का भुगतान केवल **ireps** पोर्टल पर उपलब्ध **ऑनलाइन भुगतान प्रणाली** में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एवं एफडीआर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना सं. | 08202025 दिनांक 08.07.2025 | | |
| कार्य का नाम | 1. वरि० मण्डल इंजीनियर–तृतीय/उ०रे०/लखनऊ के कार्य क्षेत्र में सहायक मण्डल अभियन्ता/वाराणसी के अधीन वरि० खण्ड अभियन्ता–कार्य/वाराणसी के खण्ड में ए०ई०एन० कॉलोनी, लोको कॉलोनी, एल०टी० कॉलोनी, वाराणसी–दीनदयाल उपाध्याय, वाराणसी–बीरापट्टी तथा वाराणसी–लोहता खण्ड में विभिन्न कॉलोनियों के स्टाफ क्वार्टरों की सफेदी व रंगाई पुताई तथा वार्षिक मरम्मत का कार्य। (सिंगल पैकेट पद्धति)<br>2. वरि० मण्डल अभियन्ता–तृतीय/उ०रे०/लखनऊ के कार्य क्षेत्र में सहायक मण्डल अभियन्ता/जौनपुर के अधीन खेतासराय–तुलसीनगर खण्ड में किमी० 852 से किमी० 880 तक (वन्दे भारत मार्ग) सुरक्षा फेन्सिंग (एंटी क्रैश बैरियर/आर०सी०सी० दीवार आदि) का प्रावधान। (दोहरी पैकेट पद्धति) | | |
| अनुमानित लागत | 1. ₹2,99,99,872.02 | 2. ₹38,24,56,874.53 | |
| धरोहर राशि | 1. ₹3,00,000/- | 2. ₹20,62,300/- | |
| कार्य समापन की अवधि | क्र.सं. 1 तथा 2 के लिए: | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह (12) माह | |
| निविदा डालने का प्रारंभ | क्र.सं. 1 तथा 2 के लिए: | 21.07.2025 | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्र.सं. 1 तथा 2 के लिए: | 04.08.2025 को 15:00 बजे | वेबसाइट: www.ireps.gov.in |

नोटः 1. तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे सम्बन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किये जायेंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ०रे० नई दिल्ली का पत्र सं. 74-W/O/Pt.XXV/WA/Loose दिनांक 07.04.2015.

2065/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**कार्यालय नगर निगम, शाहजहाँपुर**

पंत्राक 626/पी0आर0ओ0/प्र0वि0/न0नि0–शाह0/2025–26 दिनांक–09–07–2025

**अल्पकालीन सामान्य निविदा सूचना**

नगर निगम, शाहजहाँपुर में 15वें वित्त के अन्तर्गत स्वींत कार्यवृत्त संख्या–556/एस0टी0–न0आ0/न0नि0शाह0/15FC/2025 दिनांक 29.03.2025 द्वारा प्राप्त धनराशि से कचहरी ओवर ब्रिज व टाउनहाल ओवर ब्रिज पर डेकोरेटिव पोल्स मय लाईट स्थापना का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। उक्त स्थानों पर पूर्व से अधिष्ठापित 60 नग 07 मीटर ऊँचे अक्टाजोनल पोल्स को ओदशानुसार खिरनीबाग चौराहा से जिला जेल मेन रोड़ पर पुनः अधिष्ठाापित कराये जाने हेतु मोहर बंद निविदायें दिनांक 24.07.2025 अपरान्ह 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो तद् दिनांक को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सांय 04.00 बजे निविदा समिति व निविदादाता के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र नगर निगम, शाहजहाँपुर के रिकर्ड रूम से दिनांक 24.07.2025 सांय 03.00 बजे तक क्रय किये जा सकते है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मात्रा | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | जी. एस.टी. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम, शाहजहाँपुर में 15वें वित्त के अन्तर्गत स्वीकत कार्यवृत्त संख्या 556/एस0टी0–न0आ0/न0नि0 शाह0/15FC/2025 दिनांक 29.03.2025 द्वारा प्राप्त धनराशि से कचहरी ओवर ब्रिज टाउनहाल ओवर ब्रिज पर डेकोरेटिव पोल्स मय लाईट स्थापना का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। उक्त स्थानों पर पूर्व से अधिश्ठाापित 60 नग 07 मीटर ऊँचे अक्टाजोनल पोल्स को ओदशानुसार खिरनीबाग चौराहा से जिला जेल मेन रोड़ पर पुनः अधिष्ठापित कराये जाने का कार्य। | 6 नग | 80,596.00 | 805.96 | 145.07 |

निविदा शुल्क व जी0एस0टी0 नगर निगम शाहजहाँपुर के अधिंत खाता संग–50200017927485 IFSC Code- HDFC0000869 HDFC BANK SHAHJAHANPUR धरोहर धनराशि खाता सं0–50265293184 IFSC Code IDIB1000C632 INDIAN BANK GOVINDGANJ SHAHJAHANPUR के नाम जमा करते हुये, निविदा शुल्क जमा रसीद कार्यालय को प्राप्त कराते हुये रिकर्ड अनुभाग से निविदा क्रय की जा सकती है। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा की विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में रोशनी गोदाम के प्रकाश अनुभाग में देखी जा सकती है।

**नगर आयुक्त**



पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

# ट्रंप की टैरिफ रणनीति में भारत भी फंसेगा?



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार अपना टैरिफ बम दुनियाभर के देशों पर फोड़ रहे हैं। महज तीन दिन में 21 देशों पर

### रूस पर नकेल कसने के लिए भारत को बनाने का खेल

अमेरिकी टैरिफ का ऐलान किया जा चुका है। जापान, कोरिया समेत 14 देशों को ट्रंप की तरफ से पहले तो टैरिफ वाला लेटर भेजा गया। उसके बाद 9 जुलाई को 7 और देशों की लिस्ट जारी की गई। इसमें ब्रिक्स में शामिल ब्राजील पर सबसे ज्यादा 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया। बता दें कि ट्रंप एक के बाद एक उन देशों पर भारी भरकम टैरिफ का दबाव बना रहे हैं, जिन्होंने अमेरिका के साथ ट्रेड डील नहीं को लेकर कोई पहल नहीं की है। अब रूस पर नकेल कसने के लिए ट्रंप भारत को मोहरा बनाने की फिराक में हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर यूक्रेन में चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए दबाव डालने के उद्देश्य से एक प्रतिबंध विधेयक के लिए मज़बूत समर्थन का संकेत दिया। प्रस्तावित विधेयक, रूस प्रतिबंध अधिनियम 2025 में भारत और चीन जैसे देशों से आयात पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एक विवादास्पद प्रावधान शामिल है जो रूसी ऊर्जा उत्पादों की ख़रीद जारी रखते हैं। ट्रंप ने कैबिनेट बैठक के दौरान संवाददाताओं से कहा कि मैं विचार कर रहा हूँ। यह पूरी तरह से मेरा विकल्प है। वे इसे पूरी तरह से मेरे विकल्प पर पारित करते हैं, और इसे पूरी तरह से मेरे विकल्प पर समाप्त करते हैं। और मैं इस पर बहुत गंभीरता से विचार कर रहा हूँ।

ये विधेयक इस साल अप्रैल में डोनाल्ड ट्रंप के करीबी माने जाने वाले सीनेटर लिंडसे ग्राहम की तरफ से पेश किए गए, जिसमें ये प्रावधान है कि अगर किसी ने रूस से तेल, यूरेनियम, गैस और पेट्रोलियम पदार्थों की खरीदारी की तो उसके ऊपर कड़ी पेनाल्टी लगाई जाएगी। एसोसिएटेड प्रेस के अनुसार, राष्ट्रपति ने संघर्ष को लम्बा खींचने के लिए पुतिन के प्रति बढ़ती निराशा भी व्यक्त की, तथा हाल ही में अमेरिकी रक्षा विभाग को यूक्रेन को और अधिक रक्षात्मक हथियार भेजने का निर्देश दिया, जो एक कठोर रुख का संकेत है। भारत और चीन को इसलिए इस बिल के जरिए अमेरिका निशाना बनाना चाहते है क्योंकि ये दोनों ही देश रूस के करीब 70 प्रतिशत तेलों की खरीदारी करते हैं।

## ट्रंप के टैरिफ का देंगे जवाब : ब्राजील

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को ब्राजील समेत सात देशों पर भारी टैरिफ लगाने की घोषणा की। ट्रंप ने कहा है कि वे ब्राजील में बने उत्पादों पर 50 प्रतिशत टैक्स लगाने की योजना बना रहे हैं। ब्राजील के अलावा उन्होंने अल्जीरिया, इराक, लीबिया, श्रीलंका पर 30 फीसदी, ब्रूनेई, मोल्दोवा पर 25 फीसदी और फिलीपींस पर 20 फीसदी टैरिफ लगाने का एलान किया। यही नहीं ट्रंप ने ब्राजील पर पूर्व राष्ट्रपति जायर बोलसोनारो के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध चलाने का भी आरोप लगाया है। ट्रंप के फैसले के खिलाफ ब्राजील ने कड़ा रुख अपनाया है। ट्रंप द्वारा ब्राजील पर लगाया गया हालिया टैरिफ इस दक्षिण अमेरिकी देश के साथ अमेरिका के बढ़ते टकराव का संकेत है। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यदि ब्राजील पर टैरिफ बढ़ाया गया तो उसी प्रकार की जवाबी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी देश द्वारा एकतरफा टैरिफ बढ़ोतरी का जवाब ब्राजील आर्थिक पारस्परिकता कानून के तहत देगा। पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो को लेकर ट्रंप की टिप्पणी पर राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा ने यह भी चेतावनी दी कि ब्राजील की न्यायिक प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाहरी दखलअंदाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## लॉस एंजिलिस में निर्माणाधीन सुरंग ढही

**लॉस एंजिलिस।** लॉस एंजिलिस में निर्माणाधीन एक विशाल औद्योगिक सुरंग का एक हिस्सा बुधवार को ढह गया। जिसमें लगभग 30 से अधिक श्रमिक फंस गए थे। सुरंग में फंसे श्रमिकों को बाहर निकाल लिया गया है। यह जानकारी देते हुए लॉस एंजिलिस फायर डिपार्टमेंट ने बताया कि बुधवार को लॉस एंजेलिस में निर्माणाधीन एक औद्योगिक सुरंग का एक हिस्सा ढह गया था जिसमें कुछ श्रमिक फंस गए थे। घटना के बाद चलाए गए राहत-बचावकार्य में 31 श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। यह हादसा सुरंग के एकमात्र प्रवेश द्वार से 8 से 9.7 किलोमीटर अंदर हुआ। स्थानीय टेलीविजन की हवाई फुटेज में श्रमिकों को सुरंग के प्रवेश द्वार से निकालते हुए देखा गया है।

## हमास ने दस बंधकों को रिहा करने पर जताई सहमति

**काहिरा।** हमास ने बुधवार को कहा कि उसने गाजा में संघर्ष विराम तक पहुंचने के लिए चल रहे प्रयासों के तहत 10 बंधकों को रिहा करने पर सहमति जताई है। समूह ने कहा कि संघर्ष विराम के लिए चल रही वार्ताएं इजरायल के अड़यल रुख के कारण कठिन हैं। फिलिस्तीनी समूह ने कहा कि चल रही संघर्ष विराम वार्ताओं में कई अड़चनें हैं, जिनमें सहायता का प्रवाह, गाजा पट्टी से इजरायली बलों की वापसी, और स्थायी संघर्ष विराम के लिए वास्तविक गारंटी शामिल हैं। तेल अवीव से एएनआइ की खबर के अनुसार इजरायली सेना ने गाजा

### कहा संघर्षविराम वार्ताओं में कई अड़चनें

पट्टी में अपनी गतिविधियों को जारी रखते हुए, पिछले 24 घंटों में 100 से अधिक आतंकी लक्ष्यों पर हवाई हमले किए। इजराइल रक्षा बलों ने बुधवार को बताया कि उत्तर गाजा के शजाया और जैतून क्षेत्रों में, सैनिकों ने एक नागरिक भवन के अंदर छिपाए गए विस्फोटकों और बारूदी सुरंगों का एक भंडार खोजा और नष्ट किया। सेंट्रल गाजा के दाराज तुफ्फा क्षेत्र में, इजराइली सैनिकों ने हमास के हथियारों के डिपो पर हमला किया। दक्षिण में सैनिकों ने एक आतंकी सेल को समाप्त किया जबकि रफा के जिनीना में कई सुरंगों के शाफ्ट और अन्य बुनियादी ढांचे को खोजा और नष्ट किया।

## नासा से 2000 हजार लोगों की होगी छुट्टी!

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा इन दिनों एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है। खबर है कि नासा अपने करीब 2145 कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाने की तैयारी कर रही है।

### ट्रंप ने बजट में की बड़ी कटौती

### कर्मचारियों को ऑफर किया रिटायरमेंट प्लान

अमेरिकी मीडिया आउटलेट पॉलिटिको ने इस बारे में जानकारी दी है। बताया गया है कि कर्मचारियों की छंटनी बजट में कटौती और एजेंसी के काम को ज्यादा प्राथमिकता देने की योजना का हिस्सा है।

नासा के इस फैसले से वैज्ञानिक ढांचे पर बड़ा असर पड़ने की उम्मीद जताई जा रही है। पॉलिटिको की रिपोर्ट के मुताबिक, जो कर्मचारी निकाले जा रहे हैं वे ज्यादातर जीएस-13 से जीएस-15 ग्रेड के हैं, जो अमेरिका की सरकारी सेवा में वरिष्ठ पद माने जाते हैं। नासा की प्रवक्ता बेथनी स्टीवंस ने रॉयटर्स को बताया, हम अपने मिशन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, लेकिन अब हमें सीमित बजट में प्राथमिकताएं तय करनी होंगी। बता दें, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में इस और अमेरिका की अंतरिक्ष नीति में कई बदलाव हुए हैं। नासा के 18 हजार कर्मचारियों की टीम पर भी इसका असर पड़ा है। ट्रंप ने नासा के नए एडमिनिस्ट्रेटर के तौर पर बिलियनर और स्पेसएक्स के समर्थक जारेड आइजैकमैन को नामित किया था। लेकिन ट्रंप और एलन मस्क के बीच आई दूरियों के बाद व्हाइट हाउस ने आइजैकमैन का नाम हटा दिया, जिससे यह नियुक्ति टल गई।

## रूसी फौज ने कीव पर दागे 400 ड्रोन और 18 मिसाइलें



**कीव।** इटली की राजधानी रोम में जब विश्व के नेता यूक्रेन के युद्ध के बाद पुनर्निर्माण को लेकर चर्चा करने इकट्ठा हो रहे हैं, उसी वक्त रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव समेत कई इलाकों पर

### ट्रंप ने फिर की पुतिन की आलोचना

भीषण हवाई हमला कर दिया। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बताया कि लगभग 400 ड्रोन और 18 मिसाइलें दागीं गईं, जिनमें बैलिस्टिक मिसाइलें भी शामिल थीं। हमले में दो लोगों की मौत हो गई और 16 घायल हुए।

ज़ेलेंस्की ने इस हमले को रूस की ओर से आतंकवाद की स्पष्ट बढ़ोतरी बताया। यह हमला करीब 10 घंटे तक चला और लगातार दूसरी रात रूस की ओर से हमला किया गया। यह हमला दर्शाता है कि रूस फिलहाल युद्धविराम की बात करने के मूड में नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की आलोचना करते हुए कहा कि वह बहुत ज्यादा लोगों की जान ले रहा है और इसी कारण अमेरिका यूक्रेन को फिर से हथियार भेजेगा। ट्रंप ने यह बयान ऐसे समय दिया है जब वह लगातार युद्ध रोकने की कोशिश कर रहे हैं। 20 जनवरी को राष्ट्रपति बनने के बाद से वो करीब 6 नाकाम कोशिशें कर चुके हैं। रोम में चल रहे चौथे यूक्रेन पुनर्निर्माण सम्मेलन में अब चर्चा का केंद्र 'पुनर्निर्माण कैसे हो' नहीं, बल्कि 'यूक्रेन को जिंदा कैसे रखा जाए' रहा। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने सम्मेलन की मेजबानी की, मेलोनी को ट्रंप की करीबी माना जाता है। उनके साथ फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, और अमेरिकी विशेष दूत कीथ केलीग भी हिस्सा ले रहे हैं। यूरोपीय संघ अब यूक्रेन के लिए 100 अरब यूरो (लगभग रु. 9 लाख करोड़) का विशेष सहायता फंड बनाने पर विचार कर रहा है, जिसे 2028 से लागू किया जा सकता है।

## गाजा में संघर्ष नहीं इजरायल का क्रूर नरसंहार : फिलिस्तीन

**नई दिल्ली।** गाजा के हालात को लेकर फिलिस्तीनी राजदूत ने इजरायल की निंदा की है। भारत में फिलिस्तीनी राजदूत अब्दुल्ला अबू शावेश ने कहा कि गाजा के साथ संघर्ष इजरायल का क्रूर आक्रमण है। यह नरसंहार जल्द खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि 642 दिनों से चल रहे इस संघर्ष में 10 हजार लोग अपनी जान गवां चुके हैं। इजरायल-गाजा संघर्ष को लेकर फिलिस्तीनी राजदूत अब्दुल्ला अबू शावेश ने कहा कि मुझे हर समय किसी की छोटी-मोटी शब्दावली को सुधारने के अलावा कोई और विकल्प नहीं मिलता, जो बहुत जरूरी है। गाजा में संघर्ष नहीं हो रहा है। यह एक इस्राइली क्रूर नरसंहार है और यह 642 दिनों से जारी है। इस नरसंहार की कीमत हमें 1,00,000 निर्दोष नागरिकों, उनमें से अधिकांश महिलाओं और बच्चों को चुकानी पड़ रही है।

## अलर्ट : पृथ्वी की बढ़ेगी रफ्तार, दिन होंगे छोटे



**नई दिल्ली।** वैज्ञानिकों ने पृथ्वी को लेकर बड़ी भविष्यवाणी की है। उनकी चेतावनी है कि आने वाले समय में दिन सामान्य 24 घंटे से कुछ छोटे हो सकते हैं। रिपोर्ट के

### वैज्ञानिकों की बड़ी भविष्यवाणी

अनुसार, 22 जुलाई और 5 अगस्त को चंद्रमा की स्थिति धरती की घूर्णन गति को प्रभावित करेगा। इससे हर दिन 1.3 से 1.51 मिलीसेकंड तक छोटा हो जाएगा।

सामान्य तौर पर, पृथ्वी का एक दिन लगभग 86,400 सेकंड (24 घंटे) का होता है। लेकिन धरती की घूर्णन गति स्थिर नहीं होती। यह कई कारकों से प्रभावित होती है, जिसमें प्रमुख रुप से चंद्रमा और सूर्य का गुरुत्वाकर्षण बल, पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र और धरती के भीतर और सतह पर द्रव्यमान में बदलाव शामिल हैं। इन सभी का पृथ्वी के घूर्णन पर सूक्ष्म लेकिन प्रभावी असर पड़ता है। लाइव साइंस की रिपोर्ट के अनुसार, जब चंद्रमा पृथ्वी के भूमध्य रेखा के पास होता है, तो उसका गुरुत्वाकर्षण बल धरती की घूर्णन गति को तेज़ कर सकता है। यह कुछ वैसा ही है जैसे कोई फिजिकल टॉप (लट्टू) जब अपने अक्ष पर झुकता है तो तेजी से घूमता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि लगभग 1 से 2 अरब साल पहले, एक दिन सिर्फ 19 घंटे का हुआ करता था। उस समय चंद्रमा पृथ्वी के ज्यादा करीब था और उसका गुरुत्वाकर्षण प्रभाव अधिक था। समय के साथ जैसे-जैसे चंद्रमा दूर गया, दिन लंबे होते गए। 5 जुलाई 2024 को वैज्ञानिकों ने अब तक का सबसे छोटा दिन रिकॉर्ड किया, जो 1.66 मिलीसेकंड छोटा था। 2020 में भी पृथ्वी ने 1970 के दशक के बाद सबसे तेज़ घूर्णन दर्ज किया। यूनिवर्सिटी ऑफ लिवरपूल के भू-भौतिकी वैज्ञानिक रिचर्ड होल्मे का कहना है, जब पेड़ों में पत्तियां आती हैं, तो धरती की सतह पर द्रव्यमान ऊपर की ओर बढ़ता है, जो पृथ्वी की घूर्णन धुरी से दूर होता है। इसका असर उसकी स्पिन स्पीड पर पड़ता है।

## रूस पर मानवाधिकार उल्लंघन का आरोप



**हेग।** रूस पर एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर गंभीर आरोप सिद्ध हुए हैं। यूरोप की शीर्ष मानवाधिकार अदालत ने दो ऐतिहासिक फैसले सुनाते हुए कहा

### यूक्रेन युद्ध पर यूरोपीय अदालत का फैसला

है कि रूस ने यूक्रेन में मानवाधिकारों का उल्लंघन किया है और साल 2014 में मलेशियन फ्लाइट एमएच-17 विमान को गिराने के लिए भी वही जिम्मेदार है। यह पहली बार है जब किसी अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने रूस को इन घटनाओं के लिए औपचारिक रूप से दोषी ठहराया है। ईसीएचआर ने कहा कि रूस ने यूक्रेन में 2022 के पूर्ण पैमाने के आक्रमण के दौरान अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन किया है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि पूर्वी यूक्रेन के जिन क्षेत्रों में मानवाधिकार हनन के मामले सामने आए हैं, वे क्षेत्र रूस के नियंत्रण में थे। रूस ने वहां के अलगाववादी समूहों को हथियार, राजनीतिक और आर्थिक मदद दी थी। कोर्ट का यह फैसला प्रतीकात्मक है, क्योंकि रूस को 2022 में काउंसिल ऑफ यूरोप से निष्कासित कर दिया गया था, लेकिन कोर्ट उन मामलों पर अब भी सुनवाई कर सकता है जो उस निष्कासन से पहले दर्ज किए गए थे। कोर्ट ने यह भी कहा कि मलएशियन एयरलाइंस की फ्लाइट एमएच-17 को रूस समर्थित विद्रोहियों द्वारा रूस में बने बीयूके मिसाइल से मार गिराया गया था। यह विमान 17 जुलाई 2014 को नीदरलैंड्स की राजधानी एम्स्टर्डम से मलएशिया के कुआलालंपुर जा रहा था और पूर्वी यूक्रेन के आकामें गिरा दिया गया। हादसे में सभी 298 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 196 डच नागरिक शामिल थे। एमएच-17 के पीड़ितों के परिजनों ने इसे न्याय की दिशा में बड़ा कदम बताया है।

## एक नज़र

### यूक्रेन को लेकर अमेरिकी नीति में असमंजस

**वॉशिंगटन।** यूक्रेन नीति को लेकर ट्रंप प्रशासन में असमंजस और समन्वय की कमी नजर आ रही है। दरअसल बीते दिनों खबर आई थी कि अमेरिका ने यूक्रेन को कई हथियारों की आपूर्ति रोक दी है। अब खबर आई है कि ट्रंप प्रशासन ने यूक्रेन को हथियारों की सप्लाई फिर से शुरू कर दी है। जो हथियार भेजे जा रहे हैं, उनमें 155 एमएम के गोला बारूद और गाइडेड रॉकेट शामिल हैं। हालांकि ये जानकारी नहीं दी गई है कि हथियारों की आपूर्ति कब शुरू हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने बीते हफ्ते यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति रोकने का निर्देश दिया था। दरअसल पेंटागन द्वारा हथियारों के स्टॉक की समीक्षा के लिए आपूर्ति रोकी गई थी। हालांकि इस फैसले पर व्हाइट हाउस ने हैरानी जताई है। व्हाइट हाउस के अधिकारी ने बताया कि यूक्रेन को भेजे जाने वाले हथियारों पर कभी भी रोक नहीं लगाई गई थी। हालांकि सुरक्षा रणनीति के तहत अमेरिकी सेना के हथियारों के स्टॉक की समीक्षा की गई थी। बीते हफ्ते पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने मीडिया से बात करते हुए कहा था कि यूक्रेन को किन हथियारों की आपूर्ति रोकी गई, उसकी वे जानकारी नहीं दे सकते और अमेरिकी राष्ट्रपति और रक्षा मंत्री ही इस बारे में फैसला लेंगे। इससे साफ है कि यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति के मुद्दे पर समन्वय की कमी है, जिससे असमंजस की स्थिति बनी।

### यूरोप : हीटवेव से 10 दिनों में 2300 लोगों की मौत

**ब्रसेल्स।** यूरोप में भीषण गर्मी से 2,300 लोगों की मौत हो गई है। यह जानकारी बुधवार को प्रकाशित एक विज्ञानिक विश्लेषण में सामने आई है। अध्ययन में दो जुलाई तक चलने वाले उन 10 दिनों को लक्षित किया गया, जिनमें पश्चिमी यूरोप के बड़े हिस्से अत्यधिक गर्मी से प्रभावित रहे। स्पेन में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया और फ्रांस में जंगलों में आग लग गई। अध्ययन में बार्सिलोना, मैड्रिड, लंदन और मिलान सहित 12 शहरों को शामिल किया गया, जहां हीटवेव का तापमान चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया है। इंपीरियल कॉलेज लंदन और लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन के विज्ञानियों द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार, इस अवधि के दौरान अनुमानित 2,300 लोगों की मृत्यु में से 1,500 मौतें जलवायु परिवर्तन से जुड़ी थीं, जिसने गर्मी की लहर को और गंभीर बना दिया। इंपीरियल कॉलेज लंदन के एक शोधकर्ता डॉ. बेन क्लार्क ने कहा कि जलवायु परिवर्तन ने इसे पहले की तुलना में काफी अधिक गर्म बना दिया है, जिससे यह और खतरनाक हो गया है।

### शेख हसीना पर भारत को सलाह दे रहा बांग्लादेश

**ढाका।** मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने बुधवार को भारत से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण अनुरोध से निपटने में विवेक और नैतिकता का ध्यान रखने का आग्रह किया। हसीना बांग्लादेश में मानवता के खिलाफ अपराधों के आरोपों का सामना कर रही हैं। बांग्लादेश ने पिछले साल दिसंबर में भारत को एक पत्र भेजकर हसीना के प्रत्यर्पण का अनुरोध किया था। भारत ने औपचारिक राजनयिक पत्र मिलने की पुष्टि की थी, लेकिन इस पर कोई और टिप्पणी नहीं की थी। यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा, हम भारत से विवेक और नैतिकता को ध्यान में रखते हुए कार्य करने का आग्रह करते हैं। उन्होंने कहा, लंबे समय से, भारत शेख हसीना के प्रत्यर्पण के लिए बांग्लादेश के वैध अनुरोध को मानने से इनकार करता रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने कहा, भारत अब ऐसे किसी शख्स की सुरक्षा नहीं कर सकता, जिसपर मानवता के खिलाफ अपराध के विश्वसनीय आरोप हैं। ना क्षेत्रीय मित्रता, ना कूटनीतिक हिसाब, ना राजनीतिक विरासत जानबूझकर की गई नागरिकों की हत्या को ना माफ कर सकती है और ना ही छिपा सकती है।

### चार माह बाद हिरासत में जाएंगे पूर्व राष्ट्रपति यून

**सियोल।** मार्शल लॉ का आदेश देने वाले दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक येओल को गिरफ्तार किए जाने का रास्ता साफ हो गया है। एक अदालत ने बृहस्पतिवार तड़के पूर्व राष्ट्रपति को गिरफ्तार करने की अनुमति दे दी है। अदालत ने विशेष अभियोजक की उस दलील को स्वीकार कर लिया कि येओल के कारण सबूतों को नष्ट किए जाने का खतरा है। इसी साल अप्रैल में देश के सांविधानिक न्यायालय ने महाभियोग को बरकरार रखने का फैसला सुनाया था। इसके बाद येओल को पद से हटा दिया गया। अब चार महीने बाद उन्हें सियोल के पास एक हिरासत केंद्र में रखा जाएगा। सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने जनवरी में उनकी गिरफ्तारी को रद्द कर दिया था। मार्च में हुई रिहाई के समय अदालत ने उन्हें हिरासत में लिए बिना विद्रोह का मुकदमा चलाने की अनुमति दी थी।

### पानी भरे गड्ढे में डूबने से चार भाई-बहनों की मौत

**जैसलमेर।** राजस्थान के जैसलमेर जिले में एक दुखद घटना में दो भाइयों और दो बहनों की पानी से भरे एक गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि यह घटना पोकरण उपखंड के नई मंगोलाई गांव में हुई। पुलिस का कहना है कि बच्चे खेलते समय बारिश के पानी से भरे एक गड्ढे में गिर गए। यह गड्ढा पहले मिट्टी निकालने के लिए खोदा गया था। मृतकों की पहचान अहमद (12), रिजवान (10), मोहम्मद (3) और शहनाज (8) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार खेलने के बाद जब बच्चे देर तक घर नहीं लौटे, तो परिवार के सदस्यों और ग्रामीणों ने उनकी तलाश शुरू की और पाया कि वे गड्ढे में गिर गए थे। पुलिस ने बताया कि ग्रामीणों ने तुरंत उन्हें बाहर निकाला और पोकरण के सरकारी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### विरोध प्रदर्शन मामले में टीएमसी के 10 नेता बरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने अप्रैल 2024 में चुनाव आयोग के बाहर विरोध प्रदर्शन के मामले में टीएमसी सांसद डेरेक ओ'ब्रायन समेत सभी 10 लोगों को बरी कर दिया है। इस मामले में उनके खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया था। अदालत ने 8 अप्रैल, 2024 को भारत के चुनाव आयोग के बाहर विरोध प्रदर्शन से संबंधित मामले में नेताओं डेरेक ओ ब्रायन, मोहम्मद नदीमुल हक, डोला सेन, साकेत गोखले, सागरिका घोष, विवेक गुप्ता, अर्पिता घोष, डॉ. शांतनु सेन, अबीर रंजन बिस्वास, सुदीप राहा को समन जारी किया था। इससे पहले मई में राउज एवेन्यू कोर्ट ने डेरेक ओ ब्रायन, सागरिका घोष और साकेत गोखले सहित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कई नेताओं को इस साल की शुरुआत में भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) के बाहर उनके विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में जमानत दे दी थी। समन किए गए दस नेताओं में से नौ व्यक्तिगत रूप से पेश हुए, जबकि विवेक गुप्ता वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए कार्यवाही में शामिल हुए थे।

## जिंदगी तराशने और संवारने वाले गुरु को नमन!



गुरु पूर्णिमा एक ऐसा दिन है जब हम ठहरकर अपनी जिंदगी के मार्गदर्शकों के प्रति आभार जताते हैं - वो लोग जिन्होंने हमें न सिर्फ सिखाया, बल्कि हमें वो इंसान बनाया जो हम आज हैं। इस खास मौके पर, ज़ी टीवी के कलाकार अपने दिल की बातें साझा कर रहे हैं - उन गुरुओं के लिए जो उनकी निजी और प्रोफेशनल ज़िंदगी में हमेशा रोशनी बनकर साथ रहे। 'जाने अनजाने हम मिले' में रीत का किरदार निभा रहीं आयुषी खुराना कहती हैं, ''मेरी मां वही मेरी पहली टीचर थीं, मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा। उन्होंने मुझे हर वो मूल्य सिखाया, जो आज मेरी नींव हैं। वो मेरी रोशनी हैं, मेरी गाइडिंग फोर्स हैं और वो हमेशा रहेंगी।'' 'वसुधा' में वसुधा का किरदार निभा रहीं प्रिया ठाकुर कहती हैं, ''इस गुरु पूर्णिमा पर मैं पूरे दिल से शुक्रगुज़ार हूं उस इंसान की, जिन्होंने मुझे मेरी सोच से कहीं ज्यादा आगे बढ़ाया, और वो इंसान हैं हमारे निर्देशक अरविंद बब्बल जी।'' 'सरू' में सरू की भूमिका निभा रहीं मोहक मटकर कहती हैं, ''आज भी जब मैं नाचती हूं - चाहे कैमरे के सामने हो या रिहर्सल रूम में - मैं अपने हर स्टेप में अपनी गुरु टीचर की छाया महसूस करती हूं।'' 'जागृति - एक नई सुबह' में कालीकांत ठाकुर की भूमिका निभा रहे आर्य बब्बर कहते हैं, ''मेरे लिए गुरु पूर्णिमा महज़ एक परंपरा नहीं, बल्कि एक एहसास है - एक ठहराव जिसमें मैं उन लोगों को याद करता हूं जिन्होंने मुझे संभाला। मेरे पहले गुरु मेरे पिता हैं।'' 'कुमकुम भाग्य' में पायल का किरदार निभा रहीं आर्ची सचदेवा कहती हैं, ''इस गुरु पूर्णिमा पर मैं अपनी मां को नमन करना चाहती हूं जो मेरी पहली और हमेशा की गुरु हैं। बचपन में वो सिर्फ एक मां नहीं थीं, वो मेरी सबसे बड़ी ताकत थीं। वो सच्चे मायनों में मेरी गुरु हैं।''

## शगुन पांडे और मोहक मटकर ने खेला खो-खो



लेटेस्ट फिक्शन ड्रामा 'सरू' के आने वाले एपिसोड में दर्शकों को जहां एक तरोताज़ा मोड़ देखने को मिलेगा, वहीं वेद (शगुन पांडे) और सरू (मोहक मटकर) एक खास खो-खो सीक्वेंस में नजर आएंगे, जो कहानी में जोश भरने के साथ-साथ कलाकारों और टीम के लिए बचपन की यादें भी ताज़ा कर देगा। सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान शगुन और मोहक इतने रम गए कि शूट खत्म होने के बाद भी खेलते ही रहे। जो एक कोरियोग्राफ किए गए सीक्वेंस के रूप में शुरू हुआ था, वो कुछ ही देर में सेट पर एक असली मैच में बदल गया। कलाकारों और क्रू के कई सदस्य भी इस मस्ती में शामिल हो गए - पूरा सेट कुछ पलों के लिए स्कूल का मैदान बन गया, जहां सब हंस रहे थे, दौड़ रहे थे और ज़ोर-ज़ोर से एक-दूसरे को चीयर कर रहे थे। वो कुछ पल सभी के लिए मानो वक्त में पीछे लौटने जैसे थे, जहां हर किसी को अपना बचपन याद आ गया। शगुन पांडे कहते हैं, ''वाकई ऐसा लगा जैसे हम स्कूल के दिनों में वापस पहुंच गए। खो-खो मेरे बचपन का बहुत बड़ा हिस्सा रहा है, और जब मैंने मोहक और पूरी टीम के साथ इसे फिर से खेला तो बहुत मज़ा आया। हम बच्चे बनकर पूरे सेट पर दौड़ रहे थे, बाकी सब भूल ही गए। सेट पर उसी जोश को दोबारा जीना, और वो भी सबके साथ, वाकई खास अनुभव था। हम लंबे समय तक काम करते हैं, और कई बार मस्ती करना ही भूल जाते हैं और ऐसे में इस तरह के पल राहत भी देते हैं और पूरी टीम को आपस में और करीब भी लाते हैं। मुझे लगता है ये असली खुशी स्क्रीन पर भी जरूर नजर आएगी।'' मालूम हो कि 'सरू', रोज शाम साढ़े सात बजे ज़ी टीवी पर प्रसारित है।

## बाजार दर्पण

